हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**इतने रजिस्ट्रेशन?**

**केदारनाथ धाम** 7 लाख 83 हजार 107

**बद्रीनाथ धाम** 6 लाख 83 हजार 424

**गंगोत्री धाम** 4 लाख 6 हजार 263

**यमुनोत्री धाम** 3 लाख 56 हजार 134

**हेमकुंड साहिब** 4 लाख 8 हजार 41 लोग

ढोल-दमाऊं की थाप...गर्म जल कुंडों में स्नान



# जय बाबा केदार

## अक्षय तृतीया पर खुले बाबा केदार के कपाट, चारधाम यात्रा की शुरुआत

### इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पत्नी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए मौजूद रहे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हर-हर महादेव के साथ उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के लिए खुल गए हैं। प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हिमालय में बिराजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए।

मंदिर के कपाट खुलने के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी पत्नी बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए मौजूद रहे। चारधाम के लिए अब तक 2276969 यात्री ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं।

प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हिमालय में बिराजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए



### *ढोल-दमाऊ की थाप और होम गार्ड के बैंड की धुन के साथ सुबह सवा छह बजे मां यमुना की डोली धाम पहुंची*

*शीतकालीन पड़ाव खरसाली से ढोल-दमाऊ की थाप और होम गार्ड के बैंड धुन के साथ सुबह सवा छह बजे मां यमुना की डोली धाम के लिए रवाना हुई। धाम पहुंचते ही मां यमुना की विशेष पूजा अर्चना के बाद विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में 10:29 बजे धाम के कपाट खोले गए। जानकीचट्टी से पांच किमी का पैदल मार्ग तय कर डोली यात्रा करीब 10 बजे यमुनोत्री धाम पहुंची। शुक्रवार तड़के ही यमुनोत्री धाम के कपाट उद्घाटन के लिए यमुना के पड़ाव खरसाली खुशीमठ स्थित यमुना मंदिर में पूजा अभिषेक शुरू हो गया था।*

**आस्था व भक्ति को नई स्फूर्ति मिलेगी**

देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र चार धाम यात्रा के शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि



बाबा केदारनाथ धाम समेत चारों धामों की यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा है, जिससे उनकी आस्था और भक्ति को नई स्फूर्ति मिलती है। इस यात्रा पर निकले सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। जय बाबा भोलेनाथ!

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय

**नई दिल्ली।** दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पांच महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, पीछा करने, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने सह-अभियुक्त विनोद तोमर के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के लिए भी आरोप तय किए हैं। विनोद तोमर डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव हैं। कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने आदेश पारित किया है।



### भोपाल लौट रहे आरक्षक की सड़क हादसे में मौत

**भोपाल।** विदिशा से ड्यूटी कर भोपाल लौट रहे आरक्षक की कार को सांची के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आरक्षक की मौत हो गई। जबकि कार में सफर कर रहे उसके दो साथी घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल विदिशा में भर्ती कराया गया है। भोपाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर डायरी सांची पुलिस को भेज दी है। विदिशा जीआरपी में पदस्थ आरक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सोनू शर्मा भोपाल के खजानकी बाग में रहते हैं। वह जीआरपी विदिशा में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। गुरुवार रात करीब 10.30 बजे ड्यूटी पूरी कर वह अपने साथी उदयवीर और लक्ष्मण के साथ कार से भोपाल लौट रहा था।



**कोर्ट ने पांच मिनट से कम की सुनवाई के दौरान केजरीवाल को अंतरिम राहत दे दी**

◆ **बड़ी राहत :** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है, उन्हें 2 जून को सरेंडर करना होगा

# 40 दिन तिहाड़ में बिताने के बाद अब 21 दिन 'खुली हवा' में सांस लेंगे केजरीवाल

*सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी के उस अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें केजरीवाल को 4 जून को परिणाम घोषित होने तक अंतरिम जमानत देने की मांग की गई थी। आदेश में केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोका नहीं गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी है। केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें 2 जून को हर हाल में सरेंडर करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पांच मिनट से कम की सुनवाई के दौरान केजरीवाल को अंतरिम राहत दे दी। दिल्ली के सीएम कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में 40 दिन से तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध करते हुए गुरुवार को एक नया हलफनामा दायर किया था। ईडी ने कहा कि चुनाव प्रचार जमानत का आधार नहीं हो सकता। यह न तो फंडामेंटल राइट है और न ही लीगल राइट। केजरीवाल को जमानत मिलने पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कर अपने चाहने वालों को शुक्रिया जताया है। सुनीता ने अपने एक्स अकाउंट पर हनुमान जी को प्रणाम करते हुए कहा कि ये लोकतंत्र की जीत है। लाखों - करोड़ों लोगों की दुवाओं और आशीर्वाद का फल है। भाजपा ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए मिली है, फिर वहीं जाना है।

पत्नी सुनीता केजरीवाल बोलीं- हनुमानजी की जय..! ये लोकतंत्र की जीत

भाजपा ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिली है, फिर वहीं जाना है



**सीएम केजरीवाल को इन 5 शर्तों का करना होगा पालन**

- 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत
- मुख्यमंत्री दफ्तर नहीं जाएंगे और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे
- बिना उपराज्यपाल की अनुमति के किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे
- शराब नीति घोटाले में अपने भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी करेंगे
- किसी गवाह से संपर्क नहीं करेंगे

### ईडी का हलफनामा कानूनी प्रक्रियाओं की घोर अवहेलना

केजरीवाल की कानूनी टीम द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में ईडी के हलफनामे को कानूनी प्रक्रियाओं की घोर अवहेलना बताते हुए कहा गया है कि हलफनामा उच्चतम न्यायालय की अनुमति के बिना दाखिल किया गया। टीम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि इस संबंध में एक औपचारिक शिकायत उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री में दर्ज कराई गई है।

**224 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की ईडी ने**

केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है। मगर ईडी ने एक बार फिर से एक बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने रॉउज एवन्यू कोर्ट में 224 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है।

**आप नेता सौरभ का सवाल**

### *रे की सजा पर रोक लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया?*

*वहीं, आम आदमी पार्टी ईडी पर केजरीवाल की अंतरिम जमानत की याचिका का विरोध करने के लिए 'विरोधाभासी बातें' कहने का आरोप लगाया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में कोयला घोटाला मामले में दिलीप रे की तीन साल की सजा पर रोक लगाते हुए कहा कि अगर वह चुनाव नहीं लड़ पाए तो इससे नुकसान होगा। अब दिलीप रे भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। आप नेता ने कहा कि केजरीवाल को न तो दोषी ठहराया गया है और न ही उनका मुकदमा शुरू हुआ है। लेकिन ईडी कह रही है कि एक नेता के लिए अलग मानक नहीं होने चाहिए। उन्होंने यह भी पूछा कि रे की सजा पर रोक लगने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाया गया?*

**बैतूल लोकसभा सीट : इन मतदान केंद्रों की ईवीएम व वीवीपैट जल गई थी**

## 4 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान में करीब 73 फीसदी वोट पड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैतूल लोकसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर हुए पुनर्मतदान में करीब 73 फीसदी वोट पड़े। इसमें भी सबसे अधिक मतदान मुलताई विधानसभा के डूडर रैयत में 76.62 फीसदी हुआ। इन चारों रजापुर रैयत, डूडर रैयत, कुंदा रैयत और चिखलीमाल के मतदान केंद्र पर सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक में बंपर वोट पड़े। पिछली 7 मई को मतदान कराकर वापस आ रहे बस में आग लग जाने की वजह से उक्त चारों मतदान केंद्रों की ईवीएम व वीवीपैट जलकर खाक हो गई थी।

- मुलताई विधानसभा के डूडर रैयत में 76.62 फीसदी मतदान

### *मतगणना एक साथ 4 जून को होगी*

*-मप्र में तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान कराया गया था। इसी चरण में बैतूल लोकसभा क्षेत्र का भी चुनाव हुआ। किंतु चार मतदान केंद्रों में पुनर्मतदान हुआ। इसमें रजापुर रैयत में कुल 68.53 फीसदी वोट पड़े। यहां पुरूष व महिला दोनों मिलाकर 712 वोट पड़े थे। इसी तरह डूडर रैयत में 462 वोट यानी 76.62 फीसदी वोट पड़े। जबकि कुंदा रैयत में कुल 540 वोट 74.28 फीसदी वोट पड़े। चारों मतदान केंद्रों पर 2216 वोट यानी 72.97 फीसदी वोट पड़े। सभी मतदान केंद्रों की मतगणना एक साथ 4 जून को होगी।*

**लेकिन, कानून से नहीं बच सके**

## 'बम' और उनके पिता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**17** साल पुराना जमीन विवाद का मामला

8 जुलाई तक दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन वापस लेने और फिर भाजपा में शामिल होने वाले अक्षय कांति बम पर कानून का बम फूटा है। कोर्ट ने अक्षय कांति बम और उनके पिता के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। 17 साल पुराने जमीन विवाद मामले में कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इस मामले में अक्षय कांति बम और उनके पिता कांति बम को कोर्ट में पेश होना था लेकिन दोनों ही पेश नहीं हो सके, जिसकी वजह से कोर्ट ने 8 जुलाई तक दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं।



### दोनों ने मांगी थी हाजिरी से राहत

2007 में यह जमीन विवाद सामने आया था। खजराना के युनूस पटेल से अक्षय और कांति बम का जमीन विवाद हुआ था। उस दौरान काफी बलवा, पथराव हुआ था। इसी केस में पिछली पेशी में दोनों पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 307 बढ़ा दी गई थी। अब इस मामले में दोनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश होना था लेकिन दोनों ही कोर्ट में पेश नहीं हुए। अक्षय बम और कांति बम के वकीलों ने कोर्ट में दोनों की तरफ से कोर्ट में हाजिरी से राहत मांगी थी। अक्षय बम ने सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त होने और उनके पिता ने बीमार होने व बेड रेस्ट को कारण बताकर हाजिरी से छूट मांगी थी लेकिन कोर्ट ने आरोपियों की इस मांग को खारिज कर दिया।

***शमी ने कहा- बात करने का तरीका होता है, ये शर्मनाक***

## सनराइजर्स से करारी हार के बाद राहुल को डांटते दिखे एलएसजी के 'मालिक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जाएंट्स के पिछले मुकाबले के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका को कप्तान केएल राहुल को सार्वजनिक रूप से डांटते हुए देखा गया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हर कोई एलएसजी के मालिक की निंदा कर रहा है। इस कड़ी में अब भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का बयान सामना आया है।

- इस मुद्दे पर संजीव गोयनका व राहुल की कोई प्रतिक्रिया नहीं



शमी का कहना है कि खिलाड़ी और मालिक दोनों रिस्पेक्टेड व्यक्ति हैं, उन्हें देखकर लोग सीखते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि कैमरे के सामने ऐसी चीजें होना शर्म की बात है। बता दें, इस मुद्दे पर न तो अभी तक केएल राहुल ने और न ही संजीव गोयनका ने सफाई दी है।

**जय शाह ने किया खुलासा**

## टीम इंडिया को जल्द मिल सकता है नया हेड कोच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम जून के महीने में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयार है। टूर्नामेंट के लिए भारतीय स्क्वॉड का भी ऐलान कर दिया गया है। इसी बीच एक अपडेट सामने आई है। जिसमें बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इस बात की जानकारी दी है कि टीम इंडिया को जून के बाद नया हेड कोच मिल सकता है। मुंबई में जय शाह ने खुलासा किया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही एक नए कोच के लिए विज्ञापन जारी करेगा। दरअसल इस वक्त राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के हेड कोच हैं, लेकिन उनका कार्यकाल जून तक का है। ऐसे में टीम इंडिया अभी से ही हेड कोच की तलाश में लगी हुई है, ताकि समय से इस पद के लिए किसी सही व्यक्ति को चुना जा सके।



बीसीसीआई सचिव ने कहा कि राहुल का कार्यकाल केवल जून तक है। इसलिए यदि वह आवेदन करना चाहते हैं, तो वह ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं। कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्यों, जैसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग कोच का चयन नए कोच के सलाह के बाद किया जाएगा। शाह ने विदेशी कोच की संभावना से इनकार नहीं किया और इस मुद्दे को लेकर कुछ जवाब नहीं दिया।

**महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले बोले**

## राम मंदिर का कराएंगे शुद्धिकरण कांग्रेस को 'सत्ता' में आने दीजिए

राम दरबार सही स्थान पर स्थापित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने अयोध्या में बने राम मंदिर का शुद्धिकरण कराने की बात कही है। मीडिया से बातचीत में शुक्रवार को उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने के बाद अयोध्या के राम मंदिर का शुद्धिकरण कराया जाएगा। शंकराचार्य ने इसकी प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया था। इसलिए चारों शंकराचार्य राम मंदिर का शुद्धिकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि राम दरबार सही स्थान पर स्थापित किया जाएगा। वहां



भगवान राम की मूर्ति नहीं, बल्कि रामलला के बाल स्वरूप को विराजमान करेंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण में प्रोटोकॉल के खिलाफ काम किया। उन्होंने कहा कि हम इसे सुधारेंगे और धर्म के तहत काम होगा।

### *बोले योगी इनको तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा*

*वहीं, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर के निर्माण के औचित्य पर सवाल उठाने वालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की फैक्ट्री रखने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी।*

**इनका ही इंतजार था....सैम पित्रोदा के बाद आखिर सामने आ ही गए मणिशंकर अय्यर**

पाक में कोई सिरफिरा आया तो हम पर बम का इस्तेमाल कर सकता

## बोले- पाकिस्तान को इज्जत दे भारत, उसके पास परमाणु बम, कांग्रेस का बयान से फिर 'किनारा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कह रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान को इज्जत देनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके पास भी परमाणु बम है। कोई सिरफिरा आया तो हम पर इसका इस्तेमाल कर सकता है। एक सोशल मीडिया चैनल को दिए इंटरव्यू में अय्यर ने कहा था- मुझे ये समझ नहीं आता कि नरेंद्र मोदी सरकार ये क्यों कहती है कि हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, क्योंकि वहां आतंकवाद है। ये समझना जरूरी है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी है।

**आतंकवाद को खत्म करने के लिए चर्चा बहुत जरूरी**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता भारत में रहते हैं, लेकिन उनका दिल पाकिस्तान में रहता है



**10 साल में बातचीत का कोई प्रयास नहीं**

अय्यर ने कहा- आप बंदूक लेकर घूम रहे हो। उससे क्या हल मिला कुछ नहीं। तनाव बढ़ता जाता है। कोई भी पागल वहां आ जाए तो क्या होगा देश का। उनके पास एटम बम है। हमारे पास भी है, लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में छोड़ा तो आठ सेकंड के अंदर उसकी रेडियो एक्टिविटी अमृतसर पहुंचेगी। आप उसको इस्तेमाल करने को रोको। लेकिन आपने उससे बात की, उसको इज्जत दी तभी जाकर वह अपने बम के बारे में नहीं सोचेंगे, लेकिन आपने उसको ठुकरा दिया तो फिर क्या होगा? भारत को विश्वगुरु बनने के लिए यह दिखाना जरूरी है कि हम पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दों को हल करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। पिछले दस सालों में मोदी सरकार की ओर से पाकिस्तान से बातचीत करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया है।

राउत की विवादित टिप्पणी पर पीएम मोदी का पलटवार

# नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे, ये नकली और नफरती लोग जिंदा तो क्या, मरने के बाद भी नहीं गाड़ पाएंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि तुष्टीकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे।

**देश की माता-बहनें हमारी रक्षा को खड़ी ये क्या करेंगे**

कांग्रेस के साथ ही पीएम ने इंडी के गठबंधन को आड़े हाथ लिया

ये चुनाव को जीतने को तुष्टीकरण की भाषा बोलने लगे




एजेंसी ▶▶ नंदुरबार

पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नंदुरबार में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संजय राउत के अपने ऊपर दिए गए आपत्तिजनक बयान का भी जिक्र किया। पीएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शिवसेना वालों को गरीब से कितनी नफरत है। ये नकली शिवसेना वाले मुझे जिंदा गाड़ने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी। ये नकली शिवसेना मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टीकरण का पूरा ध्यान रखते हैं। पीएम ने कहा कि तुष्टीकरण के लिए ये भाषा बोली जा रही है। इनको सपने दिख रहे हैं कि मोदी को जमीन में गाड़ देंगे। इनकी सियासी जमीन खिसक चुकी है। इनको पता नहीं है कि देश की माताएं-बहनें मोदी की रक्षा करेंगी। ये मातृ शक्ति मेरा रक्षा कवच है। मुझ पर मातृ शक्ति का इतना आशीर्वाद है कि ये लोग चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते।

- विपक्ष को गरीब और कुछ लोगों से नफरत होने लगी

### उन्होंने झूठ की फैक्ट्री खोल ली


पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वे विकास में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली है और झूठ फैलाकर वे वोट लेना चाहते हैं। हमने पक्का घर दिया मतलब चार दीवारें दी ऐसा नहीं है, हमने बिजली, पानी, गैस कनेक्शन भी दिया। एनडीए सरकार ने महाराष्ट्र के 20 हजार से ज्यादा अधिक गांवों में हर घर जल पहुंचाया है। इसमें नंदुरबार के कठिन इलाके भी शामिल है।

### राष्ट्रपति पर की रंगभेदी टिप्पणी

पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने एनडीए ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया लेकिन कांग्रेस वालों ने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात-दिन एक किया था। कांग्रेस के शहजादे के गुरू ने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। रंग के आधार पर भेद का आरोप लगाया है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है उन्हें कांग्रेस अफ्रीकन मानती है। उन्होंने लोगों से कहा यहां जो भगवान कृष्ण के रंग वाले हैं वो अफ्रीकन हैं क्या ?

खूंटी में गृहमंत्री शाह ने विपक्ष पर किया हमला

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाया



केंद्रीय गृह मंत्री ने झारखंड के खूंटी में जनसभा को में इंडिया अलायंस पर जमकर निशाना साधा है। शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला, वहीं कांग्रेस की पाकिस्तान परस्ती को लेकर जमकर प्रहार किया। शाह ने संबोधन की शुरुआत बिरसा मुंडा को याद करते हुए की। पीएम मोदी जी ने 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ये गौरव की बात है। घुसपैठियों की समस्या को सबसे बड़ा बताया।

**कांग्रेस ने आदिवासियों का 350 करोड़ कैश लूटा**

शाह ने कहा कि कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए कैश पकड़ा गया। ये पैसा आपका है, मेरे आदिवासी भाइयों का है, जो राहुल बाबा की पार्टी लूट कर ले गई है।मंत्री के यहां से 35 करोड़ रुपए और ज्वेलरी मिले। ये सारा रुपया झारखंड के आदिवासी भाइयों और पिछड़ा समाज के लोगों का है।

दुमका में रक्षा मंत्री राजनाथ की ललकार

## झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में लिप्त, नोटों के पहाड़ मिले



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झारखंड के दुमका में झारखंड के सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा। सिंह ने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर गले तक भ्रष्टाचार में डूबे होने और लोगों का शोषण करने का आरोप लगाया है। झामुमो के नेतृत्व वाला भ्रष्ट गठबंधन निर्दोष लोगों का खून चूस रहा है। वह उनके साथ विश्वासघात कर रहा है। भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति में विश्वास करती है।

**आरएसएस कभी जाति की बात नहीं करता, विपक्ष अल्पसंख्यकों को डरा रहा**

**लखनऊ।** भाजपा कभी हिंदू-मुसलमान बंटवारे की राजनीति नहीं करती। आजादी के बाद सीमाओं की रक्षा में किसी ने पहली शहादत दी तो वो मो. उस्मान थे। विपक्ष हमेशा अल्पसंख्यकों को भाजपा का डर दिखाता है। गोमतीनगर विस्तार में प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में राजनाथ ने यह बात कही।

नड्डा का पंचकूला में रोड शो



### ये बंतो का नहीं, मोदी का चुनाव है

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पंचकूला में रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। रोड शो के दौरान नड्डा पर जम कर फूल बरसाए गए। वहीं बंतो कटारिया पूरे रास्ते हाथ जोड़ कर चली और वोट की अपील की। रोड शो सेक्टर 7 से शुरू होकर सेक्टर 8 स्थित भाजपा कार्यालय तक पहुंचा। नड्डा भाजपा नेताओं की बैठक ली।

### राहुल के खिलाफ बयान पर राणा पर एफआईआर



**हैदराबाद।** राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी के मामले में अमरावती से लोकसभा सांसद और भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। राणा के खिलाफ चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करने की शिकायत मिली है। आयोग के एफएसटी कृष्ण मोहन ने राणा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।


### प्रियंका के 'बी टीम' कहने पर भड़के ओवैसी



**आपका भाई अमेठी हारा...**

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने प्रियंका गांधी पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने प्रियंका से पूछा कि आपका भाई अमेठी में चुनाव हारा, क्या वहां से मैं लड़ा? प्रियंका ने रायबरेली में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल के पक्ष में प्रचार करते हुए ओवैसी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि ओवैसी सीधे तौर पर भाजपा के साथ काम कर रहे हैं।

### सिर्फ परिवार की सीटें बचाने में जुटे राहुल-अखिलेश



**लखनऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल अमेठी से हार कर वायनाड पहुंचे और वायनाड से रायबरेली पहुंच गए हैं। वह वायनाड और रायबरेली दोनों क्षेत्रों से हारेंगे। सपा पति-पत्नी यानी अखिलेश और डिंपल को जिताने में लगी है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि सपा मैनपुरी और कन्नौज लोकसभा सीट भी हार रही है।

### निर्वाचन आयोग ने खरगे को लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई। आयोग ने बयानों को चुनाव संचालन के अहम पहलुओं पर आक्रामकता करार दिया। आयोग ने कहा,मतदान से जुड़ा डेटा जारी करने के संबंध में कांग्रेस के आरोप निराधार हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों कराने में भ्रम पैदा होता है। इससे चुनाव पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### अमृतपाल डिब्रूगढ़ जेल में ही भरेगा नामांकन



**चंडीगढ़।** नेशनल सिक्योरिटी एक्ट में डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल सिंह का नामांकन जेल के सुपरिंटेंडेंट जेल में ही करवाएंगे।पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को जानकारी दी कि सोमवार को सिंह के नामांकन का काम पूरा हो जाएगा। इस जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका का निपटारा कर दिया।

केजरीवाल को 1 जून तक मिली अंतरिम जमानत

# आप ने लोकतंत्र की जीत, दुआओं का फल तो भाजपा बोली-यह बेगुनाही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में चौथ चरण के मतदान से पहले अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई है। केजरीवाल 1 जून तक बाहर रह सकते हैं। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना होगा। वह लोकसभा चुनाव के बाकी चार चरण के लिए चुनाव प्रचार कर सकते हैं।

1 जून को मतदान का अंतिम दिन है और 4 जून को चुनाव के नतीजे आएंगे। केजरीवाल के छूटने पर अलग-अलग दल के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च 2024 के दिन गिरफ्तार किया था। ईडी के अधिकारी पहले उन्हें समन देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। केजरीवाल पर आरोप है कि कथित शराब घोटाले में चल रही जांच में उन्होंने सहयोग नहीं किया। इस वजह से उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।



इस बीच इंडी गठबंधन के नेताओं ने फैसले का स्वागत किया है। जबकि, अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना नेता संजय निरूपम ने कहा कि उन्हें पहले सीएम पद से हटाया जाना चाहिए। एक आरोपी कैसे सरकार चलाएगा


**कई दलों के नेताओं ने दी प्रतिक्रियाएं**

### पत्नी सुनीता फैसले से दिखीं खुश




सीएम केजरीवाल को जमानत मिलने पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लोकतंत्र की जीत करार दिया है। यह लाखों करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है।

### मंत्री राय ने आशा की किरण बताया




दिल्ली सरकार के मंत्री और गोपाल राय ने कहा कि पूरे देश में खुशी की लहर है। फैसले ने आशा की किरण दिखाई है। पूरा देश सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद अदा कर रहा है। केजरीवाल के रिहा होने से तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लोकतंत्र और संविधान बचाने की कोशिशों को बल मिलेगा।

### संजय बोले- देश अब कमाल देखेगा



आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल को चुनाव के बीच प्रचार करने के लिए जमानत देने का फैसला स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि अब पूरे देश में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा, जो अन्याय, अत्याचार और तानाशाही है देश के पीएम और भाजपा की उसका अंत होगा। अब देश केजरीवाल का कमाल देखेगा।



# अक्षय तृतीया पर श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में लगाई डुबकी

**हरिद्वार।** अक्षय तृतीय के मौके पर धर्मनगरी के हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। हरकी पैड़ी के अलावा आसपास गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। गंगा स्नान के साथ ही दान पुण्य किया। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते गंगा घाटों पर बम-बम भोले, हर-हर गंगे के जयकारे लगते रहे। हरकी पैड़ी की प्रबंधकारिणी संस्था श्रीगंगा सभा के अलावा पुलिस की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। अन्य दिनों की अपेक्षा हरकी पैड़ी खासी भीड़ नजर आई। देर शाम को गंगा आरती में भी काफी संख्या में लोग पहुंचे।

# अब लौटने लगे एयर इंडिया के चालक, स्थिति सामान्य होगी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य अब काम पर लौटने लगे हैं। केबिन क्रू की हड़ताल के कारण उड़ानों में काफी व्यवधान हुआ लेकिन अब हड़ताल वापस हो गई है। 3 दिन में 170 उड़ानों को रद्द कर दिया था।

परिचालन पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है। कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों का एक वर्ग हड़ताल पर था। एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी भी खत्म कर दी है। एयर इंडिया ने चालक दल के साथ चिंताओं को दूर करते हुए एक समझौता किया। इसके तहत चालक दल और प्रबंधन दोनों सामान्य एयरलाइन संचालन को बहाल करने के लिए सहमत हो गए।

### फिर 75 फ्लाइट्स कर दी कैंसिल

एयर इंडिया एक्सप्रेस की चालक दलों के स्टाफ के साथ लगातार चल रहे रार का असर शुक्रवार को भी देखने को मिला। एयरलाइन को शुक्रवार को 75 फ्लाइट्स को कैंसिल करनी पड़ी। एयरलाइन को 3 दिन में लगातार फ्लाइट कैंसिल करने से तगड़ा झटका लगा है। खबर के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस को 30 करोड़ रुपयए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। एयरलाइन के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट का परिचालन रविवार से सामान्य होने की उम्मीद है।


रुक जाना नहीं योजना

संपर्क कक्षा एवं विषय विशेष मार्गदर्शन

सभी रुक जाना नहीं 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी विषयों पर अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा के हेतु व्याख्यान

यह सुविधा निम्न प्लेटफार्मों पर उपलब्ध रहेगी

webex by CISCO https://mpsoseb.webex.com/meet/virtualmeetingefa

https://www.youtube.com/@mpsosrjn

लाभ उठाने के लिए MPSOSRJN चैनल को SUBSCRIBE करें
https://www.youtube.com/@mpsosrjn

नोट : परीक्षार्थी अपने सवालों को youtube के कमेंट सेक्शन में लिख सकते हैं।
उनके जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिये जायेंगे।
https://mpsoseb.webex.com/meet/virtualmeetingefa



Channel QR Code

"स्कूल में भी और स्कूल के बाद भी"
म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड

म.प्र. माध्यम/114606/2024

जबलपुर
शनिवार, 11 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 19, अंक : 11
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भगवान परशुराम की जयंती पर जन्मस्थली जानापाव पहुंचे सीएम डॉ. यादव ने पूजा-अर्चना की

# भगवान परशुराम की पावन धरा जानापाव को हम विश्व के पटल पर पूरे गौरव के साथ प्रस्तुत करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। इस मौके पर उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानापाव की धरती का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान परशुराम की इस पावन धरा को हम विश्व के पटल पर पूरे गौरव के साथ प्रस्तुत करेंगे। यहां परशुराम का जन्म हुआ, साथ ही इसी भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण का भी आगमन हुआ।



श्रेष्ठ गुरु, साधक और महान दानवीर थे भगवान परशुराम

## भगवान श्री कृष्ण को उनका सबसे बड़ा अस्त्र श्री सुदर्शन चक्र यहीं पर दिया था

### हां, एक चक्र है... जिसका नाम सुदर्शन है

सीएम ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण अपने गुरु सांदीपनि की आज्ञा से परशुराम जी के पास युद्ध के लिए अस्त्र लेने पहुंचे, तो उन्होंने कहा, 'तुम्हें आने में देरी हो गई कृष्ण'। अब मेरे पास कोई अस्त्र नहीं है, लेकिन हां एक चक्र है, जिसका नाम सुदर्शन है। मैं तुम्हें वो प्रदान करता हूं। इस प्रकार श्रीकृष्ण को उनका प्रमुख अस्त्र सुदर्शन चक्र प्राप्त हुआ था। यह हमारे लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे मप्र में ऐसे कई स्थान हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहरें हैं।


### जानापाव के इतिहास से कराएंगे रूबरू

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बारंबार अभिनंदन है कि वे देश में सांस्कृतिक अनुष्ठान का पर्व चला रहे हैं और हमारी संस्कृति व धरोहरों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जानापाव का यह इतिहास विश्व को जानना चाहिए। मप्र सरकार इस पर काम करेगी और यहां पर एक केंद्र बनाया जाएगा। भाजपा की सरकार ने यह निर्णय लिया है कि मप्र में जहां भी श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थलों को तीर्थ बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम रोकने के लिए 28,200 फोन ब्लॉक

**नई दिल्ली।** साइबर धोखाधड़ी करने वालों से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस मिलकर काम करेंगे। दूरसंचार विभाग ने 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने और इनसे संबंधित 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों के पुनः सत्यापन करने के निर्देश जारी किए हैं। दूरसंचार विभाग सहित तीन विभाग एक साथ आए हैं और साइबर क्राइम को रोकने के लिए काम करेंगे।



### अकबरपुर का बदलेगा नाम, बताई वजह

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकेत दिया है कि जल्द ही अकबरपुर का नाम बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर का नाम लेने से मुंह का स्वाद खराब हो जाता है। निश्चिंत रहें, ये सभी चीजें बदल जाएंगी। हमें अपने देश से उपनिवेशवाद के सभी अवशेषों को खत्म करना होगा और अपनी विरासत का सम्मान करना होगा। योगी आदित्यनाथ का यह आश्वासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पांच प्रतिज्ञा' के अनुरूप है।



### बदरीनाथ और यमुनोत्री धाम में झमाझम बारिश

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज देर शाम मौसम ने फिर करवट बदली। बदरीनाथ और यमुनोत्री धाम में झमाझम बारिश हुई। वहीं, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश हुई। जिससे मौसम में ठंडक आ गई है। हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, नीती घाटी के साथ ही अन्य ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हुई। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने आज चारों धामों में बारिश की संभावना जताई है। कुछ जगह हल्की बर्फबारी भी संभव है।



### सनईटॉप में मुठभेड़ तलाशी अभियान शुरू

**जम्मू ।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ में शुक्रवार को बिगड़े मौसम के बीच पुंछ की सुरनकोट तहसील के सनेई टॉप, उधमपुर के बसंतगढ़ सहित अन्य इलाकों में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया गया। दोपहर बाद सनेई टॉप में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। ऑपरेशन जारी है।



महाराष्ट्र के नंदुरबार में बोले पीएम मोदी, आरक्षण पर राहुल को घेरा

# 'आरक्षण' को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह

महाराष्ट्र काफी अहम राज्य यहां पर कुल 48 लोकसभा सीटें

1 धर्म आधारित आरक्षण बाबासाहेब आंबेडकर के सिद्धांत के खिलाफ
2 यह संविधान बनाने वालों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा
3 यह एक ऐसा पाप है जिसे मापा नहीं जा सकता
4 ये महा विकास अघाड़ी आरक्षण के भक्षण का महाअभियान चला रही

एजेंसी ▶▶ नंदुरबार (महाराष्ट्र)

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर महाराष्ट्र काफी अहम राज्य है। यहां पर कुल 48 लोकसभा सीटें हैं जो किसी भी दल को दिल्ली की सत्ता पर पहुंचाने के लिए काफी अहम हैं।

इसी बीच, शुक्रवार को पीएम मोदी महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोल ली है। आरक्षण को लेकर कांग्रेस की हालत चोर मचाए शोर की तरह हो गई है।



> मोदी ने कहा कि कांग्रेस जानती है कि विकास के मामले में वे मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते और इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोल ली है।




### किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है

पीएम ने कहा कि शहजादे के गुरु ने कहा कि राम मंदिर और रामनवमी का त्योहार भारत के विचार के खिलाफ है। जब तक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी में से आरक्षण का रत्ती भर भी हिस्सा मैं किसी भी धर्म का आधार पर नहीं देने दूंगा। कोई इसे हाथ नहीं लगा सकता। पीएम ने कहा कि मैं जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि वंचित का अधिकार है मोदी उसका चौकीदार है। उन्होंने कहा कि मोदी जैसा चौकीदार हो किसने अपनी मां का दूध पीया है जो आपका हक छीन सकता है।

### और, क्या बोले पीएम? कर्नाटक के मुसलमानों को रातों-रात पिछड़ा बना दिया

- कर्नाटक के मुसलमानों को रातों रात पिछड़ा बना दिया गया। कांग्रेस कर्नाटक का मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहती है। ये महा विकास अघाड़ी आरक्षण के भक्षण का महाअभियान चला रही है। एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण बचाने के लिए मैं महायज्ञ कर रहा हूं। कांग्रेस लिख कर दे कि आरक्षण के टुकड़े टुकड़े कर के उसका एक हिस्सा मुसलमानों को नहीं देगी। लेकिन कांग्रेस इस पर जवाब नहीं दे रही।
- हमने आदिवासी महिला को पहली देश की राष्ट्रपति बनाया है। लेकिन, कांग्रेस ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए दिन-रात एक कर दिया। सैम पित्रौदा के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि शहजादे के गुरू जो विदेश में रहते हैं वे रंगभेद करते हैं। जिनका रंग कृष्ण की तरह है उन्हें कांग्रेस अफ्रीकन मानती है। आदिवासियों से बदला लेने के लिए कांग्रेस रंग की बात करती है।

कन्नौज में गरजे राहुल, बोले- 22 लोगों के लिए काम करते हैं पीएम

# गरीब परिवारों की महिलाओं को देंगे साल में एक लाख

जयराम रमेश ने कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आने जा रही है

एजेंसी ▶▶ कन्नौज

राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है।

इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया।

» राहुल ने अपने कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर कहा



जयराम रमेश बोले 2024 के परिणाम में दिखाई देगी 2004 वाली तस्वीर

# भाजपा तो दक्षिण में साफ, उत्तर में हाफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कम्युनिकेशन इंचार्ज जयराम रमेश का कहना है कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्थिति काफी कुछ साफ हो गई है।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी अब निवर्तमान प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। रमेश ने कहा कि यह चुनाव ऐतिहासिक होगा और सत्ता में गठबंधन की सरकार आने जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन चरणों में ही सब कुछ साफ हो गया है। अगले चरणों में गठबंधन बहुमत में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि 19 अप्रैल के पहले दौर के बाद, यह बहुत स्पष्ट हो गया था – दक्षिण में भाजपा साफ, उत्तर में भाजपा हाफ। 27 अप्रैल को दूसरे दौर के बाद, यह और भी स्पष्ट हो गया कि पूरे दक्षिण भारत में भाजपा का पूरी तरह से सफाया होने जा रहा है और भारत के उत्तर और मध्य भाग में, 2019 में इसकी संख्या आधी रह जाएगी।



लोकसभा चुनाव का चौथा चरण

# मतदान के 48 घंटे पहले आज शाम 6 बजे थम जाएगा प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा निर्वाचन-2024 के चौथे चरण में मध्यप्रदेश के जिन 8 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सोमवार 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 11 मई की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के उन व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होगा।



बच्चे का मुंडन कराने आया था परिवार

# सलकनपुर से लौटते वक्त कार डिवाइडर से भिड़ी, 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी

भोपाल से बच्चे का मुंडन कराने के लिए सलकनपुर आया एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। सलकनपुर से लौटते समय शाम को करीब 6.20 बजे भैरव घाटी पर उनकी टवेरा कार (एमपी04टीए6799) डिवाइडर से टकराकर गई। इस घटना में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई, वहीं एक ने रेहटी अस्पताल लाते वक्त दम तोड़ दिया। घायल हुए लोगों में बच्चा सहित 9 लोग हैं। इनमें से चार को होशंगाबाद के लिए रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भोपाल से पांडे परिवार सलकनपुर बच्चे का मुंडन कराने के लिए आया था। मुंडन कराने के बाद जब वे सलकनपुर से भोपाल वापसी के लिए निकले तो भैरव घाटी के पास उनकी टवेरा गाड़ी एमपी04टीए6799 अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।



11 साल पहले गेहूं खरीदी में गड़बड़ी का मामला

# नपाध्यक्ष के पति एवं विधायक प्रतिनिधि नागपाल सहित 10 आरोपियों को सजा

सात साल की सजा एवं 5 हजार रूपए का अर्थदंड

सभी आरोपियों को पिपरिया की उपजेल में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले की पिपरिया तहसील में 11 साल पहले 15 जून 2013 को गेहूं खरीदी के मामले में गड़बड़ी करने के आरोप में प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश पिपरिया, कैलाश प्रसाद मरकाम की अदालत ने शुक्रवार को गेहूं खरीदी घोटाले में फैसला सुनाया। फैसले में नपा अध्यक्ष नीना नागपाल के पति एवं विधायक प्रतिनिधि नवनीत नागपाल एवं राजेंद्र दुबे, अजय कुमार माहेश्वरी, सतीश जायसवाल, हेमराज सिंह चौधरी, राघव सिंह पुर्विया, जगदीश अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुनीता रघुवंशी व जानकी पटेल को सात साल की सजा एवं 5 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा से सुनाई है। न्यायालय ने सभी आरोपियों को पिपरिया की उपजेल में भेज दिया है।



अभियुक्तगण ने उपार्जित किए गए 104034.19 क्विंटल गेहूं में से उपार्जित मात्रा के अनुपात में 1416.19 क्विंटल गेहूं निगम को कम सौंपा।

गुना रहा शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म, 44.4 डिग्री पर पहुंचा पारा

# सीहोर, रायसेन, उज्जैन में तेज आंधी-बारिश, तीन दिन बिगड़ा रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से आंधी-बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार को भी सीहोर, रायसेन, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। शनिवार को भी आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि रविवार और सोमवार को भी बारिश हो सकती है। आंधी बारिश के बावजूद प्रदेश के अधिकतर शहरों का तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा।

जबकि गुना में पारा 44.4 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने 'हरिभूमि' को बताया कि वर्तमान में तीन तरह के पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। जिनसे हवा का रुख बदला हुआ है। ऐसे में प्रदेश के अधिकांश जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिर सकते हैं। इसके साथ साइक्लोनिक सिस्टम भी सक्रिय बना हुआ है। जिससे प्रदेश में बारिश का दौर बना हुआ है।

वर्तमान में तीन तरह के पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, जिनसे हवा का रुख बदला हुआ

13 मई तक ओले-बारिश का अलर्ट भोपाल में 41.5 डिग्री पर पारा



भदभदा रोड का दृश्य

### प्रदेश में सीजन का सबसे गर्म दिन

कई जिलों में तेज आंधी के बावजूद शुक्रवार को गुना में दिन का तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह प्रदेश में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। शिवपुरी में पारा 43 डिग्री रहा। वहीं, रतलाम में 42 डिग्री, टीकमगढ़ में 42.5 डिग्री और सागर में 42.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भोपाल में 41.5 डिग्री, इंदौर में 40.6 डिग्री, ग्वालियर में 40.5 डिग्री, जबलपुर में 39.4 डिग्री और उज्जैन में तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन, सीधी, धार, खजुराहो, खंडवा, नौगांव, दमोह, खरगोन और शाजापुर में पारा 40 से 41.6 डिग्री के बीच रहा।

### आज यहां बिगड़ेगा मौसम

मौसम विभाग ने शनिवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, धार, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, खरगोन, खंडवा, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान लगाया है।

# केदारनाथ-यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़, बद्रीनाथ मंदिर में 12 मई से दर्शन, 22.15 लाख करा चुके पंजीकरण

## उत्तराखंड की चार धाम यात्रा शुरू


एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ के कपाट सुबह 6:55 बजे और यमुनोत्री के कपाट सुबह 10:29 बजे खोले गए। जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से होंगे। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। इन चारों धामों पर दिन का तापमान 0 से 3 डिग्री दर्ज किया जा रहा है। वहीं, रात में पारा माइनस में पहुंच रहा है। इसके बावजूद केदारनाथ धाम से 16 किमी पहले गौरीकुंड में करीब 10 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। पिछले साल यह आंकड़ा 7 से 8 हजार के बीच था।

### रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके

*यहां करीब 1500 कमरे हैं, जो भरे हुए हैं। रजिस्टर्ड 5,545 खच्चर बुक हो चुके हैं। हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंच चुके हैं। चार धाम यात्रा के लिए अब तक 22.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने दर्शन किए थे।*

*"पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोग पहुंचने से व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। पिछले साल चारों धामों में रोजाना 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे। इससे सबक लेते हुए इस बार चारों धाम में प्रतिदिन 51 हजार लोग दर्शन करेंगे। एक दिन में 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम, 16 हजार लोग बद्रीनाथ धाम, 9 हजार श्रद्धालु यमुनोत्री तो 11 हजार लोग गंगोत्री में दर्शन कर सकेंगे।"*







- केदारनाथ के कपाट सुबह 6:55 पर यमुनोत्री के कपाट 10:29 बजे खोले
- चारों धाम में प्रतिदिन 51 हजार लोग दर्शन करेंगे
- बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑनलाइन पूजा बुकिंग 30 जून तक
- हरिद्वार और ऋषिकेश में 15 हजार से ज्यादा यात्री पहुंचे
- पिछले साल रिकॉर्ड 55 लाख लोगों ने दर्शन किए थे
- 4जी और 5जी कम्युनिकेशन नेटवर्क के लिए 4 टॉवर लगाए

## खबर संक्षेप

### चीन 'विशिष्ट मुद्दों' के समाधान के लिए तैयार



**बीजिंग।** भारत में चीन के नए राजदूत जू फीहोंग ने कहा है कि बीजिंग वार्ता के माध्यम से 'विशिष्ट मुद्दों' का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वह नई दिल्ली में अपनी पदस्थापना को द्विपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए एक सम्मानजनक मिशन और एक पवित्र कर्तव्य के रूप में मानते हैं।

### सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीड़िया गांव के जंगल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। सीएम विष्णु देव साय ने यह जानकारी दी। अब तक 12 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों और वरिष्ठ अधिकारियों को बधाई दी।

### मालदीव से लौटे सभी भारतीय सैनिक



**माले।** मालदीव ने भारत के सभी सैनिकों को निकाल दिया है। ये सभी भारत लौट चुके हैं। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव से हमारे सभी सैनिक देश वापस आ गए हैं। हम इस मुद्दे पर काफी समय से मालदीव से बात कर रहे थे। सैनिकों पर जो जिम्मेदारी थी उसे अब सिविलियन्स निभाएंगे।

भारत-मोल्दोवा के बीच बनी सहमति

## राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट के लिए वीजा छूट पर किए हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा के राजदूत, असाधारण और पूर्णाधिकारी एना ताबन ने शुक्रवार को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह समझौता लागू होने के बाद, किसी भी देश के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के दूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति देगा। साथ ही, दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत और मोल्दोवा ने 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित किए।

### सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान

भारत और मोल्दोवा के बीच लोगों से लोगों के संबंधों को मजबूत करने में भूमिका निभाते हैं। इन आदान-प्रदानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, शैक्षणिक सहयोग, मोल्दोवन छात्रों के लिए भारत में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति और इसके विपरीत जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इस तरह की बातचीत से दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सद्भावना में योगदान होता है। भारत और मोल्दोवा के अधिकारियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत किया है। इन यात्राओं ने आपसी हित के क्षेत्रों पर चर्चा करने, सहयोग के रास्ते तलाशने और राजनयिक संबंधों को बढ़ाने के अवसर प्रदान किए हैं। दोनों देश अक्सर संयुक्त राष्ट्र और गुटनिरपेक्ष आंदोलन सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों और संगठनों में सहयोग करते हैं।

### राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट क्या हैं?

राजनयिक पासपोर्ट और आधिकारिक पासपोर्ट दोनों प्रकार के यात्रा दस्तावेज हैं, जो सरकारों द्वारा आधिकारिक उद्देश्यों के लिए विदेश यात्रा करने वाले व्यक्तियों को जारी किए जाते हैं। राजनयिक पासपोर्ट राजनयिकों, उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारियों और आधिकारिक क्षमता में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों, जैसे राजदूत, वाणिज्य दूत और राजनयिक कोरियर को जारी किया जाता है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने खालिस्तान मुद्दे पर कनाडा को जमकर सुनाया

# बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता नहीं हो सकती

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तान के प्रति कथित तौर पर नरम रुख रखने वाले कनाडा को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक स्थान देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। विदेश मंत्री ने कहा कि बोलने की आजादी का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता से नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हम अच्छे संबंधों के लिए इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं।

### खास बातें

- कनाडा में 18 लाख भारतीय प्रवासी और 10 लाख अनिवासी भारतीय
- कनाडा में वोट बैंक कानून से अधिक शक्तिशाली
- उग्रवाद और चरमपंथी ताकतों को खुला समर्थन कर रहे



### संदिग्ध पृष्ठभूमि वालों को अनुमति कैसे?

विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में, आप कल्पना करेंगे कि आप लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आपके पास ऐसे लोग हैं जिनकी उपस्थिति बहुत ही संदिग्ध दस्तावेजों पर है, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह दर्शाता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य 10 लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं।

### मुख्य मुद्दा खालिस्तानी समर्थकों को छूट

डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडा की धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को छूट देने का है। यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की राजनीति में आज प्रमुख पदों पर ऐसे लोग हैं जो वास्तव में उस तरह के अलगाववाद और उग्रवाद का समर्थन करते हैं।

### 10 वर्षों से यह चल रहा

*जयशंकर ने कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। यह लगभग 10 वर्षों से चल रहा है। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उन्हें बोलने की आजादी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी बोलने की आजादी है। लेकिन बोलने की आजादी का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने की आजादी नहीं है, बोलने की आजादी का मतलब उन पदों और गतिविधियों से नहीं है जो कनाडा में लोग कर रहे हैं जिससे हमें नुकसान होता है।*

भारत को मिली बड़ी कूटनीतिक जीत

## ईरान के कब्जे वाले जहाज से 30 दिन बाद रिहा हुए पांच भारतीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल से जुड़े हुए जहाज एमएसजी एरीज को ईरान ने अपने कब्जे में ले लिया था। ईरानी कमांडों के जरिए कब्जे में लिए जाने के एक महीने बाद जहाज पर सवार पांच भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। ये लोग अब ईरान से भारत के लिए रवाना हो गए हैं।




भारतीयों का रिहा होना भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। जहाज के क्रू मेंबर्स रहे इन लोगों को गुरुवार को रिहा किया गया है। ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने भारतीयों की रिहाई की जानकारी दी। दूतावास ने बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद भी कहा है।

### 13 अप्रैल को ईरान ने जहाज पर किया था कब्जा

*ईरान ने 13 अप्रैल को इजराइल से जुड़े इस मालवाहक जहाज को जब्त किया था। इस जहाज में 17 भारतीय नागरिक सवार थे। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने इस जहाज को जब्त किया था। जहाज को आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की तरफ जाते हुए देखा गया था।*

*इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष एच. अमीर अब्दुल्लाहियन से फोन पर बात की थी और सभी 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई की मांग उठाई थी।*

## भारत का जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश

**बेंगलुरु।** भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा यह जानकारी दी।

यौन उत्पीड़न मामला

## पीड़ित लड़की की 'काउंसलिंग' में पूरी तरह से निष्पक्षता हो: कोर्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल में एक नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न के मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट के एक फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि हम चाहते हैं कि उस पीड़ित लड़की की 'काउंसलिंग' में पूरी तरह से निष्पक्षता हो। इस पर पश्चिम बंगाल सरकार ने कहा कि हम पूरी तरह से किसी भी तरह की सहायता के लिए तैयार हैं। साथ ही यह भी कहा कि भाषा की समस्या को देखते हुए स्थानीय 'काउंसलर' को मौका दिया जाना चाहिए, जिससे भाषा की समझ में आसानी रहे।



पीठ ने कहा कि हम सिर्फ यह सुनिश्चित करने के लिए महिला की 'काउंसलिंग' का आदेश दे रहे हैं कि उसने व्यक्ति का चुनाव सोच-समझकर किया है। हम इस बारे में आश्वस्त होना चाहते हैं। इस पर पीड़ित लड़की के वकील ने कहा कि लड़की उसी आदमी के साथ है और कहीं और अकेले नहीं रहना चाहती। इस मामले पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि हम इस पर आदेश पारित करेंगे।


साइबर अपराध से निपटने के लिए एकजुट हुईं सरकारी एजेंसियां

## धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट कर डिजिटल खतरों से बचाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकारी एजेंसियां समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रयास करती रहती है। इसी दिशा में दूरसंचार विभाग (डीओटी), गृह मंत्रालय (एमएचए) और राज्य पुलिस साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक साथ आए। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य धोखेबाजों के नेटवर्क को नष्ट करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। यह एकीकृत दृष्टिकोण सार्वजनिक सुरक्षा तथा दूरसंचार बुनियादी ढांचे की अखंडता की रक्षा करने और एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के प्रति साझी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### दूरसंचार विभाग, गृह विभाग और राज्य पुलिस साइबर अपराध साथ आए



### धोखाधड़ी से बचाए चक्षु पोर्टल

*दूरसंचार विभाग ने इस साल 30 अप्रैल तक कुल 1.66 करोड़ मोबाइल कनेक्शन काटे हैं। इनमें 30.14 लाख उपयोगकर्ताओं की प्रतिक्रिया के आधार पर और 53.78 लाख नए सिम कार्ड खरीदने की व्यक्तिगत सीमा पार करने के कारण काटे गए हैं। विभाग ने दो माह पहले चक्षु पोर्टल शुरू किया है। विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है।*

### 20 लाख नंबरों का उपयोग किया

*गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया था। डीओटी ने आगे विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ आश्चर्यजनक रूप से 20 लाख नंबरों का उपयोग किया गया था। विभाग ने देश भर के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक कर दिया। इन मोबाइल हैंडसेटों से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का तत्काल पुनः सत्यापन किया गया।*

आर्मी इंटेलिजेंस ने किया हनी ट्रैप का खुलासा

## गर्लफ्रेंड के लिए आईएसआई एजेंट बना युवक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पटना/मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का एक युवक अपनी गर्लफ्रेंड के लिए पाकिस्तानी जासूस बन गया। उसे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए युवक को हनी ट्रैप में फंसाया और उसके जरिए भारत की गुप्त सूचनाएं पाकिस्तान भेजी गईं। सीआईडी क्राइम ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले एक पाकिस्तानी जासूस को भरूच से गिरफ्तार किया है। वहीं आर्मी इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के आधार पर अब गुजरात पुलिस की टीम, सीआईडी क्राइम और मुजफ्फरपुर पुलिस जिले में छापेमारी कर रही है।



### मोबाइल फोन जब्त किया

आर्मी इंटेलिजेंस की एमआई उदमपुर यूनिट को पाक जासूसों के बारे में मिले इनपुट पर सीआईडी क्राइम ने भरूच से प्रवीण मिश्रा नाम के युवक को गिरफ्तार किया। सीआइडी क्राइम के एडीजीपी राजकुमार पांडियन के अनुसार ये आरोपी भारत से पाक में आईएसआईएस एजेंटों को खुफिया जानकारी भेज रहा था, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया।

### फर्जी प्रोफाइल बनाकर फंसाया

सीआइडी क्राइम के अनुसार पूछताछ में पता चला कि वह सोशल मीडिया पर अपनी गर्लफ्रेंड को इंप्रेस करने के लिए जासूस बना था। पाकिस्तान खुफिया एजेंट ने फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसे हनीट्रैप में फंसाया था।

## गर्मी के बीच रोजाना बंद हो रही 4 से 6 घंटे विद्युत सप्लाई

# मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती का खेल

**जबलपुर**। शहर में एक तरफ रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मेंटेनेंस के नाम पर रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। शहर के कई इलाकों में आए दिन 4 से 6 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। इस वजह से घरेलू कामकाज और व्यावसायिक गतिविधियों पर विपरीत असर पढ़ रहा है। विद्युत वितरण कंपनी का तर्क है कि मेंटेनेंस के लिए विद्युत आपूर्ति बंद करनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पूर्व में बारिश के पहले और बारिश के बाद सीमित समय के लिए कटौती की जाती थी, लेकिन कुछ साल से बिजली कंपनी रोज शहर के किसी न किसी हिस्से में मेंटेनेंस के नाम पर बिजली सप्लाई बंद कर रही है।

### भीषण गर्मी में बिजली का थर्ड डिग्री टार्चर

शहर में पिछले छह माह से अधिक समय से बिजली कंपनी द्वारा संधारण कार्य किया जा रहा है। इसके लिए रोजाना शहर के कई इलाकों में घोषित बिजली कटौती की जा रही है। भीषण गर्मी का दौर है, जिसमें अभी हाल ही में तापमान 41-42 डिसे के पार जा चुका है, ऐसे में बिजली गुल होने से इन कालोनी व मोहल्लों के रहवासियों को थर्ड डिग्री टार्चर झेलना पड़ रहा है। बिजली कंपनी के काल सेंटर में बीते कुछ समय में ढेरों शिकायतें पहुंची। जानकारों की माने तो शहर के



कई ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं। पहले फाल्ट ढूंढो, फिर सुधारो का जो मैकेनिज्म है वह ही अघोषित कटौती का टाइप बढ़ाता है। खासबात यह है कि बिजली कंपनी द्वारा घोषित कटौती में जो टाइम स्लाट बताया जाता है उसके एक घंटे बाद तक बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो पाती है।

### भीषण गर्मी में उबल रहा लोगों का गुस्सा

शहर के इमलिया क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में बिजली सप्लाई को लेकर चल रहे गोलमाल से नागरिकों का गुस्सा उबाल मार रहा है। इमलिया के नगर निगम में शामिल होने के बाद से स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि क्षेत्र की बिजली सप्लाई में सुधार होगा। मगर, हालात बदतर होते जा रहे हैं। आलम ये हैं कि दिन और रात के 24 घंटों में यहां 24 बार लाइट गोल हो रही है, वो भी बिना किसी सूचना और जानकारी के।

### ट्रिपिंग के नाम पर कटौती

निगम के नए वार्ड 76 इमलिया में दिन रात में कई बार बिजली बंद हो जाती है। क्षेत्रीय निवासियों ने बताया कि नगर निगम सीमा में आने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों जैसे हाल है। नागरिकों ने बताया कि बिजली सब स्टेशन में फोन लगाते हैं तो कहा जाता है कि ट्रिपिंग हुई है अभी 5 मिनिट में सप्लाई चालू हो जायेगी, और घंटों तक नहीं आती। नागरिकों ने बताया कि रिछाई सबस्टेशन से गांव भी जुड़े हुए हैं यदि वहां फाल्ट होता है तो सुधारने के नाम पर यहां की बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। क्षेत्रीय निवासियों धर्मेंद्र शुक्ला, दिलीप शुक्ला, अर्पित शुक्ला, प्रवीण शुक्ला, ब्रजेश पटैल, विक्कू पटैल, जागेश्वर पटैल हीरा सिंह ठाकुर आदि ने मांग की है इमलिया में शहरी क्षेत्र के जैसे बिजली की व्यवस्था की जाये।

# हाई कोर्ट बार चुनाव : सुरक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक

## सोमवार को मतदान : इससे पूर्व सभी 62 प्रत्याशी शनिवार व रविवार को प्रचार में लगाएंगे पूरा जोर

**जबलपुर**। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के चुनाव अंतर्गत सोमवार, 13 मई को मतदान होना है। इससे पूर्व शनिवार व रविवार को सभी 62 प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की अपील करने पूरा जोर लगाएंगे। शुक्रवार को परिसर में सुबह से शाम तक यही नजारा देखने को मिला।

मुख्य चुनाव अधिवक्ता अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर विमर्श किया गया। इस दौरान हाई कोर्ट के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस एवं प्रशासन की ओर से चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हर संभव प्रयास किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा।

मतदान स्थल का किया निरीक्षण : चुनाव टीम के साथ सुरक्षा अधिकारियों ने मतदान स्थल व हाई कोर्ट परिसर का निरीक्षण किाय। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानों को चिन्हित कर लिया।



शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे से चुनाव टीम के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। बैठक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारीयों के साथ चुनाव अधिकारी संजय सेठ, सरला पांडे, आशीष सिन्हा, सुधाकरमणि पटेल, हिमांशु तिवारी, प्रशांत दुबे, मनीष त्रिवेदी, आशीष श्रीवास्तव, नवीन शुक्ला, राजेश सिंह चौहान, आशुतोष तिवारी, केएल जाटव, अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, जगदीश प्रकाश टीटू व राजकमल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

- सुनवाई के लिए 1422 पीठ गठित
- 167668 लंबित व 185719 प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे गए

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**जबलपुर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार, 11 मई को हाई कोर्ट से लेकर जिला व तहसील आदि न्यायालय स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संपूर्ण राज्य में 1422 पीठों का गठन किया गया है। सुनवाई के लिए 167668 लंबित व 185719 प्री-लिटिगेशन प्रकरण रखे गए हैं। इनमें से अधिक से अधिक प्रकरणों को परस्पर समझौते के जरिये निराकृत कराने का प्रयास होगा।

यह जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लंबित दीवानी, आपराधिक शमनीय मामले व बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि से संबंधित प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएंगे।

### हाई कोर्ट में छठ पीठें

उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर व खंठपीठद्वय इंदौर व ग्वालियर में कुछ छह पीठों का गठन किया गया है। 51 जिला न्यायालयों में 1416 पीठों का गठन किया गया है, इस प्रकार संपूर्ण राज्य में 1422 पीठों के जरिये समझौते कराए जाएंगे। दरअसल, लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण होने पर वादी उसके द्वारा अदा की गई कोर्ट फीस की वापसी का हकदार होता है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की जीत होती है, किसी भी पक्ष की हार नहीं होती है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मामला रखा जाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में विवाद का निराकरण किया जाता है, जिससे पक्षकारों के अमूल्य समय तथा व्यय होने वाले धन की बचत होती है। साथ ही पक्षकारों में परस्पर स्नेह भी बना रहता है। लोक अदालत में मामला अंतिम रूप से निराकृत होता है, इसके आदेश की कोई अपील अथवा रिवीजन नहीं होती है, जिससे मुकदमेबाजी से मुक्ति मिलती है।

### जबलपुर, पाटन व सिहोरा में उत्साह

जिला विधिक सेवा प्रारिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का जबलपुर, पाटन व सिहोरा में आयोजन होगा। प्राधिकरण के सचिव जिला जज अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 78 पीठों का गठन किया गया है। इनके जरिये न्यायालयों में लंबित सात हजार मामले निराकृत करने का लक्ष्य है। 27 हजार जलकर, संपत्ति कर व विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया जाएगा।भारत संचार निगम लिमिटेड ने भी अपनी राजस्व की लंबित राशि से सम्बंधित लगभग 2300 प्रकरणो को जबलपुर, सिहोरा, पाटन व कटनी न्यायालय में प्रस्तुत किया है ।

**बीएसएनएल ने विशेष छूट का किया प्रविधान :** भारत संचार निगम लिमिटेड, बीएसएनएल ने राष्ट्रीय लोक अदालत में दूरभाष, मोबाइल, एफटीटीएच के लंबित राशि के प्रकरणों से सम्बंधित उपभोक्ताओं से आपसी समझौते से छूट का लाभ लेकर प्रकरण निपटाने की अपील की है।

# भगवान परशुराम एवं आद्य शंकराचार्य जयंती पर विचार गोष्ठी आज

**जबलपुर**। समरस भारत - समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा भगवान परशुराम जी एवं आद्य शंकराचार्य जी जयंती पर एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज 11 मई 2024 शनिवार को शाम 5 बजे से वर्मा बारात घर एसबीआई चौक के पास विजय नगर में किया गया है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति की अपील की है।

# दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग को गर्भपात करवाने हाईकोर्ट की अनुमति

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल की दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग को 28 सप्ताह के गर्भ का गर्भपात करवाने की अनुमति दे दी। दरअसल, 24 सप्ताह से ज्यादा के ऊपर के गर्भ को गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती और इस मामले में गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो गई है। लेकिन चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि यदि लड़की खुद इस बच्चे को जन्म देना नहीं चाहती तो ऐसी स्थिति में उसे गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है और राज्य सरकार उसे सुविधा



मुहैया करवाएगी। गौरतलब है कि भोपाल की 17 साल की लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था। उसके बाद वह गर्भवती हो गई। लेकिन वह इस बच्चे को पालने को तैयार नहीं थी। इसलिए उसने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से गर्भपात कराने की अनुमति मांगी।

### एकलपीठ ने किया था इंकार

इसके पहले लड़की ने एकलपीठ के समक्ष याचिका दायर की थी। जब एकलपीठ से अनुमति नहीं मिली तो उसने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से अनुमति मांगी। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता अधिवक्ता प्रियंका तिवारी ने दलील दी कि लड़की की उम्र अभी बहुत कम है। ऐसी स्थिति में यदि वह बच्चे को जन्म देती है तो उसके जीवन के लिए ठीक नहीं है। वहीं बच्चे के जन्म के बाद परिस्थितियों और खराब हो जाएंगी, क्योंकि फिर बच्चे का पालन पोषण कौन करेगा।

# दुष्कर्म के आरोपित को जमानत नहीं

**जबलपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश निशा विश्वकर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित नेपियर टाउन, जबलपुर निवासी आशीष टंडन की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित के विरुद्ध मदन महल थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि उसने शादी के लिए मम्मी को मनाने की बात कहकर युवती को बरगलाया। उसे एकांत में ले जाकर दुष्कर्म किया। आरोपित राजनीतिक पहुंच रखता है। वह जमानत पर छूटने के बाद अनुसंधान को प्रभावित कर सकता है। लिहाजा, उसकी अर्जी निरस्त किए जाने योग्य है। अदालत ने पाया कि पीड़िता होम साइंस कालेज के समीप हास्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। उसने 29 अप्रैल, 2024 को मदन महल थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। मामला गंभीर प्रकृति का है, अतः जमानत अर्जी निरस्त की जाती है।

# जबलपुर रेल मंडल में उल्लेखनीय कार्य करने वाले को विदाई

**जबलपुर**। जबलपुर रेल मंडल में पदस्थ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्व रंजन का मंडल से मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद पर तबादला होने पर वाणिज्य विभाग द्वारा आज एक समारोह में उन्हें फूल मालाए पहनाकर विदाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित वाणिज्य स्टाफ ने श्री रंजन के 4 वर्ष के उल्लेखनीय कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए मंडल में उनके नेतृत्व में हुई प्रगति एवं कार्य कुशलता की प्रशंसा की । उल्लेखनीय है कि श्री रंजन का हाल ही में रेल प्रशासन द्वारा मंडल से तबादला करते हुए उन्हें पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में उप मुख्य यातायात प्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया है ।विदाई के इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री नितेश सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश नायक, गुन्नार सिंह सहित मंडल के सभी संकायों के वाणिज्य पर्यवेक्षक, निरीक्षक आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदाई समारोह में स्टाफ द्वारा पुष्प मालाओं से उनका स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना भी की।

# ग्रीष्म काल खेत की मृदा जांच का सर्वोत्तम समय

**जबलपुर**। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों को अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिये मई माह के दौरान खेत की मिट्टी का परीक्षण कराने तथा परीक्षण में निकले निष्कर्षों के आधार पर ही फसल में उर्वरकों के इस्तेमाल करने की सलाह दी है। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उपसंचालक रवि आम्रवंशी के मुताबिक उर्वरक तथा कीटनाश कों के बेहिसाब उपयोग से खेतों की मृदा का स्वास्थ्य खराब होता जा रहा है। उन्होंने मई माह को मृदा परीक्षण के लिये सर्वेत्तम समय बताते हुये कहा है कि यदि मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा नहीं की जायेगी और उसका ध्यान नहीं रखा जायेगा, अच्छा पोषण युक्त खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, फल-सब्जी तथा पशुओं के लिए पौष्टिक चारा प्राप्त नहीं किया जा सकता।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास के अनुसार फसलों का बेहतर उत्पादन प्राप्त करने के लिये मिट्टी में 16 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। इसमें से कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन पानी एवं वायुमंडल के माध्यम से प्राप्त होता है । जबकि नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश मुख्य पोषक तत्व होते हैं जिनकी पूर्ति उर्वरकों के माध्यम से की जाती है । इनके अलावा कम आवश्यकता वाले कैल्शियम, मैग्नीशियम सल्फर जैसे द्वितीयक पोषक तत्व तथा जिंक, आयरन, कॉपर, बोरॉन, मैगनीज, मोलिब्डिनम एवं क्लोरीन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति मृदा विश्लेषण के आधार पर ही करना चाहिए। मिट्टी की जांच में इन्हीं 12 पोषक तत्वों की जांच की जाती है। इससे पता चलता है कि मिट्टी में कौन-कौन से पोषक तत्वों की कमी है। इसके बाद किसान रासायनिक उर्वरक एवं पोषक तत्व संतुलित मात्रा में अपने खेतों में डालकर अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

आम्रवंशी के मुताबिक फसल कटाई के बाद खेत के बीच से और चारों कोनों से फावड़ा या खुरपी की सहायता से अंग्रेजी वर्णमाला के 'व्ही' अक्षर के आकार का कट लगाकर ऊपर से नीचे की तरफ 6 इंच की मिट्टी के नमूने लेना चाहिये तथा सभी नमूनों की अच्छी तरह मिलाकर उसमें से 500 ग्राम मिट्टी एक कपड़े की थैली में भरकर जांच हेतु कृषि विभाग की प्रयोगशाला भेजना चाहिये या अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारियों को देना चाहिये । उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला में मृदा का विश्लेषण निशुल्क किया जाता है।

उपसंचालक किसान कल्याण ने खेत की मृदा का विश्लेषण तीन वर्ष में एक बार कराने की सलाह भी किसानों को दी है । उन्होंने कहा कि खेत की मिट्टी का नमूना लेते समय ध्यान रखना चाहिये कि कभी भी पेड़ के नीचे से, मेढ़ों के किनारे से, जहां खाद पड़ी हो और गड्ढे वाले स्थान से नमूने नहीं लेना चाहिये। मिट्टी के नमूना हमेशा साफ जगह से ही एकत्र किये जाने चाहिये तथा इसमें आये कचरे और कंकड़ आदि को अलग कर देना चाहिये।

## नहर में किशोरी का शव मिलने से हड़कंप

# शादी में आई नाबालिग की हत्या की आशंका

**जबलपुर**। खमरिया थाना अंतर्गत बिरनेर गांव में शादी में आई किशोरी की लाश नहर में मिलने से हड़कंप मच गया। किशोरी के सिर पर किसी भारी वस्तु के पटकने के निशान मिले हैं। चेहरा विकृत हो गया है, जिससे पहचान होने में थोड़ी दिक्कत हुई। जिससे हत्या की आंशका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक रात में जब किशोरी नहीं मिली तो गांव के आसपास सभी खोजना शुरू किया। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण नहर की ओर गए तो देखा किसी का शव पड़ा है। कपड़ों से अनुमान लगा कर ग्रामीण जनों ने शादी वाले घर में सूचना दी। किशोरी रिश्तेदारी में आई थी। आशंका है कि आरोपित उसे बहला फुसला कर ले गया था, किशोरी के सिर में गंभीर चोट के निशान मिले हैं, शव को देखकर प्रतीत हो रहा है कि पत्थर या किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया



है। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला लग रहा है पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

खमरिया पुलिस ने बताया कि आमाखोह 17 वर्षीय गुड़िया (काल्पनिक नाम) गुरूवार रात करीब 10 बजे अपने घर से एकाएक गायब हो गई। कुछ देर बाद लड़की के घर में नहीं होने की जानकारी परिजनों को लगी तो उसकी तलाश में जुट गए। परिजन, पुलिस को सूचना देने के बाद अपने स्तर पर लापता लड़की की तलाश करते रहे। रात करीब 3 बजे परिजनों को गुड़िया की लाश नहर के पास मिली। प्राथमिक जांच में गुड़िया के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शव को पंचनामा कर पीएम के लिये भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### परिजनों ने कहा हत्या हुई

परिजनों ने आरोप लगाया है कि गुड़िया की लाश मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी को कोई बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। किसी अज्ञात ने सुनियोजित तरीके से लड़की को घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी है। गांव में चर्चा को दौर शुरू लड़की की मौत बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। पुलिस की एक टीम पूछताछ के लिए गांव पहुंची है। कुछ संदेहियों के नाम पुलिस को ग्रामीणों के माध्यम से मिले हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# बाईकों की आपस में भिडंत, 2 घायल

**जबलपुर**। गोरखपुर थाना अतंर्गत इमलीपुरा नर्सरी के पास रामपुर में दो बाईको की आपस में भिडंत हो गई। टक्कर लगने से एक बाईक में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए, वहीं टक्कर मारने वाला बाईक चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी मोहल्ला रामपुर निवासी 28 वर्षीय दीपक कुमार रैकवार गत दिवस अपने दोस्त दम्मू राज गौंड, जगदीश आदिवासी और नीलेश के साथ अलग-अलग बाईक से नयागांव जलपरी से घूमकर वापस आ रहे थे। जगदीश आदिवासी और दम्मू राज गौंड एक बाईक क्रमांक एमपी 20 एनएन 6652 से आगे जा रहे थे और पीछे कुछ दूरी पर दीपक और नीलेश दूसरी बाईक से आ रहे थे। रात लगभग 9.15 बजे जैसे ही इमलीपुरा नर्सरी के पास रामपुर में पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक बाईक क्रमांक एमपी 20 जेडए 9337 के चालक ने पीछे से जगदीश आदिवासी और दम्मू राज गौंड की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाईक सहित नीचे गिर गए। गिरने से जगदीश के पैर के घुटने के नीचे और दम्मू राज गौंड को जांघ पर चोटें आ गई। दीपक और नीलेश ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 16 हजार 210 रूपये एवं 5 मोबाईल जब्त

# सटोरियों की धरपकड़, 5 गिरफ्तार

**जबलपुर**। मझौली पुलिस, क्राईम ब्रांच और पनागर पुलिस ने सट्टा पट्टी लिख रहे पांच सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगद 16 हजार 210 रुपए एवं पांच मोबाइल जब्त किए हैं।

मझौली थाना प्रभारी लवकेश उपाध्याय ने बताया कि चौकी इंद्राना अंतर्गत मस्जिद के पास, बाजार प्लाट और बस स्टेंड के पास क्राईम ब्रांच की टीम ने और मझौली पुलिस ने इंद्राना निवासी 30 वर्षीय आजाद खान, हाई स्कूल के पास इंद्राना निवासी 48 वर्षीय सुरेंद्र यादव और नदी मोहल्ला बड़ा दिवाला इंद्राना निवासी 48 साल तुलसीराम सिंह को सट्टा पट्टी लिखते हुए गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन मोबाइल, अंक लिखा हुआ कागज, सहा पट्टी एवं नगदी 10 हजार 140 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने तीनों सटोरियों के खिलाफ मझौली थाने में प्रथक प्रथक धारा 4(क)सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह पनागर थाना प्रभारी



अजय बहादुर सिंह ने बताया कि गत दिवस गल्ला बाजार पनागर में सट्टा पट्टी लिख रहे गल्लाबाजार गांधी वार्ड निवासी 38 वर्षीय दुर्गेश राय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पट्टी और नगदी 4 हजार 510 रुपए, एक मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ करने पर एक माह से दस्सी खटीक के कहने पर सट्टा पट्टी लिखने का काम करता है जिसके एवज में उसे 500 रुपए रोजाना की मजदूरी मिलने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट एवं धारा 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार ग्राम बरझाई पनागर में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देते हुये सट्टा पट्टी लिख रहे ग्राम उमरिया लीटी निवासी 22 वर्षीय आरोपी राकेश केवट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक सट्टा पट्टी, नगदी रकम 1 हजार 560 रूपये एवं एक 01 प्लस का एड्रांयड मोबाईल जब्त कर लिया है। पूछताछ करने पर एक माह से दस्सी खटकी के कहने पर सट्टा पट्टी लिखने का काम करता जिसके एवज में उसे 500 रुपए मजदूरी देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एवं धारा 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## खबर संक्षेप

### साहू युवक-युवती सम्मेलन कल

**जबलपुर।** जिला साहू समाज एवं श्री साहू नगर वैश्य सभा एवं प्रयास पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में साहू समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन कल 12 मई रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक मानस भवन राईट टाउन में आयोजित किया गया है। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। परिचय सम्मेलन में जबलपुर जिले के सिहोरा, कुण्डम, पाटन, कटंगी, मझौली, शहपुरा सहित ग्रामीण क्षेत्र के अलावा अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग आ रहे है। परिचय सम्मेलन में बायोडाटा फार्म जमा करने के लिए समाज में उत्साह देखा जा रहा है। सम्मेलन के संयोजक भाजपा नगर अध्यक्ष पूर्व महापौर प्रभात साहू ने बताया कि संरक्षक मंडल के भरत लाल साहू, केआर साहू, सुश्री श्यामा बहनजी का पूरा मार्ग दर्शन मिल रहा है। 350 से अधिक युवक-युवतियों के परिचय के बायोडाटा का पजीयन हो चुका है। सम्मेलन पूरी तरह से निःशुल्क रखा गया है। इस अवसर पर सामाजिक पत्रिका प्रयास का विमोचन भी किया जायेगा। जिला साहू समाज व श्री साहू वैश्य नगर सभा की ओर से राधेश्याम साहू, वीरेन्द्र साहू, सुबोध साहू, सुधीर साहू, धीरेन्द्र साहू, डीके साहू, भोलाराम,खुशीलाल साहू, उदयभान साहू, एड. अर्जुन साहू, उमेश साहू ओज, रमेश, गगन, दीपक, उमाकांत एवं सुमित साहू सहित आदि ने समाज के के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### बाबा हरदेव सिंह स्मृति समर्पण दिवस 13 को

**जबलपुर।** हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के सानिध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। जबलपुर में दिनांक 13मई, दिन सोमवार अमरलाल ठाकरे (कटंगी, बालाघाट) के सानिध्य में सांय 7 बजे से 9 बजे तक स्थान संत निरंकारी सत्संग भवन, गोल बाजार मे सभी भक्तजन सम्मलित होकर विशाल सत्संग मे अपनी उपस्थिति देंगे। बाबा हरदेव सिंह प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। बाबा हरदेव सिंह ने सतगुरु रूप में 36 वर्षे तक निरंकारी मिशन की बागडोर सम्भाली। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज, युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं।

### तालाब में डूबने से बालक की मौत

**जबलपुर।** बरगी थाना अतंर्गत ग्राम चंदेरी में तालाब के पानी में डुबने से एक 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंदेरी निवासी 10 वर्षीय कृष्णा कुलस्ते गत दोपहर लगभग 3 बजे घर से तेरहवीं जाने का कहकर निकला था जो शाम तक घर वापस नहीं आया। उसके परिजनों ने सोचा कि वह तेरहवीं के कार्यक्रम में गया होगा। दूसरे दिन उसके पिता धीर सिंह कुलस्ते को सूचना मिली की कृष्णा सरकारी तालाब में बने गड्ढे में पानी में मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# इस बार अक्षय तृतीया पर नहीं पड़े सात फेरे

## गुरु और शुक्र के अस्त होने के कारण नहीं गूंजी शहनाई

**जबलपुर।** इस बार अक्षय तृतीया पर गुरु और शुक्र के अस्त होने की वजह से स्वयंसिद्ध मुहूर्त नहीं बना। बिना मुहूर्त पर होने वाले विवाह इस बार नहीं हो सके। मिट्टी के गुड्डे गुडियों की शादी की रस्म पूरी की गई। घर-घर में मांगलिक कार्य की परंपरा का निर्वाह किया गया। अक्षय तृतीया पाणिग्रहण के अक्षय मुहूर्त का दिवस है। इस दिन विवाह करने पर कोई मुहूर्त नहीं देखा जाता। लेकिन कई सालों बाद ऐसा संयोग आया जब अबूझ मुहूर्त में भी विवाह समारोह नहीं हुए। शादी के सात फेरे नहीं पड़े और न ही शहनाई गूंजी। पंचांगों में ग्रहों के प्रभाव के कारण ऐसा अवसर उपस्थित हुआ। ज्योतिष मान्यता के अनुसार गुरु और शुक्र के अस्त होने पर शुभ कार्य नहीं किए जाते है। यद्यपि परंपरा अनुसार घर-घर में मिट्टी के दूल्हा दुल्हन का विवाह संपन्न कराया जा रहा है, मान्यता है कि इस दिन शुभ मांगलिक कार्य होते ही हैं। इस कारण दूल्हा दुल्हन का विवाह होता है। भोग में चने की गीली दाल चढ़ती है और मीठे में गुड़ का भोग लगता है। गीली दाल के बाद सतुए का सेवन शुरू कर दिया जाता है, हर त्यौहार का है उद्देश्य प्रत्येक त्यौहार का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य हुआ करता था। अक्षय तृतीया भी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। नई शुरूआत के लिए शुभ समय का प्रतीक है। इसे आखा तीज के नाम से जाना जाता है, माना जाता है कि सोना, घर, वाहन, चांदी या मिट्टी का बर्तन जैसी चीजें आज के दिन खरीदने पर सुख समृद्धि मिलती है। अक्षय का मतलब होता है कभी क्षय न होना। अक्षय तृतीया का विशेष महत्व तो है ही इसके अलावा भी अक्षय तृतीया के कई और भी महत्व है।



### माता अन्नपूर्णा जन्मीं थीं अक्षय तृतीया को

अक्षय तृतीया को जहां ब्रह्माजी के पुत्र अक्षय कुमार का अवतरण दिवस है वहीं इसी दिन माँ अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। चिरंजीवी महर्षि परशुराम का जन्म हुआ था इसीलिए परशुराम प्रकटोत्सव भी मनाया जाता है। आज ही के दिन कुबेर को खजाना मिला था। माँ गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। सूर्य भगवान ने पांडवों को अक्षय पात्र दिया था, महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था। वेदव्यास जी ने महाकाव्य महाभारत की रचना गणेश जी के माध्यम से प्रारम्भ की थी। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ ऋषभदेवजी भगवान के 13 महीने का कठिन उपवास का पारणा इक्षु (गन्ने) के रस से किया था। प्रसिद्ध धाम श्री बद्री नारायण धाम के कपाट खोले जाते है। वृंदावन के बाँके बिहारी मंदिर में श्री कृष्ण चरण के दर्शन होते है। जगन्नाथ भगवान के सभी रथों को बनाना प्रारम्भ किया जाता है आदि शंकराचार्य ने कनकधारा स्तोत्र की रचना की थी।

## वाहन रैली में दिखी ब्राह्मणों की एकता

# जय जय परशुराम की नारों से गूंजा सिहोरा

**सिहोरा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण समाज के आराध्य देवता भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर शुक्रवार को सयुंक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा के संयोजन में निकली विशाल वाहन रैली में ब्राह्मणों की एकता दिखाई दी। नृसिंह मंदिर से पूजन अर्चन के बाद रैली खितौला सिहोरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिवमंदिर बाबाताल में सपन्न हुई।



### रैली में नगर वासियों ने की पुष्प वर्षा

प्रकटोत्सव पर विप्रजनों की निकली विशाल एवं ऐतिहासिक वाहन रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था अनेक दुपहिया चार पहिया वाहन में सवार परशुराम की सेना हाथ में प्रतिकात्मक फरसा लेकर जय जय परशुराम की नारे लगाते हुए चल रही थी। वाहन रैली का बरा मोहल्ला, खितौला बाजार, मैना कुंआ, कालभैरव चौक, झंडा बाजार, बाबाताल सहित अनेक स्थानों में मातृशक्ति द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### इन मार्गो से होकर निकली वाहन रैली


वाहन रैली बरा मोहल्ला, खितौला फाटक, वन विभाग, रोड, खितौला बाजार, खितौला तिराहा, बाबाताल, हरदौल मंदिर, मैना कुंआ, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक, गौरी तिराहा से होकर निकली जिसका पुराना बस स्टेंड में भी आशा जनसेवा समिति एंव असाटी परिवार सहित अनेक लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत तथा भगवान का पूजन-अर्चन एंव पानी बिस्किट कोल्डड्रिंक का वितरण किया।

### बाबाताल में भंडारे का आयोजन

रैली समापन पर सभी विप्रजनों ने बाबाताल सरकार के दरबार में भगवान की महाआरती की एंव श्री श्री 1008 बनवारी दास जी महाराज के सानिध्य में हलुवा पुड़ी सब्जी का वितरण भरभरा भटिया आश्रम समिति के सदस्यों ने किया।

# तपोस्थली में मनाया गया परशुराम प्राकट्योत्सव

**जबलपुर।** खमरिया फैट्री के समीप स्थित भगवान परशुराम की तपोस्थली परशुराम धाम मटामर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों के परशुराम जी का प्राकट्योत्सव मनाया गया। पर्वत शिखर पर स्थित पवित्र परशुराम गुफा के ऊपर परशुराम धाम विकास समिति द्वारा स्थापित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज 15 फुट लंबा फरसा धारी 31 ऊंची प्रतिमा दुनियाभर के परशुराम भक्तों की आस्था का केंद्र है। परशुराम धाम विकास समिति के अध्यक्ष डॉ एच. पी.तिवारी ने बताया कि महामंडलेश्वर आचार्य सिया वल्लभ दास वेदांती जी के पावन सान्निध्य में भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन, महाभिषेक,अखंड श्रीराम नाम संकीर्तन के साथ महा आरती तत्पश्चात विशाल भंडारा संपन्न हुआ। वेदांती जी महाराज ने भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों के अनुकरण की बात कहीइस अवसर पर पनागर और रांझी से दो परशुराम शोभा यात्राएं भी निकाली गईं जिनका समापन तपोस्थली मटामर में हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. एच .पी. तिवारी, सचिव सचिन मिश्रा,प्रभात तिवारी,श्रुतिकीर्ती मिश्रा,आनंद तिवारी,धर्मेद्र मिश्रा,विकास सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# नर्मदा शुद्धिकरण के लिए दान की नौका



**जबलपुर।** अक्षय तृतीया पर किया गया दान हजार गुना फलदाई होता है, त्रेतायुग में भगवान राम ने केवट मल्लाह से गंगा पार करने नौका मांगी थी, वर्तमान में भवसागर से पार जाने के लिए नर्मदा मैया के दर्शन मात्र से तरण तारण हो सकता है, मानव संसाधनों से प्रभावित हो रही नर्मदा मैया के शुद्धिकरण के लिए, भक्ति धाम ग्वारीघाट के स्वामी अशोकानंद महाराज के सानिध्य में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर करिश्मा शर्मा, पं वेदांत, पुष्पराज तिवारी सहित भक्ति धाम ग्वारीघाट परिवार के भक्त जनों ने ग्वारीघाट में नौका दान की ।



# गुम मोबाईल वापस पाकर धारकों के चेहरे खिले

**जबलपुर।** पुलिस की सायबर सेल ने गुमे हुए 161 मोबाइल तलाश कर मोबाइल धारकों को लौटाए। गुमे मोबाइल पाकर चेहरे खिल उठे। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के निर्देश पर पुलिस सायबर सेल टीम के द्वारा गुमे मोबाईल खोजे गए। वर्ष 2024 के द्वितीयचरण में 10 मई को ऐसे 161 गुमे मोबाइल पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में मोबाईल धारकों को मोबाइल लौटाए, जिनकी कीमत लगभग रूपये 23 लाख 28 हजार 217 रूपये है। इसके अतिरिक्त सायबर फ्रॉड संबंधी प्राप्त विभिन्न शिकायतों में वर्ष 2024 में लगभग 34 लाख 87 हजार 531/- रूपये आवेदकों को वापस कराये गये है। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह के द्वारा आम नागरिकों से अपील की है कि सायबर फ्रॉड से संबंधित व गुमें हुए मोबाईल की शिकायत संबंधित थाने में करने के साथसाथ सायबर फ्रॉड संबंधि शिकायत हेतु नेशनल सायबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 व वेबसाईट सायबरक्राईम.जीओवी.इन एवं गुम हुए मोबाईलो कि शिकायत हेतु वेबसाईट सीईआईआर.जीओवी.इन पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए उक्त शिकायत एवं मोबाईल बिल की छायाप्रति सायबर सेल जबलपुर के हैल्प लाईन नम्बर 7587616100 पर भेजें ताकि हुए सायबर फ्रॉड व गुम मोबाईल का शीघ्रता से पता करवाया जा सके। गुमे मोबाइलों को खोजने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा तथा प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक नीरज सिंह नेगी के मार्ग निर्देशन में गुम हुए मोबाईलों की तलाश करने में सायबर सेल के उप निरीक्षक कपिल शर्मा, प्रधान आरक्षक अमित पटेल, आरक्षक राजा अजिताय मिश्रा, दुर्गेश दुबे, सौरभ शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, भगवान सिंह, अभिदीप भट्टाचार्य, कृष्ण चंद्र तिवारी, दीपक मिश्रा, अरविन्द सूर्यवंशी, मनोज चौधरी, जितेन्द्र, अनिल सिंह, अजय सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# माँ के अंतिम संस्कार के लिए भटक रही बेटियों को मिला मोक्ष का सहारा



**जबलपुर।** सिंगरौली बैढ़न के ग्राम धोनती निवासी एक 18 वर्षीय लड़की यहां मेडीकल कॉलेज में अपनी माँ की ब्रेन हेमरेज से मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए भटकती रही। शव घर तक ले जाने के लिए एंबुलेंस संचालकों ने 15 से 20 हजार रुपए की मांग की जो उसके पास नहीं थे। लड़की दर-दर भटक रही थी उसका पिता मानसिक रुप से बीमार है। अपने पिता की देखभाल 18 साल की सोनम साकेत ही कर रही थी। उसकी सूचना जब मोक्ष मानव संस्था को लगी तो समिति के प्रमुख आशीष ठाकुर ने अपने सहयोगियों के साथ मेडीकल से शव को सुपुर्दनामे में लिया और उसका अंतिम संस्कार चौहानी श्मशानघाट में कराया। मोक्ष के आशीष ठाकुर ने बताया कि ब्रेन हेमरेज के कारण 55 वर्षीय निमिया बाई को मेडीकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जहां उनकी 10 मई की सुबह मृत्यु हो गई थी। निमिया के पति रविचंद्र मानसिक रुप से बीमार है। उनकी दो बेटी 18 वर्षीय सोनम और वर्षीय पुष्पा घरों में काम करके परिवार का पोषण करती है। दोनों बच्चियों को मोक्ष आश्रम में भोजन पानी कराया गया।

# परशुराम जयंती पर निकाली शौर्य यात्रा



**जबलपुर।** भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर शक्तिनगर गुप्तेश्वर क्षेत्र में परशुराम सेना ने भव्य शौर्य यात्रा निकाली। सुबह 8:00 बजे मानस मंदिर शक्ति नगर से दो पहिया वाहनों रैली के रुप में प्रारंभ हुई शौर्य यात्रा माता महाकाली मंदिर 90 क्वाटर, पावन भूमि, मनसा माता मानव लोक सोसायटी, राधा रमण मंदिर रत्न नगर, श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर, खेरमाई मंदिर कृपाल चौक, गुप्तेश्वर मंदिर, भोलेबाबा हनुमान मंदिर होते हुए पुन मानस मंदिर में सम्पन्न हुई, शौर्य यात्रा में वरिष्ठ संतोष कुमार दुबे, रामावतार द्विवेदी, वी के उपाध्याय, अतुल दुबे, मुकेश चतुर्वेदी, द्वारका मिश्रा, दिनेश सिंगरौल, राजेश द्विवेदी, जे पी शर्मा, राजेश तिवारी, राजेश बुंदेला, अरविंद कपूर, एस के अवस्थी, पवन झा, अरूण पाण्डेय, ध्रुव कुमार दुबे, ज्ञानेंद्र पाठक, संजय शुक्ला, भुवनेश गुड्डु उपाध्याय, पी के दुबे, शम्भु सिंह, अनिल अग्निहोत्री, अभिषेक मोनू शर्मा, अशोक सोनी, शारदा सिंह, राकेश तिवारी, अजय तिवारी, दीपक श्रीवास्तव, प्रमोद नागर, सोनल दुबे, अभिनव शिवहरे आदि शामिल थे।

## निधन



**श्री ग्यारसी बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री ग्यारसी बेन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवींद्र नाथ मिश्रा-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री रवींद्र नाथ मिश्रा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बाई सोंधिया-** तिलहरी नगर निगम बिल्डिंग निवासी श्री जमना प्रसाद सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई सोंधिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कामता प्रसाद ठाकुर-** कृष्णा कॉलोनी के पास घमापुर निवासी श्री कामता प्रसाद ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कुमार रजक-** पेंटीनाका सदर निवासी श्री रमेश कुमार रजक (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी चौधरी-** भरतीपुर निवासी श्री श्रीनाथ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी चौधरी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरस्वती शक्ति-** बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री कुंदन लाल शक्ति की धर्मपत्नी श्रीमती सरस्वती शक्ति (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश अहिरवार-** सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री प्रकाश अहिरवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुशील माहुलकर-** कछियाना लार्डगंज निवासी श्री सुशील माहुलकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोती लाल बंशकार-** प्रेमसागर अरविंद वार्ड निवासी श्री मोती लाल बंशकार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x9 से.मी. | ब्लैक&व्हाइट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x9 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

संपर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## भव्य और दिव्य मंदिर के लिए मिला जनसहयोग

# माँ कलेही माता मंदिर के नूतन मंदिर निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**जबलपुर।** जगत का कल्याण करने वाली, दुख-संताप हरने वाली सुख-समृद्धि-यश-वैभव प्रदात्री नौ देवियों में सप्तम देरी माँ कलेही (कालरात्रि) माता की द्वि-शताब्दी प्राचीन ऐतिहासिक कलेही माता मंदिर में स्थापित आधा दर्जन से अधिक मूर्तियों का पूजन-अर्चन कर अन्यत्र स्थापित किया गया। गोपालबाग-दमोहनाका स्थित ऐतिहासिक माँ कलेही माता दरबार मंदिर में गोपालबाग युवा संस्था के सदस्यों ने हवन आदि में हिस्सा लिया। मंदिर के परम्परागत पुजारी विश्वकर्मा दंपत्ति ने पूजन विधान पूर्वक संपन्न किया। माँ कलेही माता मंदिर व नूतन और भव्य स्वरूप में निर्मित होने जा रहा है। पनागर क्षेत्र के विधायक और संस्था संयोजक श्री सुशील तिवारी इंदू ने संस्थापक श्री प्रमोद पंडा की अध्यक्षता में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, धीरज पटेरिया, अनिल तिवारी पं. वासुदेव शास्त्री, पं. रोहित दुबे, आशीष त्रिवेदी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



इस अवसर पर पं सुशील तिवारी विधायक ने कहा कि भव्य मंदिर निर्माण एक पावन और पुनीत कार्य है। धार्मिक जागृति के लिए क्षेत्र में इस तरह की पहल की सराहना करता हूँ। मंदिर निर्माण बाधाएं आती हैं किंतु वे दैवीय कृपा से दूरी भी हो जाती हैं। जरुरत है शुद्धमन और ईमानदारी-समर्पण से कार्य करने की।

विधायक श्री अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि माता जगदंबा की कृपा से सब काम सिद्ध होंगे। बुरी प्रवृतियों का माता स्वयं संहार करती हैं। मेरे लायक जो भी सेवा होगी में सदैव तत्पर रहूंगा।

पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि मैं रात-दिन क्षेत्र के रचनात्मक विकास के साथ हूँ। हर जरूरत पर आप मुझे साथ में पाएंगे।

विधायक सुशील तिवारी ने शिला पटल का भी अनावरण किया। पधारे समस्त अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। पूजन विधि पं. अखिलेश गर्ग जी द्वारा संपन्न करायी गई। अतिथियों का स्वागत संरक्षक श्री रमाशंकर जायसवाल, प्रमोद पंडा, राजीव राठौर, बबलू जायसवाल, देवेन्द्र पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, जिगनेश पटेल, अभिषेक पंडा, सर्वम राठौर, ऋषभ जायसवाल, नीरज जायसवाल, पीयूष राठौर आदि ने किया।

**जन्मतिथि सुधार**

मै, संजय कुमार पिता भागीरथ उम्र करीब 53 वर्ष निवासी- पोस्ट आफिस - नबाही, तहसील - सरकाघाट गोडी धुलाणू, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)-175024 वर्तमान निवासी 406 डी एस सी प्लाटून (जी सी एफ) जबलपुर मप्र एवं भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर सेवारत हूँ। यह कि मेरे सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का श्रीमती अनीता राज की जन्मतिथि 15/03/1977 दर्ज है जो कि गलत है। यह कि मुझ शपथकर्ता की पत्नी की सही व सत्य जन्मतिथि 07/07/1978 है जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड, पेन कार्ड, व अन्य दस्तावेजो में दर्ज है। यह कि मुझ शपथकर्ता की पत्नी की सही व सत्य जन्मतिथि 07/07/1978 मेरे सेवा अभिलेखो में दर्ज करे। शपथ पत्र दिनांक 02/05/2024 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय जबलपुर मप्र
सही जन्मतिथि -07/07/1978
गलत जन्मतिथि - 15/03/1977

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स का शुद्ध लाभ तीन गुना बढ़ा



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 17,528.59 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) में शुद्ध लाभ 5,496.04 करोड़ रुपये था। कंपनी का आय 1,19,986.31 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 1,05,932.35 करोड़ रुपये थी।

### बैंक ऑफ बडौदा का लाभ बढ़कर 4886 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 2.3 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 4,886 करोड़ रुपये हो गया। बीओबी ने शुक्रवार को मार्च, 2024 के इस तिमाही नतीजे की शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक ने 4,775 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

### टीवीएस क्रेडिट के लाभ में 33 फीसदी का इजाफा

**चेन्नई।** टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज लि. का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 33.43 प्रतिशत बढ़कर 148.29 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 111.13 करोड़ रुपये था। टीवीएस क्रेडिट सर्विसेज का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ बढ़कर 571.83 करोड़ रुपये हो गया।

### बजाज हिंदुस्तान शुगर का लाभ 31 फीसदी गिरा

**नई दिल्ली।** बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत घटकर 90.56 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 130.91 करोड़ रुपये था। तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 1,874.77 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,059.10 करोड़ रुपये थी।

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का लाभ 43 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सर्वोटेक पावर सिस्टम्स का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत घटकर 3.45 करोड़ रुपये रहा। 2022-23 की चौथी (मार्च) तिमाही का शुद्ध लाभ 6.05 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 136.65 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 119.98 करोड़ रुपये थी।

### विप्रो हाइड्रोलिक्स मेलहॉट का करेगी अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** घरेलू कंपनी विप्रो हाइड्रोलिक्स ने कनाडा स्थित मेलहॉट इंडस्ट्रीज की परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विप्रो हाइड्रोलिक्स, विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग का हाइड्रोलिक्स कारोबार है। एक बयान में कहा, 'विप्रो हाइड्रोलिक्स ने मेलहॉट इंडस्ट्रीज के अधिग्रहण के लिए एक निर्णायक समझौता किया है... यह नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है।' कंपनी ने हालांकि नियोजित सौदे से संबंधित कोई वित्तीय विवरण की जानकारी नहीं दी।

# टाटा नाम इस्तेमाल करने का लेता है फीस, टाटा संस ने दोगुनी कर दी फीस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दिग्गज कारोबारी समूहों में गिने जाने वाले टाटा ग्रुप का बिजनेस कई सेक्टर में फैला हुआ है।

- टाटा ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने खोली है कई कंपनियां

टाटा ग्रुप ने अलग-अलग सेक्टर में काम करने के लिए कई कंपनियां खोली हुई हैं।

ये सभी कंपनियां अपनी पैरेंट कंपनी टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने के बदले में रॉयल्टी फीस चुकाती हैं। अब टाटा संस ने इस रॉयल्टी फीस में इजाफा कर दिया है। अब टाटा ग्रुप की कंपनियों को टाटा संस को 200 करोड़ रुपये ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर चुकाने होंगे। टाटा ग्रुप ने इस फीस को दोगुना कर दिया है। किसी भी कंपनी के साथ टाटा का नाम जुड़ा होना कस्टमर्स के लिए एक भरोसे का प्रतीक होता है। इसी के बदले में टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी कंपनियां टाटा संस को रॉयल्टी फीस चुकाती हैं।

### सभी कंपनियां टाटा संस को टाटा का नाम इस्तेमाल करने की रॉयल्टी चुकाती है

#### रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी रॉयल्टी फीस

यह ब्रांड सब्सक्रिप्शन स्कीम टाटा संस के मानद अध्यक्ष रतन टाटा ने साल 1996 में शुरू की थी। इसके मुताबिक, ग्रुप की हर कंपनी या तो अपने सालाना रेवेन्यू का 0.25 फीसदी या फिर प्री टैक्स प्रॉफिट का 5 फीसदी टाटा संस को रॉयल्टी फीस के तौर पर देगी। यदि कोई कंपनी अप्रत्यक्ष तौर पर टाटा ग्रुप का नाम इस्तेमाल करती है तो उसे सालाना रेवेन्यू का 0.15 फीसदी देना होगा। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन से 1008 करोड़ रुपए कमाए थे।




#### सायरस मिस्त्री और चंद्रशेखरन ने किया था इसमें इजाफा

साल 2015 में टाटा संस के तत्कालीन चेयरमैन सायरस मिस्त्री ने ब्रांड सब्सक्रिप्शन का अधिकतम दायरा 75 करोड़ रुपए तय कर दिया था। इसके बाद वर्तमान चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इसे 100 करोड़ रुपए कर दिया था। अब इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपए पहुंचा दिया गया है।

#### टीसीएस ने शयरहोल्डर्स को दी जानकारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 5 साल पहले तक टाटा ब्रांड के मालिक टाटा संस 100 करोड़ रुपए रॉयल्टी फीस के तौर पर लेते थे। अब इस फीस को डबल कर दिया गया है। टीसीएस द्वारा शेयरधारकों को भेजी गई जानकारी से इस फैसले का पता चला है। टीसीएस के मुताबिक, उसने वित्त वर्ष 2024 में टाटा संस को ब्रांड सब्सक्रिप्शन फीस या रॉयल्टी फीस के तौर पर 200 करोड़ रुपए चुकाए हैं।

## सोना 950 रुपए प्रति दस ग्राम बढ़कर 73000 के पार

# अक्षय तृतीया की मांग से सोना 950 रुपए मजबूत, चांदी 2300 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी। वैश्विक स्तर पर तेजी के रुख और अक्षय तृतीया के अवसर पर मजबूत घरेलू मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 950 रुपए चढ़कर 73,000 रुपए के स्तर को पार कर गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार दिल्ली में सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

#### अमेरिकी आंकड़ों से सोने में आई तेजी

अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।



#### सोने का बंद भाव 52 डॉलर मजबूत रहा

गांधी ने कहा, 'अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खुदरा मांग बढ़ेगी, क्योंकि लोग सोने के सिक्के, छड़ और आभूषण खरीदेंगे।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है।

- सोना-चांदी की कीमतों में लगातार दो सत्रों से गिरावट रही
- चांदी 2300 रुपए उछलकर 85,500 रुपए प्रति किलोग्राम
- अक्षय तृतीया के अवसर पर खुदरा मांग में हुई वृद्धि

#### हाजिर सोना 73200 रुपए प्रति 10 ग्राम

इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है।'



#### सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़ा

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था। इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया।

#### चीन के बाद भारत दूसरा बड़ा उपभोक्ता

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

*देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच फीसदी से अधिक : स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।*

# भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी जेनएआई मंच 'हनुमान' पेश

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत का सबसे बड़ा बहुभाषी और किफायती स्वदेशी जेनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनएआई) मंच 'हनुमान' शुक्रवार को पेश किया गया। यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है।

ये 12 भारतीय भाषाएं हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, कन्नड़, ओडिया, पंजाबी, असमिया, तमिल, तेलुगु, मलयालम और सिंधी हैं। इसके अलावा, 'हनुमान' मंच अंग्रेजी, स्पेनिश, इतालवी, जर्मन, जापानी, कोरियाई जैसी 80 अन्य भाषाओं का समर्थन करेगा। इस एआई टूल को जेनरेटिव एआई कंपनी एसएमएल इंडिया ने अबू धाबी स्थित निवेश कंपनी 3एआई होल्डिंग के साथ साझेदारी में विकसित किया है। यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसे एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

आईओएस उपयोगकर्ताओं के लिए यह जल्द ही ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। एसएमएल इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विष्णु वर्धन ने कहा, 'भारत में एआई नवाचार के एक नए युग का 'हनुमान' प्रतिनिधित्व करता है। हमारा लक्ष्य एक साल में 20 लाख उपयोगकर्ताओं को इससे फायदा पहुंचाना है।'




- यह 12 भारतीय भाषाओं सहित 98 वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध
- यह ऐप अब भारत में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है

#### एआई कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं रहे


वर्धन ने कहा कि 80 प्रतिशत भारतीयों को अंग्रेजी ठीक से समझ नहीं आती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 'हनुमान' भारतीय भाषाओं का भी समर्थन करता है। इस मौके पर '3एआई होल्डिंग' के प्रबंध निदेशक अर्जुन प्रसाद ने कहा कि 'हनुमान' मंच यह सुनिश्चित करेगा कि एआई केवल कुछ लोगों का विशेषाधिकार न रहे, बल्कि हर भारतीय के लिए सुलभ उपकरण बने।

# खरीदारी से शेयर बाजार में रौनक लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबारियों के मुताबिक, विदेशी पूंजी की घरेलू बाजार से निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई। सेंसेक्स 260.30 अंक चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 97.70 अंक चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87 प्रतिशत का नुकसान उठाया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।'



- सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा, निफ्टी में 98 अंक की तेजी
- रिलायंस, आईटीसी और एयरटेल में रही खरीदारी

#### ये शेयर रहे लाभ में

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए।

#### इन शेयरों में रही गिरावट

दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### ऑडी इंडिया ने ऑडी क्यू3 का बोल्ड संस्करण उतारा



**नई दिल्ली।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने शुक्रवार को ऑडी क्यू3 बोल्ड और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक बोल्ड संस्करण भारतीय बाजार में पेश किए। ऑडी क्यू3 बोल्ड संस्करण की शोरूम कीमत 54,65,000 रुपये और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक बोल्ड संस्करण की कीमत 55,71,000 रुपये रखी गई है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, "ऑडी क्यू3 और ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक मौजूदा समय में हमारे सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल हैं। इन मॉडल को हमारे उपभोक्ताओं ने हमेशा पसंद किया है। अब ये दोनों मॉडल उपभोक्ताओं के लिए 'बोल्ड एडिशन' में पेश किए जा रहे हैं। ऑडी क्यू3 और क्यू3 स्पोर्टबैक संस्करण छह एयरबैग और 2.0 लीटर के टीएफएसआई इंजन से लैस हैं।

# दूरसंचार कंपनियां 28,200 फोन ब्लॉक करें : दूरसंचार विभाग

- 20 लाख कनेक्शन का फिर से सत्यापन हो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है। इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल 'हैंडसेट' का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया।

*धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतें बढ़ी: दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' मंच पेश किया था। इस पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है।*

### आईटी हार्डवेयर पीएलआई के तहत 17 कंपनियां शुरू करेगी उत्पादन

**फरीदाबाद।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को कहा कि आईटी हार्डवेयर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुने गये पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर विनिर्माताओं में से ज्यादातर के इस साल उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। कृष्णन ने यहां नेटवेब टेक्नोलॉजीज की एक नई अत्याधुनिक कंप्यूटिंग सर्वर विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के मौके पर अलग से बातचीत में कहा, ... 27 पीएलआई कंपनियों में से लगभग 17 इस साल उत्पादन शुरू कर देंगी। लगभग छह-सात ने पिछले साल उत्पादन शुरू किया था और दो ने अगले साल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने नवंबर, 2023 में आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत डेल, एचपी, फॉक्सकॉन, लेनोवो, नेटवेब टेक्नोलॉजीज सहित 27 कंपनियों के आवेदन को मंजूरी दी थी।

# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में हल्की सुस्त रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब होने से देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च में मासिक आधार पर मामूली रूप से घटकर 4.9 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2024 में देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) 4.9 प्रतिशत बढ़ गया। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिये आंका जाता है। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत रही थी जबकि मार्च 2023 में यह 1.9 प्रतिशत थी। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मार्च में खनन उत्पादन वृद्धि घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 6.8 प्रतिशत बढ़ी थी। मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के 1.5 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गई। मार्च में बिजली उत्पादन में भी 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



- सरकारी आंकड़ों के अनुसार 4.9 फीसदी रही
- मुख्य रूप से खनन क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रहा

*टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन बढ़ा: इस साल मार्च में टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों का उत्पादन 9.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि मार्च 2023 में इसमें आठ प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी।*

## हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई

# पटरी पर लौट रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। इसके साथ एरलाइन के परिचालन में शुक्रवार को धीरे-धीरे सुधार आना शुरू हो गया। चालक दल के सदस्यों की हड़ताल के कारण उड़ान सेवा बड़े पैमाने पर बाधित हुई थी।

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल की थी। उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

#### हड़ताल के कारण परिचालान में की गई कटौती

हड़ताल के कारण टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मंगलवार रात से 170 उड़ानों को रद्द किया था। एयर इंडियाएक्सप्रेस प्रतिदिन लगभग 380 उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी ने हड़ताल के कारण परिचालन में कटौती की।

#### एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रतिदिन 380 उड़ानें संचालित करता है




#### चालक दल की कमी से 85 उड़ानें की गई थी रद्द

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण बृहस्पतिवार को 85 उड़ानें या अपनी कुल दैनिक क्षमता का लगभग 23 प्रतिशत रद्द किया था। एयरलाइन ने बृहस्पतिवार हड़ताल खत्म होने के बाद कहा था कि वह उड़ान कार्यक्रम को तेजी से बहाल करने में मदद करेगी और उन यात्रियों से माफी भी मांगी जो उड़ानें रद्द होने से प्रभावित हुए थे।

#### चालक दल के सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी थी

एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने 'बीमार' होने की सूचना दी थी। उसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस को उड़ानें रद्द करनी पड़ी

#### प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

चालक दल के अधिक सदस्यों की उपलब्धता के साथ शुक्रवार से परिचालन बेहतर होने की उम्मीद है। एयरलाइन औसतन प्रतिदिन 120 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और 260 घरेलू सेवाएं संचालित करती है।

#### दो दिनों में स्थिति होगी सामान्य

अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। चालक दल के जो सदस्य हड़ताल पर थे, वे अब काम पर लौट रहे हैं। एयरलाइन उन्हें 'फिटनेस' प्रमाणपत्र प्राप्त करने में मदद दे रही है। अधिकारी ने यह भी कहा कि ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शाम के समय की हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 3.66 अरब डॉलर का इजाफा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा।




- मई के समाप्त सप्ताह में बढ़कर हुआ 641.59 अरब डॉलर

## चिंतन

# कनाडा को अलगाववाद के समर्थन की आजादी नहीं

खालिस्तानी अलगावादी तत्वों को लेकर कनाडा का रुख चिंतनीय है। भारत के आतंकवाद के खतरे के बारे में बार बार आगाह करने के बाद भी कनाडा का खालिस्तानी अलगाववादियों के प्रति सहानुभूति वाले रुख से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई कमजोर पड़ेगा। कनाडा को इस बात का भान है कि नहीं, लेकिन समूची दुनिया खतरनाक आतंकवाद का सामना कर रही है, और सभी प्रमुख ताकतें इसके खिलाफ लड़ रही हैं। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम, यूके आदि देश आतंकवाद के दंश को झेल चुके हैं। खालिस्तानी अलगाववादियों के प्रति कनाडा का सिलेक्टव होना खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत ने दो टूक कहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद के समर्थन की आजादी नहीं है। कनाडा अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर खालिस्तानी अलगाववादियों के कृत्यों का समर्थन करना रहा है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। आतंकवाद विश्व के लिए कितना खतरनाक साबित हो सकता है, इसका विश्व के सामने कुछेक बड़े उदाहरण हैं। अमेरिका ने 9/11 भुगता, भारत ने मुंबई ब्लास्ट व 26/11 का सामना किया, भारत तो करीब चार दशक से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है। आतंकी गुट तालिबान का अफगानिस्तान पर शासन है, इस्लामिक स्टेट की वजह से इराक व सीरिया लहूलुहान हुए। आज आतंकी गुट हमास के हमले के चलते इजराइल को जंग लड़ना पड़ रहा है, इसमें खास बात है कि आतंकी गुट हूती समेत ईरान व कतर जैसे राष्ट्र आतंकी गुट हमास के पक्ष में इजराइल को धमका रहे हैं और हमास का साथ दे रहे हैं। इसलिए वैश्विक आतंकवाद के सभी रूपों को पहचानना जरूरी है, इसके खतरे के प्रति सचेत रहना आवश्यक है और इसके खिलाफ सामूहिक रूप से लड़ना भी जरूरी है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना उचित है कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से 'अधिक शक्तिशाली' है। भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। हैरानी है कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है? किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर कनाडा में ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो कनाडा सरकार का दायित्व है कि वह इसकी जांच करे। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नई दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है। निज्जर मुद्दे में अमेरिका भी कूदा हुआ है, हालांकि भारत की प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका संभला है। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। यह लगभग 10 वर्षों से चल रहा है। पिछले कुछ महीनों में, कनाडा में अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर भारत चिंता व्यक्त करता रहा है। कनाडा अड़ियल रुख छोड़े, खालिस्तानी अलगाववादियों को पनाह देना बंद करे, आतंकवाद को पालने का क्या हश्र होता है, यह कनाडा पाकिस्तान से सीखे।

## सारा संसार



*हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में बजरेश्वरी मंदिर नगरकोट में स्थित है, भारत के 51 शक्ति पीठों में से एक है। ऐसा माना जाता है कि जलती हुई देवी सती का बायां स्तन उस भूमि पर गिरा जहां आज खूबसूरत ब्रजेश्वरी मंदिर है, जिसे भारत में सबसे अधिक देखे जाने वाले तीर्थ स्थलों में से माना जाता है।*

## सवाल

बालमुकुन्द ओझा



# राहुल को गुस्सा क्यों आता है

राहुल गांधी को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते हैं, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है, जब लोग उन्हें तरह-तरह की उपमाओं से नवाजते हैं। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिला, मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे वंचित रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किंवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की, मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। अमेठी में हार से भी उनका जनाधार घटा। भाजपा का कहना है कि जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों ले। सोनिया, प्रियंका और कांग्रेस के नेता इस सोच में डूबे हैं कि आखिर राहुल में क्या कमी रह गई की जनता उसे स्वीकार नहीं कर रही है। राहुल गांधी खूब पसीना बहाने के बावजूद सियासत में वह मुकाम हासिल नहीं कर पा रहे हैं, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर प्रयासरत है। गांधी-नेहरू परिवार में दो ही ऐसे नेता हुए जिन्होंने हार का स्वाद चखा। एक हार इंदिरा गांधी के साथ जुड़ी है। 1977 में इंदिरा गांधी रायबरेली से समाजवादी नेता राज नारायण से हार गई थी। इस सियासी परिवार के नाम दूसरी हार राहुल गांधी के नाम है, जिन्हें 2019 में स्मृति ईरानी ने हराकर धमाका कर दिया था। हालांकि राहुल वायनाड से जीत कर संसद पहुंच गए थे। राहुल पिछले दो दशकों से जनता से जुड़े मुद्दे उठाकर लगातार एक सफल राजनेता की भूमिका में सक्रियता से जुड़े हैं, मगर लाख प्रयासों के बावजूद वे अपनी पार्टी को हार के गर्त में जाने से नहीं रोक पाए। राहुल की भारत जोड़ो और न्याय यात्रा भी जनता में कोई खास प्रभाव नहीं छोड़ पाई। जब दुनियाभर के दिग्गज नेता दिल्ली में आयोजित जी-20 में शामिल होकर जहां भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में खुलकर सराहना कर रहे थे तो वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर देश और मोदी के खिलाफ जहर उगल रहे थे। अपनी यूरोप यात्रा के दौरान बेल्जियम पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थाओं पर चौतरफा हमला हो रहा है। गौरतलब है राहुल ने संवैधानिक संस्थाओं पर भी हमला बोला है। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है, अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

प्रभात कुमार राय

यूक्रेन 2 वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध की ज्वालाओं में जलकर खाक होता रहा है और समस्त दुनिया यूक्रेन की तबाही का महज तमाशा देखती रही है। रूस की सेना द्वारा यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन विमानों के हमले तेज कर दिए गए हैं। एक ही दिन में 500 से 1000 मिसाइलों को यूक्रेन के शहरों पर दागा जा रहा है। विगत वर्ष पूर्वी यूक्रेन के जिन शहरों पर यूक्रेन सेना द्वारा फिर से अपना आधिपत्य स्थापित किया था, इस वर्ष उन शहरों को रूसी सेना द्वारा फिर से जीत लिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यूक्रेन युद्ध तकरीबन अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है, जबकि रूस सैन्य फतेह के अत्यधिक निकट आ चुका है।

# यूक्रेन युद्ध एक नए दौर में

पूर्वी यूक्रेन में चारों तरफ विध्वंस और भयानक तबाही का दर्दनाक मंजर दिखाई देता है। यूक्रेन वस्तुत 2 वर्ष से भी अधिक वक्त से जारी युद्ध की भीषण ज्वालाओं में जलकर खाक होता रहा है और समस्त दुनिया यूक्रेन की तबाही का महज तमाशा देखती रही है। वर्ष 2024 प्रारंभ होते ही रूस की सेना द्वारा यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन विमानों के हमले बहुत तेज कर दिए गए हैं। एक ही दिन में 500 से 1000 मिसाइलों को यूक्रेन के प्रमुख शहरों पर लगातार दागा जा रहा है। पूर्वी यूक्रेन इन के शहरों में राजधानी कीव, वलेरी, खार और जापोरोजिया के नगर मुख्य तौर पर शामिल है। विगत वर्ष पूर्वी यूक्रेन के जिन शहरों पर यूक्रेन सेना द्वारा फिर से अपना आधिपत्य स्थापित किया था, इस वर्ष उन शहरों को रूसी सेना द्वारा फिर से जीत लिया गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यूक्रेन युद्ध तकरीबन अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है, जबकि रूस सैन्य फतेह के अत्यधिक निकट आ चुका है।

यूक्रेन के नागरिकों को और यूक्रेन की हुकूमत को यह प्रबल उम्मीद थी कि इन नाटो सैन्य संगठन में शामिल पश्चिम के यूरोपीय देश और अमेरिका यकीनन यूक्रेन को रूस के विरुद्ध जारी युद्ध में भरपूर सैन्य सहायता करेंगे। पश्चिम के नाटो सैन्य संगठन के दमखम पर ही यूक्रेन ने नाटो का सदस्य देश बनने की दरखास्त पेश की थी, जिसकी प्रतिक्रिया के कारण रूस द्वारा इस युद्ध का आगाज किया गया। क्योंकि रूसी हुकूमत को पक्का अंदेशा था कि नाटो सैन्य संगठन में यूक्रेन के शामिल हो जाने के पश्चात नाटो सेनाएं उसकी सरहद पर तैनात हो जाएंगी, इसीलिए रूस द्वारा 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर सैन्य धावा बोल दिया गया। रूस के प्रेसिडेंट पुतिन को उम्मीद थी कि कुछ ही महीनों में रूसी सेना का लाल झंडा यूक्रेन की राजधानी कीव पर लहरा दिया जाएगा। प्रेसिडेंट पुतिन की इस उम्मीद पर विकट वज्रपात करने के लिए वस्तुतः यूक्रेन की पराक्रम और शौर्य से परिपूर्ण आम जनता जिम्मेदार है। यूक्रेन के बेहद बहादुर जनमानस ने 2 वर्ष से अधिक वक्त तक रूस की सेना के छक्के छुड़ाए रखें है, किंतु इस वक्त यूक्रेन की जनसेना के पास आधुनिकतम हथियारों की बेहद कमी हो गई है, क्योंकि अमेरिका की संसद में यूक्रेन को सैन्य सहायता प्रदान करने पर कुछ नए अवरोध उत्पन्न कर दिए गए हैं। यूक्रेनी जनसेना के कमांडर इन चीफ जनरल वेलेरिली ने फरमाया है कि इस युद्ध को आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों और आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के बल पर ही जीता जा सकता है। यूरोप के नाटो देशों में यूक्रेन युद्ध के प्रश्न पर गंभीर फूट पड़ गई है। पूर्वी यूरोप के देश स्लोवाकिया में तो रूस समर्थक सरकार सत्तासीन हो गई है। यूक्रेन युद्ध के दौर में यूक्रेन की अर्थव्यवस्था तो तकरीबन बर्बाद हो चुकी है, किंतु तीव्र गति से रूस की अर्थव्यवस्था निरंतर शक्तिशाली होती जा रही है और रूस की जीडीपी में पांच प्रतिशत की सालाना ग्रोथ दर्ज की गई है। यूक्रेन युद्ध के दौर में रूस की अर्थव्यवस्था के शक्तिशाली होते जाने की पृष्ठभूमि में निहित है, उसका आर्थिक स्रोत प्राकृतिक गैस और तेल का निर्यात। एक तरफ अमेरिका और यूरोप द्वारा रूस पर कड़े आर्थिक



प्रतिबंध आयद किए गए हैं और इसके परिणामस्वरूप प्राकृतिक गैस और तेल की सप्लाई यूरोप में बेहद कम हो गई है, किंतु रूस को चीन में और भारत में प्राकृतिक गैस और तेल निर्यात का नए बाजार उपलब्ध हो गए हैं। रूस के लिए प्राकृतिक गैस और तेल और सैन्य हथियारों का निर्यात ऐसा प्रबल आर्थिक स्रोत हैं, जिससे रूस की अर्थव्यवस्था युद्ध के लंबे दौर में भी डगमगाई नहीं है, वरन और अधिक शक्तिशाली होकर उभरी है। उल्लेखनीय है कि रूस विश्व पटल पर प्राकृतिक गैस और तेल उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी देशों की श्रेणी में एक रहा है। व्लादिमीर पुतिन ने प्राकृतिक गैस और तेल की आर्थिक ताकत को प्रेसिडेंट येल्तसिन के दौर में रूस का प्रधानमंत्री बनते ही पहचान लिया था और रूस का प्रेसिडेंट बनते ही सबसे पहले उन्हें उन्होंने तेल उत्पादन के औलीगार्क बन गए खोदरकोवस्की को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया और प्राकृतिक गैस और तेल उत्पादन करने वाली कंपनी गैसप्राम को पूरी तरह से हुकूमत के सीधे नियंत्रण में ले लिया गया।

नेपोलियन का कहना था की फ़ौज पेट के बल मार्च करती है। अतः कोई भी देश प्रबल आर्थिक शक्ति के बलबूते पर ही कोई दीर्घकालीन युद्ध लड़ सकता है। युद्ध के दौर में तकरीबन नष्ट हो चुकी यूक्रेन की अर्थव्यवस्था उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गई है। यूक्रेन के नागरिक बड़े पैमाने पर पूर्वी यूरोप के देशों में पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। यूक्रेन के पास आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों का जबरदस्त अभाव उत्पन्न हो चुका है और नाटो राष्ट्रों की ओर से उसको भरपूर सैन्य सहायता प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के संचालन में सैनिकों को दीक्षित होने में काफी वक्त लग जाता है और युद्ध के दौर में किसी सेना के पास सैन्य प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त वक्त भी नहीं होता है। केवल सेना के शौर्य और पराक्रम के बल पर यदि युद्ध जीता जा सकता तो फिर यूक्रेन को भी वियतनाम की तरह कोई पराजित नहीं कर सकता है। वियतनाम को अमेरिकी सेना से युद्ध करने के लिए सोवियत रूस और चीन के आधुनिकतम हथियार प्राप्त होते रहे थे, किंतु जमीनी हकीकत है कि किसी सेना को युद्ध में निर्णायक तौर पर फतेहयाब होने के लिए आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों और टेक्नोलॉजी की आवश्यकता भी उतनी ही रहती है, जितनी कि सैन्य पराक्रम और शौर्य। यूरोपीय यूनियन ने अब यूक्रेन को अपना सदस्य बनाने के बारे में विचार करना प्रारंभ किया है। यदि यूक्रेन यूरोपीय यूनियन का सदस्य देश बन जाता है तो उसकी अर्थव्यवस्था में एक नई जान फूंकी जा सकती है। अफगानिस्तान में अमेरिका यूक्रेन युद्ध में सीधे कूदने को तैयार नहीं है। अमेरिका की कयादत के बिना कोई भी नाटो देश यूक्रेन युद्ध में रूस के विरुद्ध अपने सैनिक नहीं भेजेगा, अतः रूस को अब कौन पराजित कर सकेगा। यूक्रेन के पास हथियार नहीं है, मनोबल बचा है। हां अगर आधुनिकतम हथियार भरपूर मात्रा में यूक्रेन को प्रदान कर दिए जाएं तो फिर इस युद्ध को आगे भी यूक्रेन की जनसेना दीर्घकाल तक लड़ा सकती है।

यूक्रेन युद्ध का शांतिपूर्ण निदान निकालने के लिए समस्त यूरोप ने बड़ी उम्मीद के साथ भारत की तरफ देखा था, लेकिन दुर्भाग्यवश भारत अपने इस कथन से आगे नहीं बढ़ सका कि यह दौर युद्ध का दौर नहीं है। कूटनीतिक तौर पर भारत ने यूक्रेन युद्ध का समुचित निदान निकालने के लिए कोई सार्थक पहल अंजाम नहीं दी। चीन तो कदाचित कोई निदान निकल नहीं सकता था क्योंकि वह तो खुलकर रूस के साथ खड़ा हो गया है और उसको आधुनिक लड़ाकू विमान और अन्य अस्त्र-शस्त्र उपलब्ध करा रहा है। तकरीबन दो सैन्य खेमों में विभाजित हो चुके विश्व में केवल भारत ही एक ऐसा देश है, जिसके कूटनीतिक ताल्लुकात रूस और अमेरिका के साथ अत्यंत मैत्रीपूर्ण हैं। यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और विश्व शांति की खातिर शानदार पहल करने में भारत कूटनीतिक रूप से चूक गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता



संकलित

## दर्शन

'भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# दूसरों की जरूरतें पूरी करना ही दान



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत का एक प्रसंग है। एक दिन युधिष्ठिर ने वेद व्यास से पूछा कि दान बड़ा है या पूजा-पाठ और तपस्या? व्यास जी ने युधिष्ठिर को अपनी बात समझाने के लिए एक कथा सुनानी शुरू की। व्यास जी ने कहा कि एक मुद्गल नाम के महर्षि थे, वे भिक्षा मांगकर जीवन चलाते थे। भिक्षा में उन्हें आटा, खाने-पीने की चीजें, हवन सामग्री मिल जाती थीं। दान में मिली चीजों से ही वे खाना बनाते और पूजा-पाठ करते थे। कभी-कभी ऐसे दिन भी आते थे, जब उन्हें भिक्षा नहीं मिल पाती थी। अधिकतर अमावस्या और पूर्णिमा पर ऐसा हुआ करता था। इन दोनों तिथियों पर ऋषि मुद्गल से मिलने दुर्वासा ऋषि आया करते थे। दुर्वासा मुनि को खाना खिलाने के बाद उनके लिए कुछ बचता नहीं था तो उन्हें भूखे रहना पड़ता था। एक दिन फिर ऐसा ही हुआ तो दुर्वासा मुनि ने मुद्गल ऋषि से पूछा कि आप मुझे खाना देकर खुद भूखे रहते हैं, लेकिन मैंने कभी भी आपके चेहरे पर भूख के लक्षण नहीं देखे हैं, क्या आपको भूख नहीं लगती है? मुद्गलजी ने कहा कि मेरे लिए दान का महत्व सबसे ज्यादा है। अन्न दान तो सर्वश्रेष्ठ होता है, जब आपकी भूख शांति होती है, तब मैं भी तृप्त हो जाता हूं। मैं दान पुण्य कमाने के लिए नहीं करता हैं, मैं सिर्फ दूसरों की मदद करना चाहता हूं। व्यास जी ने युधिष्ठिर को आगे समझाया कि तपस्या स्वयं के लिए की जाती है, लेकिन दान हमेशा दूसरों की भलाई के लिए किया जाता है। इसलिए दूसरों की आवश्यकता की पूर्ति करना ही दान है। इसलिए दान तप से भी श्रेष्ठ है। जब हम दान करते हैं तो प्रकृति भी हमें इसका शुभ फल किसी न किसी रूप में जरूर लौटाती है।

## सटाका




## आज की पाती

### कई राज्यो में चिलचिलाती गर्मी से जनजीवन प्रभावित

कई राज्यो में मई के पहले सप्ताह में गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। पारा उबाल पर है और लू के थपेड़ों से जीवन प्रभावित हुआ है। कई राज्यो में पारा ने लोगों को खूब तपाया। बढ़ती गर्मी के कारण लोग दोपहर को घर से निकलना पसंद नही करते हैं। मौसम विभाग ने भी सतर्कता बरतने की सलाह दी है। दोपहर 12 से शाम को 4 बजे तक बच्चों को बाहर नही निकलना चाहिए। मौसम विभाग ने पारा और अधिक बढ़ने की संभावना जताई है। लोग घरों में कुलर और वातानुकूलित व्यवस्था में लगे है। देश में गर्मी बढ़ने से लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। – **कान्तिलाल मांडोत**, सूरत

## करंट अफेयर


# पोप का आग्रह, इतालवी ज्यादा बच्चों को जन्म दे

पोप फ्रांसिस ने इटली के लोगों से ज्यादा बच्चों को जन्म देने का आग्रह किया और आगाह किया कि देश का जनसांख्यिकीय संकट भविष्य के लिए खतरा है। पोप ने परिवारों की मदद के लिए दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'जन्म की संख्या लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। बच्चों और युवाओं के बिना एक देश की भविष्य के प्रति कोई आकांक्षा नहीं रह जाती।' इटली में जन्म दर पहले ही काफी कम है और यह 15 वर्षों से लगातार गिर रही है। यह पिछले साल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। देश में पिछले वर्ष 3,79,000 शिशुओं का जन्म हुआ। वैटिकन के मजबूत समर्थन से इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने 2033 तक सालाना कम से कम 5,00,000 शिशुओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान शुरू किया है। जनसांख्यिकी विशेषज्ञों का कहना है कि यह दर इटली की बढ़ती आबादी के बोझ तले अर्थव्यवस्था को ढहने से रोकने के लिए जरूरी है। पोप ने दंपतियों को और अधिक बच्चे जन्म देने के प्रति प्रोत्साहित करने के वास्ते दीर्घकालिक नीतियां बनाने की भी मांग की।



## ऑफ बीट

# नींद में पड़ी झुर्रियां होती हैं अस्थायी



जब आप सुबह नींद से जागते हैं और शीशे में अपना चेहरा देखते हैं तो पता चलता है कि रातों रात चेहरे पर कुछ झुर्रियां उभर आयी हैं। नींद में पड़ने वाली ये झुर्रियां अस्थायी होती हैं। लेकिन जैसे ही आपकी उम्र के साथ त्वचा का लचीलापन खत्म होता है, ये झुर्रियां सही हो सकती हैं। झुर्रियां बनने से रोकने की संभावना कम से कम करने के लिए आप क्या-क्या कर सकते हैं। करवट लेकर सोने से आपके चेहरे पर क्या असर होता है: आपकी त्वचा पर कई कारणों से झुर्रियां पड़ती हैं, जिनमें उम्र बढ़ना, धूप से होने वाला नुकसान, धूम्रपान, पानी कम पीना, आदतन चेहरे के भाव (जैसे मुस्कुराना, थपथपाना, भौंहें चढ़ाना) और सोने की स्थिति शामिल हैं। जब आप करवट लेकर या पेट के बल सोते हैं तो आपके चेहरे की त्वचा में कसावट आ जाती है और पीठ के सहारे सोने पर यह और अधिक कस जाती है। जब आप करवट लेकर या पेट के सहारे सोते हैं तो तकिए के विरुद्ध आपके चेहरे पर गुरुत्वाकर्षण का दबाव होता है। तो जब आप नींद में हिलते हैं तो आपके चेहरे की त्वचा पर प्रभाव पड़ता है, यह दबती है और सभी दिशाओं में खिंचती है। आप पीठ के सहारे या बार-बार सोने की मुद्रा बदलकर चेहरे पर इन बाहरी कारकों के प्रभाव को कम कर सकते हैं। डॉक्टर आपके चेहरे को देखकर बता सकते हैं कि आपको किस करवट सोना चाहिए।

## ट्रेंड

### इंडी का सूरज अस्त होगा



विकसित भारत के निर्माण के महायज्ञ में आहुति देने के लिए जनता-जनार्दन इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। नंदुरबार में लोगों का उत्साह साफ बता रहा है कि 4 जून को कांग्रेस और इंडी अघाड़ी का सूरज अस्त होने जा रहा है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं



यदि आप इच्छाओं को पूरा करने के बजाय अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हैं, तो आप इस जीवन को सहजता से, शालीनता से, बहुत अच्छा करते हुए आगे बढ़ेंगे। इंसान होने का मतलब है कि आप जो कुछ भी करते हैं उसके बारे में सचेत रहने में सक्षम होना

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### गिनती का विरोध क्यों



बजाय जातिगत जनगणना कराने के मोदी अकर्मण्य आर्थिक सलाहकार समिति की मनगढ़ंत रिपोर्ट के पीछे ना छुपें। हम डंके की चोट पर जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं जिससे दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीब सामान्य वर्ग से न्याय हो। मोदी गिनती का विरोध क्यों करते हैं?

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### 500 मिलियन डॉलर खर्च करेगा



टेस्ला इस साल हजारों नए चार्जर बनाने के लिए हमारे सुपरचार्जर नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 500 मिलियन डॉलर से अधिक खर्च करेगा। यह केवल नई साइटों पर है, संचालन लागतों की गणना नहीं की जा रही है, जो बहुत अधिक हैं।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र) पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



हरिभूमि रण भूमि

लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



# अमेठी के कोने-कोने से वाकिफ किशोरी लाल दे पाएंगे स्मृति को टक्कर?

*कांग्रेस ने अमेठी से पार्टी के पुराने कार्यकर्ता केएल शर्मा यानी किशोरीलाल शर्मा को उम्मीदवार बनाकर राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। बहुत लोगों के लिए शर्मा नाम अनसुना लग सकता है लेकिन अमेठीवासी किशोरीलाल और उनकी शख्सियत को भली भांति जानते हैं। शर्मा कांग्रेस के पुराने दिग्गज हैं और वो अमेठी के कोने-कोने से वाकिफ हैं। कहते हैं अमेठी में शर्मा कांग्रेस के एक मजबूत स्तंभ हैं। जमीनी स्थानीय नेता होने के नाते उनकी हैसियत एक वोट बैंक मैनेजर की रही है। कांग्रेस ने ऐसे शख्स को आगे करके बीजेपी की सांसद स्मृति ईरानी के आगे नई चुनौती पेश कर दी है। अमेठी का चुनाव दिलचस्प हो गया है, कांग्रेस ने बहस को नई दिशा दे दी है। अब बीजेपी का मुद्दा ही बदल गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

### दिलचस्प हो गया है कांग्रेस के 'मजबूत गढ़' में चुनाव

लुधियाना के शिवाजी नगर निवासी किशोरी लाल गांधी परिवार विश्वासपात्र हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने किशोरी लाल को कई जिम्मेदारियां दी थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। सोनिया गांधी ने उनको रायबरेली से सांसद प्रतिनिधि भी बनाया था और अब वे स्मृति को चुनौती दे रहे हैं। इधर, स्मृति ईरानी तीसरी बार अमेठी से चुनाव लड़ रही हैं. 2014 के चुनाव में उनकी हार हुई थी लेकिन 2019 का चुनाव उन्होंने राहुल गांधी को हराकर जीता था। वहीं केएल शर्मा पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। सियासी गलियारे में अब चर्चा इस बात की हो रही है कि 20 मई को होने वाले चुनाव में केएल शर्मा और स्मृति ईरानी में आखिर किसका पलड़ा कितना भारी रह सकता है।

**गांधी परिवार के विश्वासपात्र हैं किशोरी लाल**

**20 मई को होगा इस हाई प्रोफाइल सीट पर मतदान**



*स्मृति, शर्मा की कुल संपत्ति : चुनावी हलफनामे के अनुसार, स्मृति के पास अभी 8 करोड़, 75 लाख और 24 हजार की संपति है जबकि पति की संपत्ति मिलाकर उनके पास करीब 17 करोड़ की संपति है। पिछले चुनाव में उनकी कुल संपत्ति 11 करोड़ थी. इसी तरह शर्मा की कुल संपत्ति करीब 6.5 करोड़ से ज्यादा है। उनके परिवार की कुल संपत्ति करीब 13 करोड़ है।*

*वर्ष 1967 में गठित हुई अमेठी लोकसभा सीट के पहले दो चुनाव में कांग्रेस का ही दबदबा रहा। विद्याधर वाजपेयी 1967 और 1971 में यहां से सांसद चुने गए। 1977 में पहली बार गांधी परिवार और अमेठी का रिश्ता शुरू हुआ। हालांकि संजय को 77 के उनके पहले चुनाव में नसबंदी विरोधी लहर के चलते रविंद्र प्रताप सिंह से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1980 में गांधी ने बड़े अंतर के साथ रविंद्र प्रताप सिंह को मात दी। कुछ माह बाद ही संजय गांधी का निधन हो गया। उनके बड़े भाई राजीव गांधी ने उपचुनाव लड़ा और भारी मतों से विजयी हुए।*

**1967 से रहा है कांग्रेस का दबदबा**

### असली वारिस बनने की लड़ाई

1984 के चुनाव में राजीव के सामने संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी मैदान में उतरीं। अमेठी सीट का असली वारिस बनने के लिए दोनों में रोचक लड़ाई हुई लेकिन परिणाम एकतरफा राजीव के पक्ष में रहे। राजीव चुनाव जीत कर देश के प्रधानमंत्री बने। 1989 में एक बार फिर जीत राजीव के पाले में रही। 1991 में राजीव की हत्या के बाद आए परिणामों में भी वह निर्वाचित हुए थे। इसके बाद कैप्टन सतीश शर्मा ने अमेठी की बागडोर संभाली व उपचुनाव में वह विजयी हुए। 1996 में भी वह सांसद चुने गए। 1998 में पहली बार सीट पर भाजपा का खाता खुला जब डॉ. संजय सिंह ने कैप्टन सतीश शर्मा को हरा दिया। 1999 में जब सोनिया गांधी सक्रिय राजनीति में आईं तो उन्होंने भी यही सीट चुनी और विजयी हुईं। 2004 में उन्होंने यह सीट पुत्र राहुल गांधी के लिए छोड़ दी। राहुल लगातार तीन चुनाव में यहां से विजेता रहे।

### इतिहास में दर्ज 2019 का चुनाव

अमेठी में 2019 का चुनाव देश की राजनीति के इतिहास में दर्ज हो गया। यह ऐसा चुनाव था जिसमें पहली बार कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष को हार का सामना करना पड़ा था। स्मृति ने राहुल को 55 हजार वोटों से शिकस्त दी थी।

## सोशल मीडिया

### सैम पित्रोदा ने की बकवास बात : राबर्ट वाड्रा



रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल असहमत हूं। उन्होंने बकवास की बात की है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जो व्यक्ति इतना पढ़ा-लिखा हो वह ऐसा कैसे कह सकता है। वे राजीव गांधी के बहुत करीबी थे लेकिन उन्हें थोड़ा जिम्मेदार होना चाहिए। वाड्रा ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके एक बयान से भाजपा को अनावश्यक मुद्दे उठाने का मौका मिल जाता है। गौरतलब है, पित्रोदा ने देश के विभिन्न इलाकों के लोगों के रंग को लेकर टिप्पणी की थी।

### ...मुंह का स्वाद खराब हो जाता है : योगी आदित्यनाथ



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकेत दिया है कि जल्द ही अकबरपुर का नाम बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, "शहर का नाम लेने से मुंह का स्वाद खराब हो जाता है। निश्चिंत रहें, ये सभी चीजें बदल जाएंगी। हमें अपने देश से उपनिवेशवाद के सभी अवशेषों को खत्म करना होगा और अपनी विरासत का सम्मान करना होगा।" योगी आदित्यनाथ का यह आश्वासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पांच प्रतिज्ञा' के अनुरूप है, जिसमें भारत के चेहरे से गुलामी के अवशेषों को हटाना और दूसरों के बीच विरासत का सम्मान करना शामिल है।

## 'राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाएगी कांग्रेस'

**हिमंत बिस्वा सरमा का दावा**



**मलकानगिरी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दावा किया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के स्थान पर बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कर सकती है। ओडिशा के मलकानगिरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए हिमंत ने मस्जिद के पुनर्निर्माण को रोकने के लिए जनता से भाजपा को 400 सीटें जिताने का आग्रह किया। हिमंता ने कहा कि लोग हमसे पूछते हैं कि हम 400 सीटें क्यों चाहते हैं। हमें 400 सीटें इसलिए चाहिए, क्योंकि कांग्रेस राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण करा सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत में बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी न हो। यही कारण है कि हमें पीएम मोदी को 400 से अधिक सीटें देनी होंगी और उन्हें पीएम बनाना होगा।

### मुसलमानों को अलग से आरक्षण देने नहीं देंगे

हिमंता ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम करती आयी है। हमारी सरकार का यह मानना है कि आरक्षण का लाभ सिर्फ SC/ST/OBC समाज को मिलना चाहिए। मुसलमानों के लिए अलग से आरक्षण देने का कांग्रेस का जो मंसूबा है, वो हम कभी भी साकार होने नहीं देंगे। मोदी जी के नेतृत्व में असम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिलाओं को प्रति माह आर्थिक मदद देती है। ओडिशा में BJD सरकार ने महिलाओं की सहायता क्यों नहीं की? BJP की सरकार आते ही हम महिलाओं को 50,000 रुपए दिया जाएगा।

## 'जनता के पैसे से बने मंदिर को क्या कोई बंद कर सकता है'

**शरद पवार ने साधा पीएम मोदी पर निशाना**



**बीड (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि लोग अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से खुश हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस टिप्पणी के लिए आलोचना की कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मंदिर पर 'बाबरी नाम का ताला' लगा देगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आश्चर्य जताया कि क्या कोई सरकार लोगों के सहयोग से बने मंदिर को बंद कर सकती है। शरद पवार ने जनसभा में मौजूद लोगों से सवाल किया, "क्या आपने कभी किसी सरकार को लोगों के पैसे से बने मंदिर को बंद करते हुए सुना है?" अयोध्या में राम मंदिर लोगों के अंशदान से बनाया गया है। पवार ने कहा, "देश खुश है कि अयोध्या में राम मंदिर बन गया है। देश भर से लाखों लोगों ने इसके निर्माण में योगदान दिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया तो यह मंदिर पर ताला लगा देगा। क्या ऐसा हो सकता है?"

### यह कहा था प्रधानमंत्री ने

उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मोदी ने मध्य प्रदेश में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) लोकसभा चुनाव में 400 सीट पर जीत दर्ज करे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस नहीं लाये और साथ ही अयोध्या के राम मंदिर पर 'बाबरी नाम का ताला' न लगाए।

**दस साल सत्ता में काबिज बीआरएस दो राष्ट्रीय दलों के बीच संघर्ष को मजबूर**

# तेलंगाना में भाजपा और कांग्रेस के बीच आमने-सामने की चुनावी जंग

*दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में पिछले कुछ माह से बदली सियासी परिस्थियों के बीच ऐसे समय में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, जब आंध्र प्रदेश से अलग होते ही तेलंगाना में सत्तासीन हुई टीआरएस (अब बीआरएस) को दस साल बाद कांग्रेस के हाथों राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी। पिछले लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीट लेने वाली टीआरएस इस बार लोकसभा चुनाव में दो राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस बीच होती नजर आ रही चुनावी जंग में फंसती दिख रही है।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

तेलंगाना में कुछ माह पूर्व सत्ता में आई कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है, लेकिन दूसरी ओर पिछले चुनाव में चार सीट जीतने वाली भाजपा के लिए कर्नाटक के बाद दक्षिण भारत में तेलंगाना में अपनी सियासी जमीन में लगातार विस्तार की संभावनाएं नजर आ रही है। दरअसल इस बार के. चन्द्रशेखर राव की बीआरएस को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए बीआरएस नई चुनावी रणनीति के साथ लोकसभा के त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देने के प्रयास में है। हालांकि इस बार तेलंगाना में



ज्यादातर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही आमने सामने की चुनावी जंग हो सकती है।

आंध्र प्रदेश से दो जून 2014 को अलग हुए तेलंगाना में उस समय की तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चन्द्रशेखर राव ने ऐसा सिक्का जमाया कि वह लगातार सत्तारुढ़ पार्टी रही और कांग्रेस का वर्चस्व तेजी के साथ कम होता चला गया। लेकिन कांग्रेस के अलावा भाजपा भी तेलंगाना के लोकसभा और विधानसभा में तेलंगाना अपनी मौजूदगी दर्ज कराती रही है। अब पिछले साल के अंत में राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के बहुमत के सामने बीआरएस को सत्ता से बेदखल होना पड़ा। तेलंगाना की राजनीति के परिवर्तन के साथ मानो बीआरएस पर सियासी संकट मंडराना शुरु हो गया। हालात यहां तक पहुंच गये कि लोकसभा चुनाव आते आते बीआरएस में इतनी तोड़फोड़ हुई कि दो तरफा संकट से घिरी केसीआर की भारत राष्ट्र समिति को इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस जैसी दो राष्ट्रीय दलों के बीच मुकाबले में बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### जातीय समीकरण

*तेलंगाना राज्य की आबादी में हिंदू 85 फीसदी, 13 फीसदी मुस्लिम और 2 फीसदी ईसाई हैं। यहां सियासी जातीय समीकरण पर गौर की जाए, तो राज्य में ओबीसी 57 प्रतिशत और अनुसूचित जाति 15.4 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति 9.5 प्रतिशत है। वहीं राज्य में 18 फीसदी सवर्ण और करीब 10 फीसदी आदिवासी समुदाय भी राजनीति में अहम योगदान देते आ रहे हैं।*

### 17 लोकसभा सीटों के लिए होगा चुनाव

तेलंगाना की 17 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने के लिए 3,17,17,389 मतदाता पंजीकृत हैं। देश की 543 सीटों में तेलंगाना की सात विधानसभाओं क्षेत्र से बनी मल्काजगिरि लोक सभा सीट पर मतदाताओं के आधार पर सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र हैं, जहां इस बार लोकसभा चुनाव के लिए 37,47,265 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना हुआ है हैं। तेलंगाना में जिन 17 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा, आदिलाबाद, पेद्दापल्ली, करीमनगर, निजामाबाद, मेडक, मल्काजगिरि, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नलगोंडा, नगरकुरनूल, भुवनगिरी, वारंगल, महबुबाबाद, खम्मम, जहीराबाद शामिल हैं।

### इन सीटों पर दिग्गजों के बीच मुकाबला

तेलंगाना में हैदराबाद, सिकंदराबाद, निज़ामाबाद, करीमनगर और मल्काजगिरी लोकसभा सीटों पर राजनीति के दिग्गजों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। इनमें हैदराबाद सीट पर पांचवी बार चुनाव लड़ रहे सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी जैसे दिग्गज को चुनौती देने के लिए भाजपा ने प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना और उद्यमी माधवी लता को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि हैदराबाद से सटी सीट से केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भाजपा प्रत्याशी के रुप में तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका मुकाबला कांग्रेस के दानम नागेन्द्र और बीआरएस के टी. पद्मा राव गौड से होगा। करीमनगर भाजपा ने मौजूदा सांसद बंदी संजय कुमार. को प्रत्याशी बनाया है।

### इस कारण बढ़ा वोटिंग का समय

तेलंगाना में भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण हैदराबाद, करीमनगर, जहीराबाद, सिंकदराबाद, चेवेल्ला, नगरकर्नूल, भोंगिर, निजामाबाद ,मेडक, मल्काजगिरि, महबूबनगर और नलगौंडा सीट पर मतदान का समय सुबह सात बजे से पांच बजे के बजाय छह बजे तक किया है। इसके अलावा आदिलाबाद की पांच, पेद्दापल्ले की तीन, वारंगल की की छह, महबुबाद के तीन और खम्मन लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान क्षेत्रों के मतदान के लिए भी यही राहत दी है।

**महाराष्ट्र के नंदुरबार की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

# 'विपक्ष मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है लेकिन जनता मेरा सुरक्षा कवच'

**नंदुरबार (महाराष्ट्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं। जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि नकली शिवसेना अपने पसंदीदा वोट बैंक को खुश करने के लिए उन्हें इस तरह से गाली देती हैं। गौरतलब है, मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में दफनाने की शिवसेना नेता संजय राउत ने कथित टिप्पणी



की थी। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है- मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है।

### कांग्रेस के साथ मरने से बेहतर है अजित और शिंदे के साथ हो लें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नकली राकांपा और नकली शिवसेना ने चार जून को कांग्रेस में विलय करने का मन बना लिया है। चार जून के बाद कांग्रेस में जाकर मरने के बजाय सीना तानकर हमारे अजीत दादा के साथ और एकनाथ शिंदे के साथ आओ, बड़े शान से सपने पूरे हो जाएंगे। मालूम हो कि शरद पवार ने हाल ही में एक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा था कि अगले कुछ साल में कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के और करीब आएंगे और उसमें विलय कर लेंगे।

**अखिलेश के समर्थन में किया प्रचार**

# कन्नौज में गरजे राहुल- '22 लोगों के लिए काम करते हैं नरेंद्र मोदी'

**लखनऊ।** राहुल गांधी ने एक चुनावी जनसभा के दौरान कहा कि नरेंद्र मोदी 22 लोगों के काम करते हैं। जिनके पास 70 करोड़ लोगों के बराबर पैसा है। इसके लिए इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है कि हम 22 अरबपति की जगह करोड़ों गरीब परिवारों को लखपति बनाएंगे। यूपी के कन्नौज लोकसभा से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनावी मैदान में हैं। जहां उनके समर्थन में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जनता से कहा कि बीजेपी और मोदी सरकार ने देश का पैसा केवल 22 लोगों को दिया है। ये पैसा 70 करोड़ लोगों के बराबर है। अगर मोदी सरकार 22 अरबपति तैयार कर सकती है तो हम करोड़ों गरीब परिवारों की एक सूची तैयार करके उन्हें लखपति बनाएंगे।



### '10 साल में कभी नहीं लिया अदाणी-अंबानी का नाम'

कांग्रेस सांसद और वायनाड और रायबरेली से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी ने कहा, '10 साल में नरेंद्र मोदी ने कभी अडानी और अंबानी का नाम नहीं लिया। जब कोई व्यक्ति डर जाता है तो वह उन लोगों का नाम लेता है जिनके बारे में उसे लगता है कि वे उसे बचा सकते हैं। तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो मित्रों का नाम लिया और कहा कि मुझे बचा लो, इंडिया गठबंधन ने मुझे घेर लिया है, मैं हार रहा हूं। अडानी-अंबानी, मुझे बचा लो। इसीलिए उन्होंने उनका नाम लिया है।

**पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट का है रोचक इतिहास**

# 52 प्रतिशत मुस्लिम आबादी... लेकिन आज तक नहीं जीता कोई मुसलमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में पश्चिम बंगाल में एक सीट ऐसी है जहां पर 52% मुस्लिम आबादी है लेकिन हैरानी की बात यह है कि यहां से आज तक एक भी मुस्लिम सांसद चुनाव जीत कर लोकसभा में नहीं पहुंचा है। इस सीट का नाम है बहरामपुर। बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी 1999 से लगातार जीत हासिल करते आ रहे हैं। अधीर रंजन चौधरी के विजय रथ को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इस बार क्रिकेटर यूसुफ पठान को टिकट दिया है। टीएमसी को कभी भी बहरामपुर लोकसभा सीट पर जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव 2019 में अधीर रंजन चौधरी की जीत का अंतर 81,000 वोटों का रहा था। यूसुफ पठान की जीत के लिए टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूरी ताकत लगा रही हैं। इसलिए इस बार चौधरी के लिए बहरामपुर में चुनावी मुकाबला आसान नहीं है। अधीर रंजन चौधरी के सामने एक बड़ी मुश्किल यह है कि इस बार उन्हें एक मुस्लिम उम्मीदवार से चुनौती मिल रही है। जबकि पिछले पांच चुनावों में ऐसा नहीं था।

### कांग्रेस के अधीर रंजन 1999 से हैं सांसद



**अधीर के साथ पठान को भी मुश्किल**

2009 के लोकसभा चुनाव के बाद यहां अधीर रंजन चौधरी को मिले वोट में 11% की कमी आई है। 2009 के लोकसभा चुनाव में अधीर रंजन चौधरी को 56.91% वोट मिले थे जबकि 2019 में उन्होंने 45.47% वोट हासिल किए थे। मुश्किल यहां यूसुफ पठान के लिए भी है क्योंकि उन्हें बांग्ला भाषा नहीं आती और वह हिंदी में ही लोगों को संबोधित करते हैं। इस वजह से यहां पर बाहरी उम्मीदवार का का मुद्दा भी हावी है। चौधरी को लेकर तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के रिश्तों में खांसी तकरार देखने को मिल चुकी है। लोकसभा चुनाव के लिए जब पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और टीएमसी के बीच गठबंधन की चर्चा चल रही थी तब टीएमसी ने अधीर रंजन चौधरी के बयानों को लेकर खासी नाराजगी जताई थी। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन से इनकार कर दिया था। पश्चिम बंगाल में टीएमसी अकेले चुनाव लड़ रही है जबकि कांग्रेस और वाम दल गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में हैं।

### बहरामपुर से कौन जीता चुनाव

बहरामपुर सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में से 11 बार रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी को जीत मिली है। जबकि छह बार कांग्रेस ने यहां से जीत हासिल की है। 1952 से लेकर 1980 तक यहां से एक ही उम्मीदवार लगातार चुनावी जीत हासिल करते रहे। इनका नाम त्रिदीब चौधरी था।

### मुस्लिम मतों के बंटवारे से है भाजपा को उम्मीद

बीजेपी ने यहां से निर्मल साहा को टिकट दिया है। निर्मल साहा के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनावी जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। बीजेपी यहां हिंदू मतों को एकजुट करना चाहती है और उसे उम्मीद है कि अगर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच मुस्लिम वोटों का बंटवारा हुआ तो उसे इसका फायदा मिल सकता है।

### मुस्लिमों के बाद एससी मतदाता हैं ज्यादा

बहरामपुर में 52% मुस्लिम के अलावा 13.2% अनुसूचित जाति (एससी) और 0.9% अनुसूचित जनजाति (एसटी) के मतदाता हैं। ईसाई (0.25 %), जैन (0.04 %) और सिख (0.01 %) भी हैं। बहरामपुर लोकसभा सीट में सात विधानसभा सीटें, बुरवान (एससी), कंडी, भरतपुर, रेजीनगर, बेलडांगा, बहरामपुर और नाओदा हैं। ये सभी सीटें मुर्शिदाबाद जिले में हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को सात में से छह सीटों पर जीत मिली थी और एक सीट बीजेपी के खाते में गई थी।




> लोकसभा चुनाव में इस बार देश के कई राज्यों में मतदान के आंकड़ों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कई राज्यों में मतदान घट गया है, पर सुकून की बात यह है कि छग की कई सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। यहां तक कि रायपुर लोकसभा ने भी बाजी मार ली। पिछले चुनाव के मुकाबले यहां वोटिंग का आंकड़ा बढ़ा है। यह सब हुआ है प्रशासन की ऐहतियाती तैयारी और कड़ी मशक्कत के साथ अभिनव प्रयोग से। कलेक्टर गौरव सिंह ने चावल-पाती के साथ मतदाताओं को न्योता देने से लेकर बूथों पर स्वागत-सत्कार जैसे प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया, जो सफल रहा।

मप्र की राजधानी भोपाल पिछड़ गया, पर छग की राजधानी रायपुर में कमाल, पिछले चुनाव से वोटिंग ज्यादा

# देश में घटा मतदान, पर छग में बढ़ा, रायपुर ने भी मारी बाजी, प्रशासन का प्रयोग रहा सफल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

छग में तीसरे चरण की वोटिंग पर नजर डालें तो यह संतोषप्रद है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में राज्य में इस बार 1.31 प्रतिशत वोटिंग बढ़ी है। रायपुर लोकसभा भी वोटिंग प्रतिशत में आगे रहा है। रायपुर लोकसभा में भी इस बार 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जो पिछले चुनाव से 0.82 प्रतिशत अधिक है। जिला प्रशासन ने रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग का प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान के तहत कई सराहनीय प्रयास किए हैं। इसमें कई जगहों पर बैनर-पोस्टर के साथ स्वीप अभियान के तहत कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता, घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर भी मतदाताओं को जागरूक किया है। प्रशासन के इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी मिले, जिससे रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार वोटिंग प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने गुरुवार को मतदाताओं को जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी शासकीय , गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में तीन चरणों में हुए मतदान में कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

**प्रदेश में 72.8 % मतदान इस बार 1.31% ज्यादा पड़े वोट**



**तीसरे चरण के मतदान के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| सरगुजा | 79.89 |
| रायगढ़ | 78.85 |
| कोरबा | 75.63 |
| दुर्ग | 73.68 |
| जांजगीर-चांपा | 67.56 |
| रायपुर | 66.82 |
| बिलासपुर | 64.77 |




रायपुर लोकसभा क्षेत्र में इस बार कुल 66.82 प्रतिशत वोटिंग हुई है जो पिछले चुनाव की तुलना में .82 प्रतिशत ज्यादा है। रायपुर में सबसे ज्यादा अभनपुर विधानसभा में 81.19 प्रतिशत वोटिंग हुई है, वहीं धरसींवा में 75.64, रायपुर ग्रामीण में 59.24%, रायपुर पश्चिम में 56.65%, रायपुर उत्तर में 57.71%, रायपुर दक्षिण में 61.42%, आरंग में 72.73% वोट पड़े है। इसके अलावा बलौदाबाजार में 73.24% तथा भाटापारा विधानसभा में 69.53 % वोटिंग हुई है।

**रायपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.82% वोटिंग अभनपुर में सबसे ज्यादा**

## सकारात्मक प्रयास से बढ़ी वोटिंग : कलेक्टर गौरव सिंह



रायपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ा इस पर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए हमने इस बार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कई आयोजन किए। इन आयोजनों के दौरान पहली बार घर-घर मतदाताओं को पीले रंग वाले चावल और आमंत्रण पत्र (पाती) देकर मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने प्रेरित किया है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 7 लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र दिया गया। इसके अलावा कार रैली, बाइक रैली, नुक्कड़ नाटक, क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को मतदान जागरूकता का संदेश दिया।

## सोशल मीडिया

### पित्रोदा को जितने जूते मारें, उतने कम हैं : लक्ष्मण सिंह



मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने पूर्व ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा को जूते मारने की बात कह है। लक्ष्मण सिंह ने एक्स पर लिखते हुए कहा कि "सैम पित्रोदा का बयान अत्यंत शर्मनाक है। इसमें जितने जूते मारे उतने कम हैं। "लक्ष्मण सिंह के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। गौरतलब है, पित्रोदा ने नार्थ ईस्ट, दक्षिण सहित अन्य राज्य के लोगों के रंग पर टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद हो गया है, देशभर में उनकी आलोचना हो रही है।

### 'बांटो और राज करो' कांग्रेस की नीति : मुख्यमंत्री योगी



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस को जमकर घेरा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वह कांग्रेस के बुद्धिदाता हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस की 'बांटो और राज करो' की जो नीति है उसी को सैम पित्रौदा आज बयान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को 1947 में बांटने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आजादी के बाद भी जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश को बांटने का पाप कांग्रेस ने किया है। सैम पित्रौदा का बयान अत्यंत निंदनीय है और यह बयान 140 करोड़ भारतवासियों को अपमानित करने वाला है।

## बृजमोहन-विकास कार्यकर्ताओं से ले रहे फीडबैक तो शिव डहरिया परिवार को दे रहे समय

# चुनाव से लौटे, पर फुर्सत अभी नहीं, सरोज उप्र विजय प्रयागराज और देवेंद्र जाएंगे रायबरेली

*छत्तीसगढ़ में लोकसभा का चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के कुछ प्रत्याशी जहां दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार करने जाने वाले हैं, वहीं कुछ ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलना-जुलना जारी रखा है। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और विकास उपाध्याय कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं। पार्टी का निर्देश मिलने पर ये दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*







**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, भिलाई**

दुर्ग लोकसभा के प्रत्याशी विजय बघेल 12 मई से प्रयागराज जाएंगे। कोरबा से चुनाव लड़ने वाली सरोज पांडेय फिलहाल अपने बीमार पिता के साथ हैं। वह जल्द ही उत्तर प्रदेश जाएंगी। राष्ट्रीय संगठन ने उनको वहां जाने के निर्देश दिए हैं। बिलासपुर से चुनाव लड़ने वाले देवेंद्र यादव अभी परिवार के साथ व्यस्त हैं। लेकिन वे भी आज-कल में रायबरेली जाएंगे जहां से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी शिव डहरिया परिवार के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. सरोज पांडेय कोरबा से लौटते समय बिलासपुर महामाया मंदिर में दर्शन करने के बाद बुधवार देर रात रिसाली स्थित अपने घर पहुंची। विश्राम करने के बाद डॉ. पांडेय गुरुवार की सुबह सबसे पहले सेक्टर-9 स्थित अस्पताल में भर्ती अपने पिता श्यामजी पांडेय से मिलने पहुंची। डॉ. सरोज ने अपने पिता से आशीर्वाद लिया और घंटों एकांत में अपने पिता के साथ रही। श्यामजी पांडेय अस्वस्थ हैं और उनका उपचार सेक्टर-9 अस्पताल में जारी है। पिता से मिलने के बाद डॉ. सरोज सेक्टर-9 के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। अस्पताल से लौटकर डॉ. सरोज ने अपने बड़े भाई राकेश पांडेय, भाभी और बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। कुछ एक परिचितों से भी मुलाकात की। जानकारी के अनुसार डॉ. सरोज पांडेय जल्द उत्तर प्रदेश जाएंगी। वहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी द्वारा दायित्व दिया गया है उसका निर्वहन करेंगी।

### देवेंद्र अभी परिवार के बीच

बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव बुधवार तकरीबन रात 1:30 बजे भिलाई स्थित सेक्टर-5 पहुंचे। रात को आराम करने के बाद गुरुवार की सुबह देवेंद्र यादव अपनी पत्नी डॉ. श्रुतिका के हाथों बनाया गरमा गरम नाश्ता किया। उसके बाद मां पुष्पा यादव और बेटे राम के साथ समय व्यतीत किया। देवेंद्र ने घर पर बेटे राम के साथ जमकर मस्ती की। दोपहर का भोजन करने के बाद चुनावी थकान मिटाने आराम करना मुनासिब समझा। जानकारी के अनुसार विधायक देवेंद्र यादव आज-कल में रायबरेली उत्तर प्रदेश जाकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के चुनावी अभियान को गति देंगे।

### विजय बोले- करेंगे गंगा के दर्शन

दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ने बताया, पार्टी के निर्देश पर वे 12 मई को प्रयागराज जा रहे हैं। वहां पर भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में काम करेंगे। उन्होंने कहा, फिलहाल किसी धार्मिक स्थान पर जाने का कार्यक्रम नहीं है, लेकिन प्रयागराज जा रहे हैं तो वहां पर गंगाजी का दर्शन करके डुबकी लगाएंगे।

### बृजमोहन-विकास की कार्यकर्ताओं से चर्चा

*रायपुर लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद बृजमोहन अग्रवाल के निवास में कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है। लगातार उनसे मिलने के लिए कार्यकर्ता आ रहे हैं और अभी से उनको बधाई दे रहे हैं। सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि बड़े अंतर से जीत मिलेगी। श्री अग्रवाल भी आने वाले समय में पार्टी का निर्देश मिलने पर दूसरे राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। कांग्रेस के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बताया वे अभी तो कार्यकर्ताओं से लगातार मिल रहे हैं, लेकिन जल्द ही पार्टी का निर्देश मिलने पर वे किसी राज्य में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे।*

## '15 मिनट नहीं, बस 15 सेकेंड के लिए हट जाए पुलिस तो'



**नवनीत राणा ने दी ओवैसी बंधुओं को चुनौती**

**हैदराबाद।** देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चौथे चरण की वोटिंग से पहले एक बार फिर सियासी लड़ाई हेट स्पीच तक आ पहुंची है। बीजेपी नेता और अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने हैदराबाद में ओवैसी भाइयों को खुली चुनौती दी है। बीजेपी प्रत्याशी माधवी लता के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंची राणा ने कहा, 'छोटा बोलता है कि, पुलिस को 15 मिनट हटा दो तो हम दिखाएंगे की क्या कर सकते हैं। छोटे को मेरा कहना है, तुझे 15 मिनट लगेंगे छोटे, हमको सिर्फ 15 सेकंड लगेंगे। 15 सेकंड के लिए अगर पुलिस को हटाया तो छोटे-बड़े को ये पता नहीं लगेगा कि कहां से आया कहां को गया।' बता दें कि एआईएमआईएम प्रमुख के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने साल 2013 में दी गई एक हेट स्पीच में कहा था कि अगर पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा लिया जाए तो हम 25 करोड़ (मुस्लिम) 100 करोड़ (हिंदुओं) को खत्म कर देंगे। उनके इसी बयान को आधार बनाकर नवनीत ने टिप्पणी की है।

### 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए : ओवैसी

इधर, अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार राणा के बयान पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी पलटवार किया है। ओवैसी ने कहा, 'मैं पीएम मोदी से कह रहा हूं कि आप 15 सेकंड दें। 15 सेकंड नहीं, बल्कि एक घंटा ले लीजिए। प्रधानमंत्री के पास ये अख्तियार है। हम तैयार हैं, हम डरने वाले नहीं हैं। हम भी यह देखना चाहते हैं कि आपमें कितनी इंसानियत बची है। हमको बता दीजिए कहां पर आना है, हम आ जाते हैं।

## तेलंगाना में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# 'राहुल की चाइनीज गारंटी' वर्सेज 'पीएम मोदी की भारतीय गारंटी'

**एजेंसी ▶▶| हैदराबाद**

लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की वोटिंग का वक्त नजदीक आ गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस को सीधे निशाने पर लिया। शाह ने कहा, 2024 का चुनाव राहुल गांधी विरुद्ध नरेंद्र मोदी का चुनाव है। यह चुनाव वोट फॉर जिहाद विरुद्ध वोट फॉर विकास का चुनाव है। यह चुनाव अपने परिवार के कल्याण विरुद्ध देश की जनता के कल्याण का चुनाव है। यह चुनाव राहुल



गांधी की चाइनीज गारंटी के खिलाफ....मोदी की भारतीय गारंटी का चुनाव है। शाह का कहना था कि तुष्टिकरण की जो एबीसी है न, इसका मतलब है- ए से असउद्दीन ओवैसी, बी से बीआरएस, सी से कांग्रेस पार्टी।

### तेलंगाना में इस बार 10 से ज्यादा सीटें जीतेंगे

शाह ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने वादे पूरे नहीं करती है। हालांकि, पीएम मोदी अपनी गारंटी पर कायम हैं। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म किया, ताकि अनंत काल तक कश्मीर में तिरंगा लहराता रहे। शाह का कहना था कि 2019 में तेलंगाना की जनता ने हमें 4 सीटें दीं. इस बार हम तेलंगाना में 10 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेंगे। तेलंगाना में यह डबल डिजिट स्कोर पीएम मोदी को 400 सीटों के पार पहुंचा देगा। कांग्रेस चाहती है- झूठ बोलकर चुनाव लड़ना. वो कहते हैं कि अगर पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो आरक्षण खत्म कर देंगे।

## रायबरेली में प्रियंका गांधी ने साधा निशाना

# 'बीजेपी की मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी'

**एजेंसी ▶▶| रायबरेली**

गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में प्रियंका गांधी चुनाव प्रचार अभियान को धार देने के लिए पहुंची हैं। यहां पर एक जनसभा में प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के खिलाफ झूठ फैलाने में लगी हुई है। बीजेपी को टारगेट करते हुए यह भी कहा कि पार्टी धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बोलती है लेकिन असल मुद्दों पर बात करने से बचती है। रायबरेली में प्रियंका ने कहा कि यहां के लोग नेताओं को सही तरीके सा जानते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को



जब इंदिरा गांधी की नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने इंदिरा गांधी को हरा दिया। इंदिरा गांधी गुस्सा नहीं हुई और उन्होंने आत्ममंथन किया। आपने उनको दोबारा से चुना। यही तो रायबरेली की खासियत है कि वह नेताओं को सही से समझते हैं।

### अंबानी-अदाणी को लेकर भी बीजेपी पर निशाना साधा

प्रियंका ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राहुल गांधी अदाणी का नाम नहीं ले रहे हैं। सच्चाई यह है कि राहुल गांधी रोजाना अदाणी के बारे में बात करते हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी भी उनका नाम लेने के लिए मजबूर हैं। 'पीएम मोदी के 400 सीटों की जरूरत है इसलिए कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला नहीं लगा सकती' वाले बयान पर टिप्पणी करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरासर झूठ है। कांग्रेस ने बार-बार कहा है कि हर कोई सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करेगा और आगे भी करते रहेंगे।

## 'बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है, यौन शोषण का आरोप झूठा'



**बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा**

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

यूपी के कैसरगंज से बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोप से लेकर बेटे को बीजेपी का टिकट पर बातचीत की। बृजभूषण सिंह ने बेटे के टिकट को लेकर कहा, बीजेपी अभी भी मेरे साथ खड़ी है। अगर पार्टी ने मेरे बेटे को टिकट नहीं दिया होता तो आप कह सकते थे कि पार्टी मेरे साथ नहीं खड़ी है। बता दें कि महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के बीच बीजेपी ने उत्तर प्रदेश की कैसरगंज सीट से बृजभूषण के बेटे करण भूषण को मैदान में उतारा है। बृजभूषण ने कहा, इसे किसी भी तरह से देखा जा सकता है। अपने बेटे को उत्तराधिकारी के रूप में देखना एक पिता के लिए बहुत संतोषजनक है। बृजभूषण छह बार के सांसद हैं।

### 'खुद फांसी पर लटक जाऊंगा'

महिला पहलवानों से यौन शोषण मामले को लेकर बृजभूषण ने कहा, हम इस केस में निर्दोष निकलेंगे। सारे आरोप गलत हैं। कुछ नहीं हुआ है। सिर्फ झूठ ही झूठ है। सच्चाई सामने आएगी। अगर एक भी प्रकरण साबित हो जाएगा कि हां मैंने किसी के साथ कोई शरारत की है तो स्वत: फांसी पर लटक जाऊंगा। जो मेरा पूर्व का बयान है, उसी पर कायम हूं।

## वर्तमान लोस अध्यक्ष ओम बिरला तोड़ पाएंगे मिथक, दिलचस्प होगा यह चुनाव

# 1999 के बाद से कोई स्पीकर दोबारा नहीं पहुंचा संसद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**


राजस्थान में चंबल नदी के किनारे बसा कोटा देश की शैक्षिक राजधानी बन चुकी है, लेकिन राजनीतिक नक्शे पर भी इसकी अहमियत काफी ज्यादा है। कोटा का लोकसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। इस बार बीजेपी ने यहां से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चुनावी दंगल में उतारा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने प्रह्लाद गुंजल को टिकट दिया है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को चुनाव जीतकर फिर से संसद जाना काफी चुनौती भरा हो सकता है। क्योंकि पिछले कुछ चुनाव के आकड़ों पर नजर डालें तो जो कोई भी लोकसभा स्पीकर बना है वह दोबारा से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद नहीं पहुंच सका है।

### जीएमसी बालयोगी




अब सबसे पहले बात करतें है जीएमसी बालयोगी की। अक्टूबर 1999 में जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी पीएम थे। तो तेलुगु देशम पार्टी के नेता जीएमसी बालयोगी को लोकसभा का स्पीकर बनाया गया। हालांकि, वे ज्यादा लंबे समय तक स्पीकर के पद पर नहीं रह सके। 3 मार्च 2002 को कैकालुर आंध्र प्रदेश में एक हेलीकॉप्टर हादसे में उनका निधन हो गया।

### मनोहर जोशी



हेलीकॉप्टर हादसे में निधन के बाद अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में शिवसेना के नेता मनोहर जोशी को लोकसभा का स्पीकर चुना गया था। 2 साल 23 दिनों तक स्पीकर रहने के बाद जब साल 2004 में लोकसभा के इलेक्शन हुए तो जोशी मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। राजनीति में मजबूत पकड़ के बावजूद वे हार गए।

### सोमनाथ चटर्जी



2004 में यूपीए की सरकार ने दोबारा से सत्ता में वापसी की। तब सबकी सहमति से चटर्जी अध्यक्ष बने। वे पश्चिम बंगाल की बोलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर सदन में पहुंचे थे। साल 2008 में अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील पर पार्टी का विरोध करने पर वे 23 जुलाई 2008 को सीपीएम ने निलंबित हुए। अगस्त 2008 में उन्होंने सरकार का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राजनीति को अलविदा कह दिया।

### मीरा कुमार



2009 में यूपीए सरकार ने फिर से सत्ता में वापसी की। मनमोहन सिंह दोबारा से देश के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने मीरा कुमार को कैबिनेट में मंत्री बनाया। हालांकि, कुछ दिनों के बाद ही उन्हें लोकसभा का स्पीकर चुन लिया गया। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में सासाराम से ही उन्हें बीजेपी के छेदी पासवान से हार का सामना करना पड़ा और वह संसद नहीं पहुंच सकीं।

### सुमित्रा महाजन



2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और इंदौर लोकसभा सीट से लगातार 8 बार चुनाव जीतने वाली सुमित्रा महाजन को सर्वसम्मति से स्पीकर बनाया गया। जब साल 2019 के चुनाव में टिकट के बंटवारे को लेकर चर्चा की जा रही थी तो उस समय सुमित्रा की उम्र को देखकर उनके नाम का ऐलान करने में देरी हो रही थी। पार्टी की हिचकिचाहट को देखते हुए सुमित्रा ने खुद ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी।

### ओम बिरला



2019 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनी। इस बार भारतीय जनता पार्टी के कोटा सांसद ओम बिरला को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया गया। बीजेपी ने फिर से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ओम बिरला को ही कोटा से टिकट दिया है। उनके सामने बीजेपी से कांग्रेस में शामिल होकर आए प्रहलाद गुंजल से कड़ी टक्कर है। इस सीट पर रोचक मुकाबला होगा।

## कांतिलाल-अनीता के बीच बराबरी का मुकाबला

# भाजपा को रतलाम शहर में बड़ी बढ़त कांग्रेस को झाबुआ से भरपाई की उम्मीद

## मतदाताओं में 2019 चुनाव जैसा उत्साह नहीं



### बनते-बिगड़ते समीकरण

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा-कांग्रेस के बीच जैसा कांटे का मुकाबला पहले चरण की मंडला, छिंदवाड़ा, दूसरे चरण की सतना और तीसरे चरण की मुरैना, राजगढ़ सीट में देखने को मिला, लगभग वैसी ही स्थिति चौथे चरण वाले रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की है। यहां भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान का मुकाबला कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया से है। संभवतः यह एकमात्र ऐसी सीट है जहां भाजपा को टिकट वितरण का अपना फार्मूला तोड़ना पड़ा। पार्टी नेतृत्व ने परिवारवाद के मुद्दे को ताक पर रखकर रतलाम-झाबुआ से प्रदेश सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता सिंह को मैदान में उतार रखा है।





### आदिवासी वर्ग के लिए सीट आरक्षित

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित इस सीट में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से कहीं भाजपा मजबूत है तो कहीं कांग्रेस। भाजपा को रतलाम शहर से सबसे बड़ी लीड की उम्मीद है तो कांग्रेस को भरोसा है कि अकेले झाबुआ विधानसभा सीट से वह इस अंतर की भरपाई कर लेगी। कांतिलाल यहां से कई चुनाव जीत चुके हैं, जबकि भाजपा की अनीता पहला लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने यहां से अपने सांसद जीएस डामोर का टिकट काट दिया है। डामोर ने पिछली बार कांतिलाल भूरिया को ही 90 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। डामोर टिकट काटे जाने से नाराज भी हैं। इस सीट को लेकर भाजपा की चिंता का पता चलता है।

### रतलाम-झाबुआ में कभी कांग्रेस जीती, कभी भाजपा

रतलाम लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज मिला-जुला रहा है। जब सीट का नाम झाबुआ था, तब कांग्रेस जीत दर्ज करती रही और परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया तो कभी भाजपा जीती तो कभी कांग्रेस। झाबुआ में पहले कांग्रेस के दिलीप सिंह भूरिया जीतते थे, लेकिन परिसीमन के बाद जब सीट का नाम रतलाम हो गया, तब वे भाजपा में चले गए। इसके बाद 2009 के पहले चुनाव में कांतिलाल ने दिलीप सिंह को हरा दिया। 2014 में दिलीप ने कांतिलाल को हरा कर उसका बदला ले लिया। दिलीप सिंह के निधन के बाद 2015 के उप चुनाव में भाजपा ने उनकी बेटी निर्मला भूरिया को टिकट दिया, लेकिन कांतिलाल ने उन्हें हरा दिया। सीट का भौगोलिक एरिया तीन जिलों तक फैला है। ये जिले झाबुआ, रतलाम और अलीराजपुर हैं। लोकसभा क्षेत्र में झाबुआ जिले की तीन विधानसभा सीटें झाबुआ, थांदला, जोबट और रतलाम जिले की भी तीन रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना आती हैं। अलीराजपुर की दो विधानसभा सीटें जोबट और अलीराजपुर भी इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा हैं। इनमें से झाबुआ जिले की 2 और अलीराजपुर की एक सीट कांग्रेस के पास हैं जबकि रतलाम जिले की 2 और झाबुआ-अलीराजपुर की एक-एक सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### विक्रांत ने संभाली पिता के चुनाव की कमान

रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा सीटों में कहीं भाजपा मजबूत दिखाई पड़ती है तो कहीं कांग्रेस। रतलाम शहर में भाजपा को विधानसभा में बड़ी लीड मिली थी, लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के पक्ष में यह स्थिति बरकरार रह सकती है। कांग्रेस को भरोसा है कि इसकी भरपाई वह झाबुआ विधानसभा सीट से कर लेगी। यहां कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के बेटे डॉ. विक्रांत भूरिया विधायक हैं। विक्रांत युकां के प्रदेश अध्यक्ष थे, लेकिन पिता के चुनाव के लिए उन्होंने पद छोड़ दिया था और पिता कांतिलाल के चुनाव की पूरी बागडोर अपने हाथ में थाम रखी है। इसी प्रकार भाजपा को अलीराजपुर और जोबट में लीड मिल सकती है तो दूसरी तरफ कांग्रेस को थांदला और पेटलावद में। लोग बताते हैं कि रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी का मुकाबला हो सकता है। यहां भाजपा कुछ बढ़त ले सकती है, जबकि सैलाना में (जहां से बाप पार्टी के विधायक हैं) कांग्रेस अच्छी बढ़त ले सकती है। इस तरह विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा-कांग्रेस के बीच बराबरी की टक्कर देखने को मिल रही है।

### भाजपा और कांग्रेस ने ताकत झोंकी

*चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। बावजूद इसके मतदाताओं में 2019 के लोकसभा चुनाव जैसी उग्रता और उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। पिछले चुनाव से पहले एक आतंकवादी हमले में 40 जवानों के शहीद होने के बाद भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इस घटना के कारण मतदाताओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत थी। इसकी वजह से उनमें मतदान के प्रति उत्साह था। उम्मीद थी कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद राम लहर के कारण इस बार भी मतदाताओं में पिछली बार जैसा ही उत्साह होगा, लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिल रहा। पहले दूसरे चरण में पिछली बार की तुलना में 8 से 10 फीसदी तक वोटिंग कम हुई। इसके बाद सभी के सामूहिक प्रयास से तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत में कुछ सुधार हुआ। चौथे चरण में भी मतदाताओं में ज्यादा उत्साह देखने को नहीं मिल रहा। हालांकि राजनीतिक दल और निर्वाचन आयोग ज्यादा मतदान के लिए पूरे प्रयास कर रहा है। रतलाम- झाबुआ लोकसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। यहां का मतदाता भी चुनाव के प्रति उदासीन दिखाई पड़ता है।*

### भील-भलाला समाज में बंट गया आदिवासी समाज

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट में भील और भलाला समाज ज्यादा है। भाजपा की अनीता सिंह भिलाला समाज से हैं जबकि कांग्रेस के कांतिलाल भील समाज से आते हैं। लोकसभा क्षेत्र में भील समाज 60 से 70 फीसदी जबकि भिलाला 30 से 40 फीसदी है। कांतिलाल यह हवा देने में कामयाब दिखते हैं कि वे भील हैं और अनीता भिलाला। इसकी वजह से भील समाज कांतिलाल के पक्ष में लामबंद होता दिख रहा है। इसका बड़ा फायदा कांग्रेस को हो सकता है। क्षेत्र में मुस्लिम समाज भी बड़ी तादाद में है, वह भी कांग्रेस का प्रतिबद्ध वोटर है। क्षेत्र में दलित समाज की बड़ी तादाद है, यह भाजपा-कांग्रेस के बीच लगभग 50-50 फीसदी नजर आ रहा है। दूसरी तरफ भिलाला समाज भाजपा के पक्ष में लामबंद है। जैन समाज के अलावा अन्य सामान्य वर्ग की जातियां (क्षत्रिय छोड़कर) भाजपा के पक्ष में दिखाई पड़ती हैं। इसके अलावा दोनों दलों का अपना-अपना प्रतिबद्ध वोटर है ही।

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई

## पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले जागेश्वर यादव को पद्मश्री से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने जागेश्वर यादव के जीवन को प्रेरणादायक बताया।

सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि- छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिरहोर के भाई जागेश्वर यादव को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आदिवासी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध आपका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।



जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था। जशपुर जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर काम करने पर उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जागेश्वर यादव ने आदिवासियों को साक्षर करने और शिशु मृत्यु दर कम करने जैसे बड़े काम किए हैं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे से एक युवक की मौत हो गई है। युवक गुरुवार की सुबह अपने घर से ऑफिस जाने के लिए निकला हुआ था। हादसे में घायल युवक को उपचार ले लिए मेकाज ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने से घर में मातम छा गया। परिजनों के रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने बताया कि 5 वी बटालियन क्वाटर नंबर आर 4 में रहने वाला खेमसिंह पटेल पिता लोकनाथ पटेल 37 वर्ष कुम्हारपारा में वन विभाग कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह अपने स्कूटी वाहन को लेकर कुम्हारपारा स्थित वन विभाग कार्यालय जा रहा था। इस दौरान जगदलपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक ने खेमसिंह को चपेट में ले लिया, जिससे युवक को गंभीर चोट आई, उसे लोगों ने बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने दम तोड़ दिया।

## पुलिस ने ओड़िशा के तस्कर को रायपुर रेलवे स्टेशन पर दबोचा

### आरोपी के पास से 2.63 लाख का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने एक बार फिर निजात अभियान के तहत गांजा तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 16.441 किलोग्राम गांजा के साथ ओडिशा के अंतरराज्यीय गांजा तस्कर बृन्दाबन नूरनाका को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत दो लाख 63 हजार रुपये आंकी गई है।

रायपुर में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारोटिक्स टीम को सूचना मिली कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत रायपुर रेलवे स्टेशन नंबर सात पर एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है। गांजा को कहीं ले जाने के फिराक में है। सूचना मिलते ही टीम गठित कर मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम बृन्दावन नूरनाका निवासी रायगढ़ा, ओडिशा का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा पाया गया।

---

*आरोपियों को न्यायालय में पेश किया*

## सूने मकान में धावा बोलकर चोरी करने वाले मामा-भांजे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जगदलपुर में चोरों ने अपनी शौक पूरा करने के लिए सूने मकान पर धावा बोल कर नगदी और सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया। चोरी के पैसे को बांटकर और जेवरात को बेचकर चोरों ने दोस्तों के साथ गोवा में पार्टी करने के लिए फरार हो गए। पुलिस ने उनके आने के बाद बचे पैसों के साथ ही जेवरात खरीदने वाले आरोपी को भी धर दबोचा। साथ ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। बस्तर एसपी सलभ सिन्हा ने बताया कि मामले में कृष्णा सेटटी को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि 28 फरवरी को मामा राहुल सेटटी के साथ बाइक से थाना नगरनार के ग्राम कस्तुरी में एक सूने मकान पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

टॉप नक्सली कमांडर पापाराव के जंगल में होने की सूचना

# पीड़िया के जंगल में सुरक्षाबलों की मुठभेड़, आठ नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पीड़िया के जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में आठ नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। वहीं जंगल मे मौजूद कई बड़े नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। अभी भी रुक-रुक कर दोनों तरफ से मुठभेड़ चल रही है। घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे से लगातार मुठभेड़ जारी है। बड़े नक्सल लीडर्स की मौजूदगी के हिंट पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया है।

बस्तर आईजी और डीआईजी समेत जिले के एसपी ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जवानों को गंगालूर थाना क्षेत्र के पीड़यि इलाके में नक्सलियों के टॉप हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स के जंगल में होने की सूचना मिली थी। नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेडसी, डीवीसीएम व एसीएम कैडर के बड़े नक्सली भी मौजूद हैं।



सूचना के बाद पड़ोसी जिले दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर से एसटीएफ, डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के 1200 जवानों ने साझा अभियान चलाया। जहां जंगल में शुक्रवार की सुबह हुई जबरदस्त मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया।

### 30 अप्रैल को मारे गए थे 10 नक्सली

इससे 10 दिन पहले 30 अप्रैल को नारायणपुर मुठभेड़ में बस्तर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी थी। नक्सलियों और जवानों के बीच करीब 9 घंटे चली मुठभेड़ के बाद जवानों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए नक्सलियों में 3 महिला और 7 पुरुष माओवादी शामिल थे। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 29 अप्रैल को जवान नारायणपुर और कांकेर जिले के बॉर्डर इलाके में सर्चिंग पर निकले हुए थे। रात भर सर्चिंग के बाद 30 अप्रैल की सुबह अबूझमाड़ के टेकामेटा के जंगलों में डीआरजी और एसटीएफ़ के जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया था। इससे पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दावा किया था कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गए हैं। इनमें 3 महिला नक्सली शामिल हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से एक **AK**-47 समेत भारी मात्रा में हथियार मिले हैं।

## पत्नी से परेशान होकर युवक ने लगाई फांसी

**दुर्ग।** भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र कैम्प 2 में रहने वाले सुमित कुमार ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुमित की दो दिन बाद पत्नी से तलाक के लिए कोर्ट में पेशी होनी थी, लेकिन पेशी से पहले ही सुमित ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुमित ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें लिखा है कि पत्नी से परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। फिलहाल छावनी थाना की पुलिस मामले का जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, सुमित की शादी तीन साल पहले हुई थी। सुमित के दो बच्चे भी हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से सुमित का पत्नी के साथ विवाद चल रहा था। जिसके चलते दोनों तलाक लेना चाहते थे। न्यायालय में तलाक की पेशी थी, लेकिन वहां जाने से पहले पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या से पहले मृतक ने सात पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें लिखा है कि वह अपनी पत्नी से विवाद के चलते काफी परेशान था।







सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5507



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5506 का हल



## सूडोकु नवताल- 5518

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5517 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



# ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट...’ दुनियाभर में मचाएगी धमाल

**मुंबई।** डिज्नी का हिस्सा बनने के बाद से फिर से पुनर्जीवित हुई हॉलीवुड की फिल्म फ्रेंचाइजी ‘प्लैनेट ऑफ द एप्स’ की नई फिल्म ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स’ इस शुक्रवार से दुनिया भर में धमाल मचाने जा रही है। फिल्म को लेकर इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों में हिंदी सिनेमा के एक बाद एक फ्लॉप होने के चलते हाल के महीनों में हॉलीवुड फिल्में भारत में अच्छा कारोबार कर रही हैं। ये नई फिल्म ‘किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स’ बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया ओपनिंग लेगी और भारत में कम से कम सौ करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रहेगी।

## लाइफ Style



# आलिया

## काला टीका लगाकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं

फैशन के सबसे चर्चित इवेंट मेट गाला 2024 का आयोजन हो चुका है। दुनियाभर के सितारें इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज को दिखाए। इस बार फिर से आलिया ने इस इवेंट को अटेंड किया। इस बार मेट गाला की फ्लोरल थीम थी, जिसके चलते आलिया भट्ट ने उसी तरह का आउटफिट पहना।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया ने अपने आउटफिट और लुक से सभी को इंप्रेस किया। एक्ट्रेस अपने फ्लोरल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगी रही थीं। इस साल मेट गाला की थीम गार्डन ऑफ टाइम है। आलिया भट्ट ने इवेंट के रेड कार्पेट पर साड़ी पहन अपना जलवा बिखेरा।

आलिया भट्ट ने इस इवेंट के लिए भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यासांची मुखर्जी का तैयार किया हुआ आउटफिट पहना था। उनकी साड़ी इतनी खूबसूरत थी कि हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस साड़ी में आलिया भट्ट भी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। ऐसे में उनकी खूबसूरती को किसी नजर ना लगे इसलिए उन्होंने इसका भी जुगाड़ किया। नजर से बचने के लिए आलिया रेड कार्पेट पर नजर का काला टीका लगाकर पहुंची थी। जी हां, इसका सबूत सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में भी देखने को मिला है।

आलिया की साड़ी में हैंडवर्क हुआ है जिसे फुलों से सजी 23 फुट की ट्रेन के साथ बनाया गया है।उनकी साड़ी में रेशम के फ्लॉस, ग्लास बीडिंग और सेमी प्रीशियस स्टोन्स का यूज किया गया है.

## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के उपन्यास पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं।



# 70 साल से कायम हैं गॉडजिला का जलवा

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म ‘गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर’ 29 मार्च को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का दर्शकों को काफी इंतजार था। गॉडजिला के नाम पर बनी ये 38वीं फिल्म है। इससे पहले 70 सालों से इस नाम पर फिल्में बनती चली आ रही हैं। इस नाम पर बनने वाली फिल्मों का सफर जापान से 1954 में शुरू हुआ था और 70 साल से अब तक चल रहा है। जापान के अलावा अमेरिका भी इस पर फिल्में बना रहा है। ‘गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर’फिल्म देखने और समझने के लिए आपको इसकी पुरानी फिल्में देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेकर्स ने इसे नई कहानी के साथ पेश किया है। फिल्म में कमाल की सिनेमैटोग्राफी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस फिल्म का निर्देशन एडम विंगार्ड ने किया है।



# ‘सिकंदर’ में रश्मिका होंगी लीड एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना, अब बड़े पर्दे पर सलमान खान के साथ ‘सिकंदर’ में नजर आएंगी। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही ‘सिकंदर’ में रश्मिका के आने की खबर ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से कन्फर्म की गई। पहले ‘पुष्पा’ और फिर ‘एनिमल’ की धुआंधार सक्सेस के बाद रश्मिका बहुत डिमांड में हैं। सलमान के साथ फिल्म में आना उनके करियर को अल्टीमेट ऊंचाई पर ले जाएगा। मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से पोस्ट करते हुए लिखा, ‘’सिकंदर’ में सलमान खान के अपोजिट स्टार करने के लिए फैबुलस रश्मिका मंदाना का स्वागत है! ईद 2025 पर इन दोनों का मैजिक स्क्रीन पर अनफोल्ड होगा, जिसे देखने का इंतजार करना बहुत मुश्किल है।



# लुक्स की वजह से नहीं मिली थीं फिल्में

**मुंबई।** कई फिल्म कलाकारों को करियर की शुरुआत में अपने लुक्स की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बाद में अपने अभिनय के दम पर उन्होंने लोगों के मुंह भी बंद कराए है। आज अल्लू अर्जुन की पहचान एक सुपरस्टार के तौर पर हैं, लेकिन वह भी अपने लुक्स की वजह से संघर्ष का सामना कर चुके हैं। इसका खुलासा खुद अल्लू ने ही किया है। हाल ही में, अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘आर्या’ को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए हैदराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लू अर्जुन ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपने लुक की वजह से उन्हें करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म ‘गंगोत्री’ से अपना डेब्यू किया था।

## टीवी मसाला



# फिर उलझी ‘तारक मेहता के सोढ़ी’ की गुत्थी...

**नई दिल्ली।** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में ‘तारक मेहता का उल्टा चश्मा’ से फेमस हुए एक्टर गुरुचरण सिंह को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिला है। जांच के दौरान गुरुचरण के दस से ज्यादा फाइनेंसियल अकाउंट मिले हैं। इतना ही नहीं, उनके एक से ज्यादा जीमेल अकाउंट होने का भी पता चला है। घरवाले 22 अप्रैल से अपने बेटे की राह देख रहे हैं। गुरुचरण की खोज में परिवार, दोस्त और पुलिस सभी लगे हैं। करीबी लोगों और डिजिटल जांच के बाद पुलिस को मिले तथ्यों से चला पता है कि गुरुचरण का धर्म की तरफ झुकाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक खास दोस्त से पहाड़ की तरफ जाने की इच्छा जाहिर की थी। आखिरी सीसीटीवी फुटेज में वो ई-रिक्शा के बाद पैदल जाते दिखे थे। गुरुचरण को 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचना था, जिसने उन्हें रिसीव करना था उसे भी मिसलीड किया गया। आखिरी बार गुरुचरण ने 14 हजार रुपए एटीएम से निकाले थे, उसके बाद की उन्हें लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## शिल्पा ने खत्म की 2 साल पुरानी लड़ाई



नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे कभी टीवी की हाई प्रोफाइल वाली एक्ट्रेस थीं। उन्होंने ‘चिड़िया घर’, ‘भाभी जी घर पर हैं’ से ‘बिग बॉस 11’ जैसे रियलिटी शो के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हर शो में दर्शकों ने उन्हें खूब प्यार दिया हैं। हालांकि इसके बावजूद वह अपने बयानों को लेकर खबरों में रही हैं। वह लंबे वक्त से टीवी शो से दूर रही हैं। आखिरी बार टीवी पर उन्हें ‘झलक दिखला जा 10’ में देखा गया था। इस शो में भी उनका मेकर्स संग पंगा होने के बाद उन्होंने इस शो को छोड़ दिया था। अब लंबे वक्त के बाद खबरें हैं कि वह ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ का हिस्सा बनेंगीं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, कलर्स पर आने वाला खतरानक स्टंट से भरपूर शो ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपनी जगह बना चुकी हैं। शो में उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है।रिपोर्ट के अनुसार, शो के लिए खुद कर्लस चैनल ने शिल्पा को अप्रोच किया है। हालांकि इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि शिल्पा के नाम की अटकलें काफी तेज हो गई हैं। ‘खतरों के खिलाड़ी 14’ में शिल्पा का नाम जुड़ने से दर्शकों के बीच थोड़ी हलचल मच गई है।

# अहंकार के कारण कई अच्छी फिल्में छोड़ दी थीं अमोल पालेकर ने...

*__मुंबई।__ जिस दौर में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का बॉलीवुड में कब्जा हुआ करता था, तब अमोल पालेकर ने अपनी अदाकारी से चुपचाप, लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। एक दौर तो वो भी आया, जब ये कहा जाना लगा कि सिर्फ विनोद खन्ना ही नहीं ये एक्टर बिग बी और काका के स्टारडम को टक्कर दे सकता है। बॉलीवुड का वो एक्टर, जो ऑफबीट फिल्मों के स्टार रहे। अपने शांत और सहज अभिनय से लोगों का मन मोहते रहे। उनके बोलने का स्टाइल, कॉमेडी करने का ढंग और इमोशनल कर देने का अंदाज ऐसा कि दर्शकों की आंखों में आंसू आ जाएं। अपने इस निराले अंदाज के कारण उन्हें ‘सिचुवेशनल कॉमेडी किंग’ कहा जाता था।*



*बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे खो गए, जिन्होंने कभी अपने अभिनय से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि, वक्त की रफ्तार में उनका करियर काफी बदल गया। कुछ ऐसा ही हाल 70-80 के दशक के मशहूर एक्टर अमोल पालेकर का रहा है। बेहद शांत दिखाई देने वाले इस स्टार के अंदर बहुत घमंड था। इस बारे में उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें कई अच्छी फिल्में मिली, लेकिन कुछ को उन्होंने अपने घमंड के कारण छोड़ दिया था।*

*मुंबई में जन्मे अमोल ने अभिनय में कदम रखने से पहले थिएटर में अपनी किस्मत आजमाई थी। 1970 के दशक में अपने सरल अभिनय के द्वारा प्रमुखता से उभरने लगे। 70-80 के दशक में उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की, जिसमें शर्मिला टैगोर, रेखा, परवीन बॉबी, शबाना आजमी, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेंद्र, राज बब्बर संजीव कुमार संग स्क्रीन शेयर की।*

*अमोल हिंदी के साथ ही साथ मराठी सिनेमा में भी फेमस रहे। हालांकि, एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें फिल्में कम मिलने लगी और धीरे-धीरे एक्टिंग से दूर जाने लगे। अपनी फिल्मी करियर की जर्नी को लेकर अमोल ने बताया था कि ऐसा नहीं था वह फिल्में नहीं करना चाहते थे, लेकिन वह किसी से फिल्म मांगना नहीं चाहते थे।*

# ओटीटी पर रिलीज होगी ‘हेड्स ऑफ स्टेट’



*__मुंबई।__ अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म ‘हेड्स ऑफ स्टेट’ को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं। प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथा साझा किया है। इसमें मालती भी हैं। मेकअप से लेकर वर्कआउट तक में मालती अपनी मां के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में बेटी को गोद में लिए हुए वर्कआउट करती प्रियंका को देखकर फैंस उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री सुपर फिट और बेहद खूबसूरत लग रही है।*

## गुप्त फिल्म के लिए काजोल को मिला था बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड

# सीरियल किलर के रोल में कई हसीनाओं ने दिखाए रौद्र रूप

*__मुंबई।__ सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं, बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।*



**उर्मिला मातोंडकर :** बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म ‘कौन’ में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।



**प्रियंका चोपड़ा :** 18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म ‘7 खून माफ’ में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह , जॉन अब्राहम , नील नितिन मुकेश , इरफान खान, अलेक्जेंडर डायचेंको , अन्नू कपूर , नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।



**तब्बू :** फिल्म ‘हैदर’ में तब्बू का अब तक का सबसे खतरनाक रोन माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में ‘हैदर’ रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर , तब्बू , के के मेनन , श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।



**काजोल :** फिल्म ‘गुप्त’ में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म ‘गुप्त’ सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।



**अनीता हसनंदानी :** फिल्म ‘कुछ तो है’ में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी।

# 'इंपैक्ट प्लेयर नियम' आईपीएल 2025 से होगा आउट ! शाह बोले- पुनर्विचार संभव

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे।

## प्रयोग के तौर पर लागू यह स्थायी नियम नहीं

*शाह ने यहां बीसीसीआई कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा, 'इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू*



*किया गया था। वैसे इससे दो भारतीय खिलाड़ियों को खेलने का अतिरिक्त मौका मिल रहा है। क्या यह महत्वपूर्ण नहीं है। खेल भी और प्रतिस्पर्धी हो रहा है। खिलाड़ियों को लगता है कि यह सही नहीं है तो हम इस पर बात करेंगे। अभी तक किसी ने ऐसा कुछ कहा नहीं है। आईपीएल और विश्व कप के बाद बैठक में तय किया जाएगा। विश्व कप के बाद हम खिलाड़ियों, टीमों और प्रसारकों से मिलकर भविष्य के बारे में फैसला लेंगे। यह स्थायी नियम नहीं है और मैं यह भी नहीं कह रहा कि हम इसे खत्म कर देंगे।'*



## भारतीय खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं

*शाह ने यह भी कहा कि टी20 विश्व कप खेलने जा रहे भारतीय आईपीएल खिलाड़ियों को आराम की जरूरत नहीं है क्योंकि प्रतिस्पर्धा ही सर्वश्रेष्ठ तैयारी होती है। उन्होंने कहा, 'आराम की क्या जरूरत है। यह अभ्यास सत्र की तरह ही है। इससे बेहतर तैयारी क्या हो सकती है। आपके सामने बेहतरीन टीम है जिसमें एक गेंदबाज न्यूजीलैंड का, एक आस्ट्रेलिया का, एक श्रीलंका का है। अगर हम एक गेंदबाज को आराम देते हैं तो उसे ट्रेविस हेड को गेंदबाजी का मौका नहीं मिलेगा। जब जसप्रीत बुमराह उसे गेंदबाजी करेगा तो ही समझ में आएगा कि उसे कैसे गेंद डालनी है।'*

## इम्पैक्ट प्लेयर रूल क्या है?

*बता दें कि आईपीएल 2023 में 'इम्पैक्ट प्लेयर रूल' आया था, लेकिन उससे पूर्व यह नियम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 में लागू हुआ था। इस नियम के तहत कोई भी टीम एक इम्पैक्ट प्लेयर को अपनी टीम में परिस्थिति के अनुसार शामिल करती है। आईपीएल में 'इम्पैक्ट प्लेयर रूल' के मुताबिक दोनों ही टीमों को प्लेइंग इलेवन के अलावा 5-5 सब्स्टीट्यूट प्लेयर का नाम देना होता है। इन्हीं पांच में किसी एक को इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान में उतारा जाता है। इम्पैक्ट प्लेयर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही करता है। इम्पैक्ट प्लेयर के खेल में आने के बाद जो खिलाड़ी बाहर जाता है। उसका उपयोग पूरे मैच में नहीं किया जाता है।*

## ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

*बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था।*



*बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| बेंगलोर | 12 | 5 | 7 | 10 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
634 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




हर्षल पटेल
20 विकेट
पंजाब

बाउंड्री मीटर

1815 चौके

1038 छक्के

### खबर संक्षेप



#### सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम

**लंदन।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मैं सत्र के अंत में अपना करियर समाप्त करने वाला हूं।' उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में अपना एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे।

#### ओलंपिक चयन के लिए ट्रायल आज से


**भोपाल।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37



पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिए टीम चुन सके।

#### चीनियों को हराने बेहतर रणनीति की जरूरत

**नई दिल्ली।** विश्व टेबल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बनने वाली



मनिका बत्रा ने कहा कि विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों को लगातार हराने के लिए उन्हें रणनीति और फिटनेस के मोर्चे पर बेहतर होना होगा। सउदी अरब में खेले गए ग्रैंड स्मैश के क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मनिका ने दूसरे दौर में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग मान्यु को शिकस्त दी थी।

### आईपीएल : मैच का प्रसारण आज स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

# नाइट राइडर्स की नजरें प्लेऑफ का टिकट कटाने पर, प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी इंडियंस

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा। दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है।

शाहरुख खान की टीम अपने गढ़ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरुआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरुआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।





#### टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्ती, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), नेहल वढेरा और ल्यूक वुड।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।

#### नारायण ने अब तक ठोके 32 छक्के

नारायण अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं और अभिषेक शर्मा (35) के बाद दूसरे स्थान पर है। अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके नारायण ने 183.66 की स्ट्राइक रेट से 461 रन बना लिए हैं। वहीं इंग्लैंड के साल्ट ने 183.33 की स्ट्राइक रेट से 429 रन बनाए हैं। इन दोनों के शानदार फॉर्म के कारण आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे फिनिशरों को ज्यादा मौके नहीं मिले। इन दोनों की बल्लेबाजी ने गेंदबाजों खासकर मिचेल स्टार्क के खराब फॉर्म की भी भरपाई कर दी है। तीसरे नंबर पर युवा अंगकृष रघुवंशी ने अपनी उपयोगिता साबित की है।

#### फार्म में लौटे सूर्या, हिटमैन रोहित कर रहे निराश

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। सूर्यकुमार यादव ने पिछले दो मैचों में 56 और नाबाद 102 रन बनाए हैं जो टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी। भारतीय कप्तान रोहित पिछले पांच मैचों में से चार में दोहरे अंक तक तक भी नहीं पहुंच सके।

खास खबर

## टीम में जगह नहीं मिलने के बाद मुनरो ने लिया संन्यास




एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के शीर्षक्रम के बल्लेबाज कोलिन मुनरो ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। मुनरो ने न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 57 वनडे और 65 टी20 मैच खेलकर 3010 रन बनाए हैं। टी20 क्रिकेट में उनका औसत 156.44 रहा।

वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने सभी टी20 स्पर्धाओं में मिलकर 10000 से अधिक रन बनाए हैं। उन्होंने 428 टी20 मैचों में 10961 रन बनाए हैं जिनमें उनका स्ट्राइक रेट 141.25 रहा। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए आखिरी मैच 2020 में भारत के खिलाफ टी20 खेला था। मुनरो ने एक बयान में कहा, 'न्यूजीलैंड के लिए खेलना मेरी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से रहा। मैंने 123 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिस पर मुझे गर्व है। मैने लंबे समय से नहीं खेला है लेकिन मुझे वापसी की उम्मीद बनी हुई थी। अब न्यूजीलैंड की टी20 विश्व कप टीम के ऐलान के बाद मेरे लिए विदा लेने का सही समय है।' वह दुनिया भर में टी20 लीग खेलते रहेंगे।

### विराट की 'पुराने अंदाज वाली' पारी की तारीफ

**धर्मशाला।** कैमरन ग्रीन ने पुराने अंदाज वाली बेहतरीन पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बनाए रखने के लिए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ की है । कोहली ने तीन जीवनदान का पूरा फायदा



उठाते हुए 47 गेंद में 92 रन बनाए जिसकी मदद से आरसीबी ने पंजाब किंग्स को करो या मरो के मुकाबले में 60 रन से हराया। ग्रीन ने कहा, 'उसने अपने पुराने अंदाज वाली पारी खेली जिस विराट को हम जानते हैं। दूसरे छोर से उसे देखने में बहुत मजा आया।'

## पंत की चोट, रोहित की फॉर्म से बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेटर्स इस समय इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में व्यस्त हैं। इसके बाद भारतीय टीम को जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलना है। यह टूर्नामेंट 1 जून से लेकर 29 जून तक खेला जाएगा। इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं। इसका बड़ा कारण वर्कलोड मैनेजमेंट है। दरअसल, आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को खेला जाएगा। जबकि ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला 19 मई को होगा।

ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों के लिए वर्ल्ड कप से पहले आराम के लिए ज्यादा समय नहीं रहेगा। आईपीएल के बाद कुछ दिन आराम जरूर करेंगे, लेकिन उसके बाद अमेरिका के लिए यात्रा करना होगा। उसके बाद वहां प्रैक्टिस में भी जुटना होगा। ऐसे में भारतीय टीम को चोट और खराब फॉर्म जैसी कई समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। इसमें सबसे बड़ी टेंशन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और कप्तान रोहित शर्मा के अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव को लेकर है।

#### पंत को नही मिला आराम

*पंत का 30 दिसंबर 2022 को कार एक्सीडेंट हुए था। इसके बाद उन्होंने सीधे इसी आईपीएल 2024 सीजन में वापसी की है। अब यदि उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिला तो शायद उन्हें दिक्कत हो सकती है। ऐसे में लगातार मैच उनके लिए रिस्क हो सकते हैं। हालांकि वर्ल्ड कप की भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन भी हैं। मगर पंत पहली पसंद ही रहेंगे।*

#### रोहित की फॉर्म हुई खराब

दूसरी ओर कप्तान रोहित शर्मा हैं, जिनका फॉर्म एकदम गड़बड़ा गया है। रोहित ने पिछले 5 मैचों में महज 33 रन बनाए हैं, जो वर्ल्ड कप से ठीक पहले भारतीय टीम के लिए चिंता का सबब बन गया है। देखने वाली बात ये भी है कि रोहित हर बार कैच आउट हुए हैं। यानी उनकी सक्सि हिटिंग की काबिलियत इन 5 मैचों में संदेह में दखिती है। इस दौरान रोहित का औसत भी 6.60 का रहा है। यदि रोहित के शुरुआती 7 मैचों के प्रदर्शन देखा जाए तो उनका औसत 49.5 का रहा था। इस दौरान उन्होंने एक ताबड़तोड़ शतक भी लगाया था। मगर अब लगता है कि उन्हें लंबे ब्रेक की जरूरत है।

### सेंथिल, रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुआई करेंगी।



चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

## गोयनका पर भड़के शमी, कहा यह बात करने का तरीका नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है।

शमी ने 'क्रिकबज लाइव' पर कहा, 'करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। यह ध्यान रखना चाहिये कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। ऐसा नहीं है कि आप अचानक बात कर रहे हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं। आप ड्रेसिंग रूम या टीम होटल में ऐसा कर सकते थे। मैदान पर करना जरूरी नहीं था। ऐसी प्रतिक्रिया दे के कोई लाल किले पे झंडा तो नहीं गाड़ दिया आपने।'



### मुंबई के कोच बने रहेंगे ओंकार साल्वी संजय मुख्य चयनकर्ता

**मुंबई।** ओंकार साल्वी रणजी ट्रॉफी विजेता मुंबई टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे जबकि संजय पाटिल को राजू कुलकर्णी की जगह चयन समिति का नया प्रमुख चुना गया है। कुलकर्णी अब मुंबई क्रिकेट संघ की क्रिकेट सुधार समिति के प्रमुख होंगे। एमसीए ने 2024-25 के लिए एक घोषणा में कहा कि पाटिल सीनियर पुरुष अंडर 23 चयन समिति के प्रमुख होंगे जिसमें रवि ठाकेर, जीतेंद्र ठाकरे, किरण पवार और विक्रांत येलिगाति भी शामिल होंगे। मुंबई और बड़ौदा के पूर्व क्रिकेटर राजेश पवार अंडर 23 पुरुष टीम के मुख्य कोच होंगे। दिनेश लाड पुरूषों की अंडर 19 टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि दीपक जाधव अंडर 19 चयन समिति के प्रमुख होंगे।

### विराट ने 12 आईपीएल मैच में बनाए हैं 634 रन

## कोहली टी20 विश्व कप में करें पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा, 'विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।'





**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना संख्या DY-CE-C-KURJ-01-2024 दिनांक 08/05/2024**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं। **निविदा सं.**-DY-CE-C-KURJ-01- 2024, **कार्य का नाम लोकशन सहित**-कन्स्ट्रक्शन ऑफ अर्थ वर्क, माइनर एंड मेजर ब्रिज एंड अदर एन्सिलरी वर्क्स बेटवीन चैनेज 120000.00 टू चैनेज 125000.00 एंड चैनेज 126750.00 टू 130000.00 (टोटल 8.25 किमी लेन्थ) इन पन्ना-खजुराहो सेक्शन इन कनेक्शन विथ ललितपुर-सिंगरौली न्यू बीजी लाईन प्रोजेक्ट। **निविदा का अनुमानित कीमत (लाखों में)**-8693.84 लाख, **बयाना राशि रुपए**-44,96,900.00, **निविदा खुलने की तिथि**-31.05.2024, **कार्य समापन अवधि (माह)**-15 माह। ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता / निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल / खजुराहो के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है । ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोइ शुध्दिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।

**उपमुख्य अभियंता/ निर्माण**
**पश्चिम मध्य रेल/खजुराहो**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर




### वसूली बढ़ाने विद्युत विभाग ने खोजा नया तरीका

# कम बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं की बन रही लिस्ट

**जबलपुर।** बढ़ा हुआ बिल आने पर कार्यवाही करने और दोबारा रीडिंग करने में बिजली अमला भले ही महीनों लगा दे। लेकिन कम बिल आने पर विद्युत उपभोव्ताओं को चिन्हित किया जा रहा है। गर्मी में कमाई का जरिये बढ़ाने के लिये विद्युत विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने नई तरकीब निकाली है। अब पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी हर संभाग में ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर रहे हैं, जिनकी खपत इस भीषण गर्मी में भी कम है, ताकि उनकी फिर से रीडिंग कराई जा सके। इसके लिये बकायदा जिम्मेदारी सौंप कर ऐसे उपभोक्ताओं को शार्ट लिस्ट करने का काम किया जा रहा है। जिनका बिल गर्मी में उनके औसत बिल से कम आ रहा है। इन घरों की रीडिंग फिर से की जाएगी।



आवश्यकता होने पर उनकी जांच भी कराई जाएगी। हालांकि विद्युत कर्मचारी इसे चोरी रोकने की कार्यवाही बता रहे हैं। लेकिन आमजन का कहना है कि यह वसूली की नई तरह की कार्यवाही है।

#### शेडय़ूल हो गया गड़बड़

स्मार्ट मीटर की दर्जनों समस्याओं में एक यह भी है कि बिलिंग शेडय़ूल बिगड़ गया है। शहर के पांचों संभागों में जहां-जहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं, वहां बिलिंग का शेडय़ूल बुरी तरह लड़खड़ा गया है। आलम यह है कि कुछ क्षेत्रों में 40-40 दिन बीतने के बाद भी बिल नहीं आ रहे हैं। जिससे उपभोव्ताओं को चिंता सता रही है। कुछ उपभोक्ता को बिलिंग लेट होने पर कार्यालयों के चक्कर भी काट रहे हैं।

#### खेत-खेत हो रही जांच

वहीं दूसरी तरफ विभागीय अमला गांव गांव घूम रहा है। विशेषकर खेतों में सप्लाई हो रही बिजली की जांच की जा रही है। इसी क्रम में डीई नवनीत राठौर ने ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहपुरा, कटंगी, बेलखेड़ा, में अवैध रुप से चलाए जा रहे पंपों के 65 से 70 स्टार्टर जब्त किए और मौके पर ही 24 अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए। डीई ने बताया कि अवैध रुप से पंप चलाए जाने पर कार्रवाई निश्चित है, इसलिए बेहतर यही है कि किसान अस्थाई कनेक्शन लेकर सिंचाई कार्य करें। उन्होंने बताया कि यह मुहिम निरंतर चलाई जाएगी।

### समझौता योग्य प्रकरण लोक अदालत में रखे जायेंगे


# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**जबलपुर।** समाज के सभी वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक अवस्थी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत से किसी भी प्रकरण के निराकरण से प्रकरण पूर्णता को प्राप्त होता है तथा उसकी कोई अपील नहीं होती इसके साथ ही यदि उस प्रकरण में कोई कोर्ट फीस दी गयी है वह भी पूरी वापस होती हैं। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज की स्थिति में जबलपुर जिले में सिहोरा एवं पाटन न्यायालयों को सम्मिलित करते हुए कुल 147144 प्रकरण लंबित है जिनमें से 41425 सिविल प्रकृति के तथा 105719 आपराधिक प्रकृति के है। इन कुल लंबित प्रकरणों में से 7279 प्रकरण चिन्हित कर 11 मई 2024 को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए रैफर किया गया है। इन रैफर्ड प्रकरणों में से समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत चैक बाउंस के प्रकरण, मोटर दुर्घटना तथा व्यवहारिक प्रकरण शामिल है। इसी प्रकार जो प्रकरण विवाद के रूप में है किंतु अभी न्यायालय तक नहीं पहुंचे है जिन्हें प्रिलिटिगेशन के नाम से जाना जाता है ऐसे प्रकरण भी चिन्हित कर नेशनल लोक अदालत के लिए रैफर किया गया है जिसमें बिजली विभाग के अंतर्गत बिजली चोरी के समझौता योग्य प्रकरण, नगर पालिका के अंतर्गत जलकर एवं संपत्ति कर प्रकरण तथा बैंक एवं फाइनेंस कंपनी के रिकवरी प्रकरण के साथ बीएसएनएल के दूरभाष देयक आदि शामिल है। मोटर दुर्घटना के प्रकरणों का जिक्र करते हुए श्री अवस्थी ने कहा कि लोक अदालत से यदि किसी मोटर दुर्घटना दावा का निराकरण होता है तो पीड़ित पक्ष को यथाशीघ्र दावा राशि प्राप्त हो जाती है तथा पीड़ित परिवार को सहायता के साथ-साथ उसके अन्य आवश्यक कार्य पूरे हो जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि न्याय की पहुंच सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने में मीडिया अहम भूमिका निभाता हैं।

### राज्य ओपन बोर्ड ने जारी की 10वीं व 12वीं की समय-सारिणी

# 10वीं की परीक्षाएं 21 से 12वीं की 20 मई से

**जबलपुर।** मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं-12वीं परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दिया है। इसके तहत 10वीं की परीक्षा 21 मई से शुरू होगी और छह जून तक चलेगी। इसी तरह 12वीं की परीक्षा 20 मई से सात जून तक होंगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगा। परीक्षार्थियों को आधा घंटा पहले रिपोर्टिंग करनी होगी। दोपहर 1.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं 12वीं की परीक्षा सुबह आठ से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 बजे रिपोर्टिंग करनी होगी। परीक्षा शुरू



होने के 10 मिनट पहले उत्तर पुस्तिका और पांच मिनट पहले प्रश्नपत्र दिए जाएंगे।10वीं की परीक्षा में एक मार्च 2023 से सितंबर 2023 तक सामान्य योजना के तहत संपूर्ण परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले नए विद्यार्थी और एक अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक आवेदन करने वाले क्रेडिट एवं शेष अन्य योजना के विद्यार्थी ही शामिल हो सकेंगे।

वहीं राज्य ओपन बोर्ड ने रुक जाना नहीं योजना के तहत होने वाली परीक्षा की समय-सारिणी भी जारी कर दिया है। इसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिम) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में फेल विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। 10 वीं की परीक्षा 21 से 31 मई तक होगी। वहीं 12वीं की परीक्षा सुबह 20 मई से सात जून तक होगी। समय सुबह दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। ओपन बोर्ड ने अपने आफिशियल वेबसाइट पर समय-सारिणी अपलोड कर दिया है।

### तेज हवाओं के बीच वर्षा की संभावना

# गर्मी, बारिश और हवा के गठजोड़ का जोर

**जबलपुर।** गर्मी, बारिश और हवा के गठजोड़ से मौसम के मिजाज बदल गये हैं। दिनभर मौसम खुला रहता है और शाम को अचानक बादल छाने लगते हैं हल्की बूंदाबांदी भी होने लगती है जिससे मौसम के मिजाज बदल जाते हैं। उमस भरी गर्मी परेशान करने लगती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे।



#### पड़ोसी जिलों में तेज बारिश

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से राजस्थान के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है और हवा में नमी बन गई है इससे स्थानीय स्तर पर जहां बादल बनते हैं वहां बंदाबांदी हो जाती है। कल रात शहर में जहां बूंदाबांदी हुई वहीं पड़ोसी जिले कटनी, सिवनी, मंडला में तेज बारिश हुई। शुक्रवार को भी आंधी-पानी की स्थिति बनी रही और रात को बूंदाबांदी हुई जिससे पारा 39 डिग्री पर पहुंच गया।

#### तेज हवायें चलेंगी

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हुई बारिश के बाद पश्चिमी-विक्षोभ ने मध्यप्रदेश को अपने घेरे में ले लिया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश में वायुमण्डल पर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 51 प्रतिशत और सायंकाल 25 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.8 और न्यूनतम तापमान 21.0 दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 44.2 डिग्री तापमान दतिया जिले में दर्ज किया गया। दक्षिणी हवाएं 6 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर तड़ित झंझावत के साथ तेज हवाएं चलने और हल्की वर्षा की संभावना है।

### *सीयूईटी यूजी परीक्षा को लेकर एनटीए ने जारी की गाइडलाइन*

# ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होगी परीक्षा

**जबलपुर।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में अंडर ग्रेजुएशन और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में प्रवेश को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 15 मई से परीक्षा रखी है। एजेंसी ने परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है, जिसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पद्धति से विद्यार्थियों को परीक्षा देना होगी। अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी पहली बार दो अलग-अलग से पद्धति से परीक्षा करवा रहा है। भाषा और सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। जबकि विषय संबंधित प्रश्न पत्र ओएमआर शीट पर करवाई जाएगी। हालांकि एनटीए ने गाइडलाइन भी विद्यार्थियों को जारी की है। 15 से 24 मई के बीच होने वाली सीयूईटी यूजी की परीक्षा में 13 लाख 80 हजार विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

एनटीए ने यूजी-इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 63 टेस्ट पेपर रखे है, जिसमें 33 भाषाई, 27 संबंधित विषय और 1 सामान्य ज्ञान पेपर शामिल है। ये पेपर 45 और 60 मिनट समयवाधि के पेपर होंगे। 33 भाषाई की कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। केमिस्ट्री, फिजिक्स, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, अकाउंट सहित अन्य विषय संबंधित पेपर ओएमआर शीट पर रखे है। सीयूईटी समन्वयक डा. कन्हैया आहूजा का कहना है कि एजेंसी ने परीक्षा घोषित होते समय ही विद्यार्थियों को दोनों पद्धति से प्रश्न पत्र रखने के बारे में जानकारी दी थी। वे कहते है कि दो अलग-अलग प्रारूप से परीक्षा होने के चलते रिजल्ट में थोड़ा समय लगेगा।

#### डेढ़ घंटे पहले पहुंचे केंद्र

एनटीए ने परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को लेकर कुछ दिशा-निर्देश जारी किए है। जहां छात्र-छात्राओं को पेपर शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले केंद्र पहुंचने पर जोर दिया है। एडमिट कार्ड के अलावा अन्य फोटो पहचान पत्र बताना होगा। एजेंसी ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा शुरू होने के बाद विद्यार्थी केंद्र पहुंचते है और ट्रैफिक जाम, बस-ट्रेन लेट होने जैसी वजह बताते है तो वे परीक्षा में बैठ नहीं सकते।

#### पंजीयन शुल्क 1500 रुपये

सीयूईटी पीजी की काउंसलिंग को लेकर अगले सप्ताह से प्रक्रिया शुरू होगी। विद्यार्थियों की मेरिट और रैंक बनने के बाद पंजीयन होंगे। इसके लिए विद्यार्थियों को 1500 रुपये शुल्क देना होगा। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को काउंसलिंग में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। 15 मई से 8 जून के बीच आवेदन बुलवाए है। 10 जून से काउंसलिंग का पहले चरण रखा गया है।

### 75 हजार से अधिक यात्रियों पर जुर्माना

# जबलपुर रेल मंडल का सघन टिकिट जांच अभियान जारी

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाडियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत अप्रैल माह में मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 5.76 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है जो पिछले माह की तुलना में 3.59 करोड़ रुपए से 60.51 प्रतिशत अधिक है।

पश्चिम मध्य रेल की कुशल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश एवं मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशन पर जबलपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक विश्व रंजन के नेतृत्व में डी.सी.एम. नितेश कुमार सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश कुमार नायक एवं गुन्नार सिंह की टीम द्वारा अप्रैल 2024 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई।

जाँच के दौरान अप्रैल माह में बिना टिकट यात्रा के 37 हजार से अधिक मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 3.52 करोड़ वसूल किया गया। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 37 हजार से अधिक यात्री पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 2.24 करोड़ वसूल किया गया । इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 278 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 44 हजार से अधिक वसूला गया।

इस प्रकार दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट/अनियमित टिकट एवं बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करने के पकड़े गए कुल 75 हजार 842 मामले से रेलवे को रुपये 5.76 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई।

# 15 दिन बाद भी खजरी ब्लास्ट बना रहस्य

**जबलपुर।** खजरी खिरिया में शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने में ब्लॉस्ट को 15 दिन गुजर चुके है। इन 15 दिनों में न तो शमीम का पता चला है और न उन लोगों का पता चला है जो इस ब्लॉस्ट के बाद लापता हुये। 15 दिन बाद भी किसी को नहीं पता कि खजरी ब्लॉस्ट में कितने लोग मरे हैं। ब्लास्ट साईट से मिले मानव अंगों के टुकड़े किसके थे। क्या खलील सच में मर चुका है, भोला मरा है या शमीम ने उसे कहीं छिपा दिया है। ब्लास्ट गंभीर लापरवाही के नतीजे में हुई बड़ी दुर्घटना था, या फिर ब्लास्ट साजिश के तहत हुआ था। आज 15 दिन इनमें से किसी सवाल का कोई जवाब किसी के पास नहीं है। गौरतलब है कि खजरी-खिरिया स्थित रजा मेटल में हुए ब्लॉस्ट के बाद लापता 2 लोगों की तलाश आज भी जारी है। वहीं साईट से मिले मानव अंगों को डीएनए के लिये सुरक्षित रखा गया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद भी आज तक लापता भोलाराम भूमिया 48 साल निवासी गौर सिमरिया थाना बरेला का पता नहीं चल सका है। वहीं डीएनए रिपोर्ट के आधार पर एक मजदूर खलील की पहचान की जा चुकी है। लेकिन अन्य दो लापता लोगों की तलाश जारी है। वहीं जो दूसरा मानव अंग ब्लास्ट साईट से मिला था वो किसका है, यह भी रहस्य है।

**लापता लोगों को ढूंढने फिर खोली जाएगी ब्लास्ट साईट**

#### घटना पर फिर होगी तलाश

घटना स्थल की एनएसजी, एनडीआरएफ और एसआईटी द्वारा कई जगह गहन जांच की जा चुकी है। वहीं वहां से मिले साक्ष्यों को फारेंसिक जांच के लिये भेजा गया है। वहीं अब मलबे से अब किसी तरह के कोई नये साक्ष्य या अन्य आवश्यक अवशेष मिलने की संभावना बेहद कम है। हालांकि बताया जा रहा है कि एसआईटी एक बार फिर अब लापता लोगों से जुड़े साक्ष्यों को बटोरने के लिये घटना स्थल जाएगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240